रांची, बुधवार | वर्ष-26, अंक- 88, पृष्ठ-12 | वैशाख शुक्ल पक्ष 03, संवत 2082 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

30 अप्रैल 2025

₹3.00

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

श्रीं ह्रीं श्रीं कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद ॐ श्रीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्मयै नमः॥

अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं

## हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड की टीम का स्पेन-स्वीडन दौरा संपन्न



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गोटेबोर्ग एबी (यूरोपीय उद्यमशीलता क्षेत्र 2020) में अंतरराष्ट्रीय संबंध और प्रतिनिधिमंडल की मिस कैटरीना क्लास और #ईवीएस38 के आयोजक द्वारा रणनीतिक सहयोग और संभावनाओं का पता लगाने के लिए आमंत्रित किया गया। मुख्यमंत्री सोरेन का स्वागत करतीं मिस कैटरीना।

# मुख्यमंत्री आज लौटेंगे, निवेश के कई प्रस्तावों पर बनी है सहमति

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** राज्य में विदेशी निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का स्पेन और स्वीडन का नौ दिवसीय दौरा मंगलवार को संपन्न हो गया। उनके साथ इस दौरे पर गई अधिकारियों की एक टीम रांची लौट आई, जबकि मुख्यमंत्री 30 अप्रैल को लौटेंगे।

मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, इस विदेशी उद्यमियों और राजनयिकों के साथ हुई अलग-अलग बैठकों में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, स्वच्छ ऊर्जा, खेल, और आधारभूत संरचना के क्षेत्रों में निवेश के प्रस्तावों पर सकारात्मक सहमति बनी है। आने वाले महीनों में विदेशी उद्यमियों और कंपनियों के सहयोग से राज्य में कई परियोजनाओं को धरातल पर उतारने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाने की उम्मीद है। स्वीडन के गोथेनबर्ग में भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सोरेन ने 50 से अधिक उद्योगपतियों को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने झारखंड में विनिर्माण, खनन, स्वच्छ ऊर्जा, और शहरी विकास के क्षेत्र में संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने स्वीडन में वॉल्वो ट्रक एक्सपीरियंस सेंटर का भी दौरा किया, जहां वे इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और सड़क सुरक्षा में नवीनतम नवाचारों से अवगत हुए। उन्होंने अधिकारियों से झारखंड में ट्रक निर्माण इकाई स्थापित करने पर बात की। खनन कार्यों के लिए ट्रकों की आवश्यकता पर चर्चा हुई। बताया गया है कि वॉल्वो ने झारखंड की जरूरतों के अनुसार ट्रक बनाने में रुचि दिखाई। मुख्यमंत्री ने स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी नोवार्गी के प्रतिनिधियों से मुलाकात की और झारखंड में स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं पर संभावित सहयोग पर चर्चा की। स्पेन दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सोरेन ने टेस्ला ग्रुप के प्रतिनिधियों से मुलाकात की, जिन्होंने झारखंड में एक गीगाफैक्टरी स्थापित करने का प्रस्ताव दिया। यह गीगाफैक्टरी वाणिज्यिक और औद्योगिक बैटरी उत्पादों पर केंद्रित होगी।

इसके अलावा, उन्होंने फाइरा डी बार्सिलोना के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए, जिसमें रांची में एक मेगा कन्वेंशन और ट्रेड एग्जीबिशन सेंटर विकसित करने की योजना है। मुख्यमंत्री ने एफसी बार्सिलोना की उपाध्यक्ष एलेना फोर्ट से भी मुलाकात की, जिसमें झारखंड में खेल विकास, कोचों के प्रशिक्षण कार्यक्रम और अन्य सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा हुई।

**रांची में मेगा कन्वेंशन और ट्रेड एग्जीबिशन सेंटर विकसित करने के लिए एमओयू**

## पाकिस्तान पर भारत उठा सकता है और सख्त कदम

# भारतीय हवाई क्षेत्र और समुद्री मार्ग किया जा सकता है बंद

- उच्च स्तरीय बैठकें जारी जल्द ही लिया जा सकता है अंतिम निर्णय

**उदय चंद्र सिंह**

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। इस बीच भारत सरकार ने पाकिस्तानी विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद करने और पाकिस्तानी जहाजों के भारतीय बंदरगाहों पर प्रवेश पर रोक लगाने जैसे सख्त कदमों पर गंभीरता से विचार शुरू कर दिया है। संभावित फैसलों से पाकिस्तान के हवाई और समुद्री व्यापार पर बड़ा असर पड़ सकता है।

सूत्रों के अनुसार, भारत पाकिस्तान के जहाजों के भारतीय बंदरगाहों पर प्रवेश पर भी प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहा है। यदि ऐसा होता है तो पाकिस्तान के समुद्री व्यापार को भी भारी झटका लग सकता है। ज्ञात हो कि 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले में 26 पर्यटक शहीद हुए थे। इस हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कड़े कदम उठाने का मन बनाया है। इसे देखते हुए पाकिस्तान ने तुरंत अपनी हवाई सीमा भारतीय विमानों के लिए बंद कर दी थी। अब भारत भी उसी प्रकार की जवाबी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, भारत सरकार के शीर्ष स्तर पर इस मुद्दे पर लगातार विचार-विमर्श हो रहा है। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े अधिकारी, विदेश मंत्रालय और नागरिक उड्डयन मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच इस पर मंथन जारी है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) भी इस पूरी प्रक्रिया पर नजर बनाए हुए है। अंतिम निर्णय जल्द ही लिया जा सकता है।

शेष पेज 11 पर

### गृह मंत्री अमित शाह 10 मई को आ सकते हैं रांची

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी 10 मई को रांची आ सकते हैं।



वे यहां आयोजित होने वाले 27वीं पूर्वी क्षेत्र परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक में झारखंड के अलावा बिहार, ओडिशा और बंगाल के मुख्यमंत्रियों को आमंत्रित किया गया है। बैठक में चारों राज्यों के मुख्य सचिव, विकास आयुक्त समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में चारों राज्यों के बीच आर्थिक और सामाजिक योजनाओं, भाषायी अल्पसंख्यकों के मुद्दे, सीमा विवाद और अंतरराज्यीय परिवहन जैसे विषयों पर विस्तार से विचार विमर्श किया जाएगा।

**रांची का तापमान**

| | कांके | रांची |
|---|---|---|
| अधिक. | 32.5° | 32.0° |
| न्यून. | 21.4° | 18.0° |

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत
समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है।
आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं।
संपर्क/व्हाट्सएप 82925 53444 विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क +91 82923 73444 कार्यकारी संपादक।

## डॉ इरफान अंसारी ने रांची में स्वास्थ्य कार्यशाला में लिया भाग, कहा

# राज्य में बेहतरीन डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी

**बोले स्वास्थ्य मंत्री**

- गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया करने के लिए राज्य सरकार तत्पर
- निजी अस्पताल मरीजों के इलाज में नहीं बरतें लापरवाही

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि राज्य में लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया करने के लिए राज्य सरकार तत्पर है। राज्य में बेहतरीन डॉक्टरों की नियुक्ति की जाएगी। रिम्स की व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार प्रयासरत हैं और हम चाहते हैं कि एआई तकनीक से इलाज हो। उन्होंने विभाग के सभी अधिकारियों की प्रशंसा की और कहा कि सभी अधिकारी बेहतर काम कर रहे हैं। मंत्री डॉ इरफान अंसारी मंगलवार को आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत रांची के एक स्थानीय होटल में आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे।

मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने निजी अस्पतालों में इलाज के बारे में जिक्र करते हुए कहा कि प्राइवेट अस्पताल जब तक आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का पैसा रहता है, तब तक तो इलाज करते हैं, इसके बाद उन्हें रेफर कर देते हैं। ऐसे में गंभीर अवस्था में भर्ती मरीज की मौत हो जाती है। शेष पेज 11 पर




### राज्य में मातृ और बाल मृत्यु दर में आई है कमी

कार्यशाला में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि यह कार्यशाला सरकार की योजनाओं को लागू करने वाले अस्पतालों को होने वाली कठिनाइयों को समझने के लिए है। साथ ही, अस्पताल और विभाग के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करना भी है। उन्होंने कहा कि हमारे राज्य में 31,000 बेड हैं, जिनमें से सरकारी अस्पतालों में 15,500 के आसपास बेड हैं और यही हाल निजी अस्पतालों का भी है। शेष पेज 11 पर

### गाइडलाइन का निजी अस्पताल पूरा पालन करें

झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के कार्यकारी निदेशक अबु इमरान ने सभी प्राइवेट अस्पतालों से गाइडलाइन का सौ प्रतिशत अनुपालन करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि छोटे अस्पताल गाइडलाइन को नहीं समझ पा रहे हैं। उनके पास कर्मचारी भी ट्रेंड नहीं हैं। इसलिए उन्हें ऐसे लोगों की जरूरत है, जो ट्रेंड हों और गाइडलाइन को समझ सकें। उन्होंने सभी अस्पतालों से राज्यकर्मी स्वास्थ्य बीमा योजना और वय वंदन योजना के तहत भी इनरोल करने पर बल दिया।

### सीएम हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में झारखंड सरकार राज्य में लोगों को गुणवत्तापूर्ण इलाज मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, इसके लिए सरकार आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना चला रही है। इसी कड़ी में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना एवं अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत रांची में मंगलवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बताया गया कि सरकारी योजनाओं के अंतर्गत भर्ती हुए मरीजों पर भी ध्यान दिया जाए और उनका इलाज गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। निजी अस्पताल गाइडलाइन का सौ प्रतिशत अनुपालन करें।



आतंकवाद पर निर्णायक कार्रवाई की तैयारी

# पीएम नरेंद्र मोदी ने दी सेना को खुली छूट

## प्रधानमंत्री ने की आपातकालीन सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता

**नई दिल्ली (हि.स.)**


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार की शाम राष्ट्रीय राजधानी में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) और तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ आपातकालीन सुरक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस अहम बैठक को सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत की रणनीति में निर्णायक मोड़ के रूप में देखा जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक बैठक में प्रधानमंत्री मोदी ने साफ शब्दों में कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर आतंकवाद को कुचलने का संकल्प लिया गया है। उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों की क्षमता पर पूरा भरोसा जताते हुए कहा कि सेना को कार्रवाई के तरीके, लक्ष्य और समय तय करने की पूर्ण परिचालन स्वतंत्रता है। करीब डेढ़ घंटे चली बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने प्रधानमंत्री को मौजूदा हालात की जानकारी दी और विभिन्न सैन्य विकल्पों पर चर्चा की। ज्ञात हो कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मधुबनी में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कड़ा संदेश दिया था। उन्होंने कहा था कि भारत आतंकवादियों और उनके समर्थकों का 'धरती के अंतिम छोर तक' पीछा करेगा और उन्हें 'कल्पना से परे' सजा देगा।

### मूसा था पहलगाम हमले का मास्टरमाइंड

- पाकिस्तानी सेना में था, बाद में आईएसआई के संपर्क में आया
- हासिल किया है उच्च कोटि का पैरा-कमांडो प्रशिक्षण

**जम्मू (हि.स.)।** पहलगाम के आतंकी हमले में पाकिस्तान के




हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान का नाम सामने आया है। पहलगाम में 26 लोगों की हत्या के पीछे मास्टरमाइंड हाशिम मूसा पहले पाकिस्तान की सेना में था। लेकिन, रिटायर होने के बाद वह आईएसआई के संपर्क में आया। इसके बाद उसने पाकिस्तान में उच्च कोटि का पैरा-कमांडो प्रशिक्षण हासिल किया था। हमले के बाद भारतीय सुरक्षा एजेंसियों की ओर से जारी किए गए तीन स्केच में से एक मूसा का है। सुरक्षा ग्रिड के सूत्रों के अनुसार, मूसा ने कठुआ और सांबा सेक्टरों के माध्यम से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की थी। घुसपैठ के बाद वह राजौरी-पुंछ के डेरा की गली क्षेत्र में सक्रिय हो गया

शेष पेज 11 पर

### ब्लॉक किया गया आसिफ का 'एक्स' अकाउंट

- जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए हमले में 26 लोग मारे गए थे
- आतंकवादी संगठनों को सपोर्ट, ट्रेनिंग फंडिंग देने का लंबा इतिहास रहा है

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ का 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) अकाउंट ब्लॉक कर दिया है। पहलगाम हमले में 26 लोग मारे गए थे। यह कार्रवाई ऐसे समय में की गई है, जब आसिफ के सार्वजनिक रूप से स्वीकार किए जाने के बाद पाकिस्तान की भूमिका 'वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले धूर्त देश' के रूप में उजागर हो गई है। पिछले हफ्ते स्काई न्यूज के एक इंटरव्यू में जब आसिफ से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान का आतंकवादी संगठनों को सपोर्ट, ट्रेनिंग और फंडिंग देने का लंबा इतिहास रहा है, इस पर आसिफ ने स्पष्ट रूप से इस बात को स्वीकारा था। आसिफ के 'एक्स' अकाउंट को बैन करने का यह कदम भारत द्वारा 16 पाकिस्तानी यूट्यूब चैनलों पर प्रतिबंध लगाने के ठीक एक दिन बाद उठाया गया है।

**इंडिया**

# पुलिस पुरुषार्थी लिप्सारहित सहयोगी क्यों साबित नहीं हो पा रही ?



**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

सीमाओं की रक्षा करने वाले सैनिक और देश के अंदर उग्रवाद से लेकर खूंखार अपराधियों से जूझने वाली पुलिस में बहुत बड़ा अंतर देखने को मिलता है जबकि दोनों को आजकल गंभीर चुनौतियों से जूझना पड़ता है जबकि पुलिस के जवानों को भी आजकल बेहतर प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे पुलिस की छवि सुधरी है। सगे भाई में से एक सेना और दूसरा पुलिस में हो तो भी उनमें अंतर देखा जा सकता है। इसका बड़ा कारण है मनोबल जहां सेना अपने शौर्य के बलबूते प्राणों की बाजी लगाकर देश के लिए मर मिटने को तैयार रहती है तो दूसरी तरफ पुलिस रक्षात्मक रवैया और देर से घटनास्थल पर पहुंचने की अपनी छवि से बाहर नहीं निकल पाई है। इसपर आरोप लगते हैं कि नेताओं के हाथों की कठपुतली बनने से पुलिस प्रणाली देश के आम लोगों का विश्वास जीतने में पूरी तरह सफल नहीं रही है। पुलिस का पारंपरिक आचरण और व्यवहार आजादी के बाद भी सामंती बना हुआ है। कई बार अपराध रोकने की जिम्मेदारी निभाने वाली पुलिस के अपराधियों की तरह आचरण करने से वर्दी दागदार हो रही है। पुलिस राज्यों के अधिकार क्षेत्र में होने के कारण सत्तारुढ़ दलों के इशारों के बगैर काम नहीं करती है जिससे पुलिस पर पक्षपात करने के आरोप लगते हैं। अधीनस्थ से लेकर देश के शीर्ष न्यायालय कई बार पुलिस की कारगुजारियों पर कड़ी टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने दीवानी मामले में आपराधिक कानून लगाने पर उत्तरप्रदेश पुलिस को फटकार लगाते कहा कि यूपी पुलिस की ओर से दीवानी मामलों में दर्ज की गईं प्राथमिकियों पर गौर करने से पता चलता है कि राज्य में कानून का शासन पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। पुलिस के कुकृत्यों सिर्फ मनमर्जी तक सीमित नहीं है, बल्कि पुलिस अपराधियों को पकडऩे के बजाए कई मामलों खुद अपराधी बन बैठी है। पंजाब के चर्चित मोगा सेक्स स्कैंडल में मोहाली स्थित कोर्ट ने 4 पुलिस अधिकारियों को सजा सुनाई है। मोगा सेक्स स्कैंडल साल 2007 में सुर्खियों में आया। उस समय पंजाब में अकाली-भाजपा गठबंधन की सरकार थी। इस स्कैंडल में कई हाई प्रोफाइल राजनेता और सीनियर पुलिस अधिकारी शामिल थे। ये सब मिलकर अमीर लोगों को देह व्यापार में फंसाते थे। पुलिस की कारगुजारियों का पर्दाफाश सुप्रीम कोर्ट ने एक मृत्युदंड के मामले में भी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के आरोप में निचली अदालत से मौत की सजा प्राप्त एक युवक को बरी करते हुए पुलिस प्रक्रिया पर तीखी टिप्पणियां की। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सभी फोरेंसिक और गवाहों की रिपोर्टों की बारीकी से समीक्षा की और पाया कि आरोपी के खिलाफ कोई विश्वसनीय सबूत नहीं था। इस तरह एक निर्दोष व्यक्ति ने 10 साल फांसी की सजा के साए में जेल में बिताए जिससे पुलिस और न्यायिक व्यवस्था पर सवाल उठे । सुप्रीम कोर्ट पुलिस और सत्तारुढ़ दलों के नापाक गठजोड़ को कई बार उजागर कर चुका है। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश रहे एनवी रमना ने एक मामले में कहा था कि पुलिस के अधिकारी सत्ता में मौजूद राजनीतिक पार्टी का पक्ष लेते हैं और सत्ता पक्ष के विरोधियों के खिलाफ कार्यवाही करते हैं। जब विरोधी पक्ष के लोग सत्ता में आते हैं तो उन्हीं पुलिस अफसरों पर कार्यवाही करते हैं। देश में इस तरह का जो चलन दिख रहा है वह परेशान करने वाला है। मुख्य न्यायाधीश रमना ने कहा था कि पुलिस को सत्ता और विपक्ष किसी के साथ न होकर स्वतंत्र रूप से काम करना चाहिए । सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी छत्तीसगढ़ के निलंबित अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक गुरजिंदर पाल सिंह की याचिका पर सुनवाई करते हुए की थी। पाल के खिलाफ पुलिस ने सत्तारुढ दल के इशारे पर आय से अधिक सम्पत्ति और राजद्रोह का मामला दर्ज किया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ का हिस्सा रहे न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने कोलकाता चिकित्सक के बलात्कार-हत्याकांड की सुनवाई के दौरान कहा था कि कोलकाता पुलिस ने इस मामले की जिस तरह से देर से मामला दर्ज कर जांच की ऐसा उन्होंने अपने जीवन के 30 वर्षों में नहीं देखा। पुलिस सुधारों के लिए राष्ट्रीय पुलिस आयोग (1977-1981) और वर्ष 1971 में बनी गोर समिति की रिपोर्ट की सिफारिशें धूल खा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी 2006 में प्रकाश सिंह मामले में कहा था कि राज्य पुलिस प्रमुखों का दो वर्ष का निश्चित कार्यकाल होगा। निर्देशों में राज्य सुरक्षा आयोगों की स्थापना, वरिष्ठ अधिकारियों के लिये निश्चित कार्यकाल और कानून एवं व्यवस्था से जांच को अलग करना शामिल था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों की भी राज्यों ने पालना नहीं की। इसे देश के सभी राज्यों ने या तो लागू नहीं किया या फिर निर्देशों को आधे-अधूरे तरीके से लागू किया गया ताकि पुलिस में सत्तारुढ़ दलों का हस्तक्षेप पूरी तरह से बना रह सके। जब सत्ता इन्हें सब्जी लाने और व्यक्तिगत नौकरों की तरह इस्तेमाल करेगी तो ये पुरुषार्थी लिप्सारहित सहयोगी (पुलिस) कैसे बनेंगे ?



# टीएसपीसी के नाम पर लेवी मांगने वाले गिरोह के 5 गिरफ्तार, दो फरार

- 1 पिस्तौल, 7 जिंदा कारतूस मोबाइल फोन एवं अन्य सामान बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**बालूमाथ।** पुलिस ने टीएसपीसी संगठन में प्रभात के नाम पर रंगदारी मांगने केआरोप में पांच अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। मंगलवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी एसडीपीओ विनोद रवानी ने दी। उन्होंने बताया कि एनटीपीसी टंडवा द्वारा कन्वेयर बेल्ट बनाई जा रही है, जिसमें ठेकेदारों से टीएसपीसी संगठन के प्रभात के नाम पर कुछ अपराधी धमकी देकर रंगदारी मांग रहे थे और काम बंद करने की चेतावनी दिया था। एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर बालूमाथ एसडीपीओ विनोद रवानी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर 28 अप्रैल के रात्रि आरा ग्राम से सटे जंगल में कुछ संदिग्ध लोगों के एकत्रित होने की सूचना पुलिस को मिली। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस उस स्थान पर छापेमार कर पांच लोगों को पकड़ने में सफल रही। दो लोग रात को अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि पकड़े गए अपराधियों में उपेंद्र उरांव (20 वर्ष) पिता बुधराम उरांव ग्राम ओल्हेपा बालूमाथ, निरंजन उरांव (21वर्ष) पिता भुनेश्वर उरांव बघोता सेरेगड़ा बालूमाथ, बबलू यादव उर्फ प्रभात(32 वर्ष) पिता भवानी यादव ग्राम पुंडरलावा शेरेगड़ा, अशोक साव (70वर्ष) पिता स्वर्गीय गोविंद साव ग्राम आरा बालूमाथ, बालेश्वर उरांव (60 वर्ष) पिता स्वर्गीय मंगरा उरांव सुइयां टांड़ थाना टंडवा जिला चतरा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक पिस्तौल, 7 जिंदा कारतूस, दो चित्कबरा टी-शर्ट, 3 चितकबरा पजामा, 8 टीएसपीसी का पर्चा, लेटर पैड दो, कीपैड मोबाइल दो, एंड्राइड मोबाइल 5 आदि बरामद किया गया है। शेष पेज 11 पर

## ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान से की मुलाकात

# मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नई दिल्ली स्थित कृषि भवन में झारखंड सरकार के एक प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से शिष्टाचार भेंट की। बैठक में झारखंड राज्य में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं के क्रियान्वयन से जुड़े कई महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से संबंधित लंबित भुगतान, संसाधन आवंटन और नीति-संशोधन के मुद्दों पर राज्य सरकार ने ठोस माँग रखी।

झारखंड सरकार की अबुआ आवास योजना में प्रति लाभार्थी 2 लाख की राशि स्वीकृत की जाती है, जबकि केंद्र प्रायोजित प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में यह राशि मात्र 1.20 लाख है। राज्य ने प्रस्ताव दिया कि केंद्र की योजना को भी अबुआ आवास के अनुरूप बनाते हुए प्रति यूनिट राशि 2 लाख की जाए, ताकि ग्रामीण परिवारों को मजबूत, सुरक्षित और गरिमामयी आवास मिल सकें।

झारखंड सरकार ने सभी बिंदुओं पर केंद्र सरकार से शीघ्र निर्णय एवं वित्तीय सहायता का अनुरोध किया, जिससे राज्य में गरीबों, श्रमिकों और ग्रामीण नागरिकों की जीवन स्थितियों में सुधार हो और योजनाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सके। राज्य सरकार ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय और श्रमिक कल्याण के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

## मनरेगा से संबंधित प्रमुख मांगें

### सामग्री मद में ₹747 करोड़ की लंबित राशि

राज्य सरकार की ओर से माननीय मंत्री से आग्रह किया गया कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के अंतर्गत सामग्री मद में केंद्र सरकार के पास लंबित ₹747 करोड़ की राशि को जल्द से जल्द राज्य के एसएनए(राज्य नोडल खाता) में जारी किया जाए। साथ ही यह भी अनुरोध किया गया कि जिन कार्यों से संबंधित बिल के एफटीओ (फंड ट्रांसफर ऑर्डर) पहले ही मनरेगा पोर्टल पर अपलोड किए जा चुके हैं, उनकी भुगतान प्रक्रिया में तेजी लाई जाए।

### मजदूरी मद में ₹150 करोड़ का बकाया भुगतान

राज्य के लाखों श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने हेतु मनरेगा की मजदूरी मद में केंद्र सरकार से ₹150 करोड़ की लंबित राशि तत्काल उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया।

### प्रशासनिक मद में पिछले तीन महीनों से राशि प्राप्त नहीं

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि राज्य में मनरेगा प्रशासनिक मद के अंतर्गत कार्यरत लगभग 5400 से अधिक कर्मियों का वेतन एवं संचालन गत खर्च तीन माह से लंबित है। इस कारण योजना संचालन प्रभावित हो रही है। प्रशासनिक मद की राशि शीघ्र जारी करने की मांग की गई।

### 25,000 अतिरिक्त राजमिस्त्रियों के प्रशिक्षण हेतु स्वीकृत राशि का भुगतान लंबित

भारत सरकार द्वारा पूर्व में झारखंड राज्य को 25,000 अतिरिक्त राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षित करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी, लेकिन इससे संबंधित राशि अभी तक राज्य को प्राप्त नहीं हुई है। प्रशिक्षण प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए राज्य सरकार ने तत्काल राशि जारी करने की मांग की।

### मनरेगा मजदूरी दर में अन्य राज्यों के समान बढ़ोतरी

झारखंड की मनरेगा मजदूरी दर वर्तमान में ₹255 प्रतिदिन है, जो अन्य राज्यों की तुलना में कम है। राज्य सरकार ने आग्रह किया कि इसे बढ़ाकर न्यूनतम ₹405 प्रतिदिन किया जाए, ताकि श्रमिकों को न्यायसंगत पारिश्रमिक मिल सके और योजना की प्रभाव शीलता बनी रहे। झारखंड के पठारी और कठोर मिट्टी वाले भूभाग में कुएं की खुदाई जैसे कार्य अत्यंत कठिन होते हैं। वर्तमान एसडीआर दरें इस कार्यभार के अनुरूप नहीं हैं। राज्य सरकार ने SDR दरों की अन्य पठारी राज्यों की तर्ज पर पुनरीक्षण की अनुमति देने की मांग की।

## केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने आईएलबीएस का किया दौरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने मंगलवार को इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज (आईएलबीएस) का दौरा किया और फैटी लिवर रोग से निपटने के लिए कार्यक्रम के रांची मॉडल के कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए आईएलबीएस के निदेशक और चांसलर डॉ. एसके सरीन से मुलाकात की। बैठक के दौरान, कार्यक्रम के प्रमुख पहलुओं की समीक्षा की गई, जिसमें इसके कार्यान्वयन के लिए प्रस्तावित समय-सीमा और रणनीति शामिल थी।

## रिम्स के 40 डॉक्टर्स को सह प्राध्यापक में मिला प्रमोशन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रिम्स में कार्यरत 40 चिकित्सक (शैक्षणिक संवर्ग) को सहायक प्राध्यापक से सह प्राध्यापक के पद पर प्रोन्नति दी गयी है। इस संबंध में रिम्स निदेशक स्तर से मंगलवार को आदेश जारी भी कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा और परिवार कल्याण विभाग, झारखंड के अपर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में तीन जनवरी 2025 को रिम्स के डॉक्टर्स की प्रोन्नति के संबंध में निर्णय लिया गया था। इस




आधार पर सहायक प्राध्यापक से सह प्राध्यापक (मिनिमम बेसिक पे 51,800+एनपीए+अन्य एलाउंस) में अलग अलग विभाग के डॉक्टर्स को प्रोन्नति दी गई।

## रोजगार सृजन व महिला स्वावलंबन पर ध्यान दें अधिकारी : जगत मांझी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची/पश्चिमी सिंहभूम।** मनोहरपुर के विधायक जगत मांझी ने मंगलवार को आनंदपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी नाजिया अफरोज की उपस्थिति में विकास योजनाओं की समीक्षा की। मासिक समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक जगत मांझी ने विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि कृषि के अलावा रोजगार सृजन और महिला स्वावलंबन की दिशा में खास फोकस करें, ताकि लोगों को रोजगार उपलब्ध हो सकें। बिजली विभाग की समीक्षा करते हुए विधायक ने सहायक अभियंता उपेंद्र कुमार को बेड़ाकेंदुदा पंचायत के तरोपडंडा गांव में लाभुकों के घर में मीटर लगाने और हारता पंचायत के गुंडरी के टूटीटोला में जल्द बिजली सेवा शुरू करने का निर्देश दिया। इसके अलावा जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत से संबंधित मामलों को अनावश्यक लंबित नहीं रखने को कहा। विधायक ने कृषि पदाधिकारी नीरज कुमार को किसान समृद्धि योजना के तहत सोलर पंप सेट का आवेदन लेने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने को कहा। साथ ही कृषि पदाधिकारी से मॉडल कृषि गांव के चयन पर चर्चा की। क्षेत्र के लोगों को मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना एवं केसीसी लोन का लाभ अधिक से अधिक दिलाने को कहा गया। जेएसएलपीएस और कल्याण विभाग को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए रोजगार सृजन पर कार्य करने को कहा।

## जेपीएससी नियुक्ति घोटाले में आरोपी एडीएम ने किया सरेंडर, जमानत मिली

**रांची।** विशेष संवाददाता सीबीआई कोर्ट में प्रथम जेपीएससी नियुक्ति घोटाले के आरोपी रांची के एडीएम राजेश्वर नाथ आलोक ने सरेंडर किया। अदालत ने उन्हें दस-दस हजार के दो निजी मुचलके पर जमानत की सुविधा प्रदान कर दी। पूर्व में उन्हें हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिली है। हाईकोर्ट ने सीबीआई कोर्ट में सरेंडर करने का आदेश दिया था। सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए सभी आरोपियों को समन जारी किया था। इसके बाद आरोपियों ने सीबीआई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। निचली अदालत ने इसके पूर्व अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद राजेश्वर नाथ आलोक ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट के आदेश पर सीबीआई ने साल 2012 में मामले की जांच शुरू की थी। 12 साल बाद जांच पूरी करते हुए सीबीआई ने 64 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है।

### वन नेशन-वन इलेक्शन पर संगोष्ठी का आयोजन

## बार-बार चुनाव होने से व्यापारियों को होता है नुकसान : चैंबर

**नवीन मेल संवाददाता**




● चुनाव के दौरान पंडरा का पूरा बाजार लगभग दो माह तक रहता है प्रभावित

**रांची।** वन नेशन-वन इलेक्शन विषय पर चैंबर भवन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मौके पर इस प्रस्तावित चुनाव सुधार के महत्व, लाभ और दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्यों ने देशहित में चुनाव सुधार के इस पहल का स्वागत करते हुए वन नेशन-वन इलेक्शन के महत्व पर अपने विचार रखे और एक स्वर में संसद से पारित इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए अपनी पूर्ण सहमति व्यक्त की।

अपने संबोधन के क्रम में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से सबसे अधिक हमारे व्यापारी बंधु प्रभावित होते हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित होती हैं। चुनाव के दौरान पंडरा का पूरा बाजार लगभग दो माह तक पूर्णरूपेण प्रभावित रहता है। शिक्षकों और बैंककर्मियों की व्यस्तता के कारण स्कूली बच्चों की पढ़ाई और बैंकिंग कार्य भी प्रभावित होते हैं। प्रशासनिक कार्य भी बंद रहते हैं। देश में एक साथ चुनाव होने से बार-बार होनेवाली समस्या से बचा जा सकता है।

पूर्व अध्यक्ष कुणाल अजमानी ने कहा कि एक राष्ट्र-एक चुनाव यह कोई राजनीतिक एजेंडा नहीं, अपितु एक विकसित भारत और वाईब्रेंट डेमोक्रेसी का मुद्दा है। यह एक विकसित, सक्षम और सशक्त भारत की दिशा में ऐतिहासिक कदम है जो न केवल प्रशासनिक लागत को कम करेगा बल्कि लोकतंत्र को और अधिक प्रभावी तथा मजबूत बनायेगा। एक के बाद एक चुनाव का आयोजन होने से जनहित से जुडे विकास कार्य तो प्रभावित होते ही हैं, देश और राज्यहित में सरकार के स्तर से लिये जानेवाले कडे.निर्णय भी नहीं हो पाते। आज देखें तो सभी विकसित राष्ट्रों ने समय-समय पर कड़े निर्णय लिये हैं।

संगोष्ठी में उपस्थित रांची के पूर्व उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय ने कहा कि एक साथ चुनाव होने से देश के संसाधनों की बचत के साथ ही चुनाव में जनता की भागीदारी भी बढ़ती है। उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि झारखण्ड में भवन नियमितीकरण योजना का अब तक प्रभावी नहीं होना कहीं न कहीं बार-बार चुनाव होना ही मुख्य कारण है। जनता की समस्या का समाधान होने में विलंब बार-बार चुनाव होना ही मुख्य बाधा है। उन्होंने इस प्रस्ताव के समर्थन में राष्ट्रपति महोदया को व्यापार और उद्योग जगत के बंधुओं के साथ ही सभी संगठनों से पत्र प्रेषित करने की अपील की।

पूर्व अध्यक्ष पवन शर्मा और धीरज तनेजा ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि एक बार चुनाव होने से सबसे अधिक प्रसन्न गृहणियां होंगी। प्रस्ताव के समर्थन में देश के हर नागरिक को राष्ट्रपति महोदया को अपना पत्र भेंजना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक रोहित पोद्दार और निवर्तमान अध्यक्ष किशोर मंत्री ने अपने विचार साझा करते हुए समाज के सभी वर्ग से देशहित के इस मुद्दे पर समर्थन करने और जागरूकता फैलाने की अपील की।

मौके पर उपाध्यक्ष ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार, कार्यकारिणी सदस्य संजय अखौरी, आस्था किरण, डॉ0 अभिषेक रामाधीन, सुनील सरावगी, सदस्य पूनम आनंद, अंकिता वर्मा, मनोज मिश्रा, किशन अग्रवाल समेत अन्य सदस्यों ने भी इस चुनावी सुधार के पहल का स्वागत करते हुए, प्रस्ताव के समर्थन में अपने विचार साझा किये। बैठक में कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य मुकेश अग्रवाल, साहित्य पवन, सदस्य प्रमोद सारस्वत, रमेश साहू, शषांक भारद्वाज, आनंद कोठारी, कार्तिक प्रभात, तेजविंदर सिंह समेत व्यापार व उद्योग जगत के कई प्रबुद्धजन उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी।

## राज्यपाल से मिली दीपशिखा की कार्यकारी निदेशक



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को दीपशिखा की कार्यकारी निदेशक सुधा लील्हा ने राज भवन में भेंट की तथा संस्था की विस्तृत गतिविधियों से अवगत कराया।

## राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को किया आमंत्रित



**रांची।** राज्यपाल से मंगलवार को स्कूल एराके प्रबंधकीय संपादक मनोज कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य ने भेंट की तथा राज्यपाल को विद्यालय के रजत सम्मान समारोह में आमंत्रित किया। उक्त अवसर पर राज्यपाल को शिष्टमंडल ने विद्यालय द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका भी भेंट की।

## रुक्का से रांची तक क्लीयर राइजिंग मेन पाइप बिछाने का काम जल्द करें पूरा : सुनील



**रांची।** नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने राजधानी स्थित रुक्का में बन रहे जल शोधन संयंत्र के निर्माण में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि रुक्का से रांची तक क्लीयर राइजिंग मेन पाइप बिछाने का काम जल्द से पूरा करें। रांची वासियों को समुचित और बेहतर पेयजलापूर्ति उपलब्ध कराने के लिए भी सभी आवश्यक कार्य जल्द से जल्द पूरा करने की बात भी उन्होंने की है। प्रधान सचिव मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित कार्यालय कक्ष में रांची पेयजलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान जुडको के पीडीटी श्री गोपालजी, पीडीए अरविंद कुमार मिश्र, पीडीएफ अमित चक्रवर्ती, जीएम ट्रांसपोर्ट विनय कुमार, जीएम पेयजलापूर्ति एस. सेनगुप्ता, उपमहाप्रबंधक आलोक मंडल और उप परियोजना निदेशक उत्कर्ष मिश्र उपस्थित रहे। प्रधान सचिव ने कहा कि रांची पेयजलापूर्ति की सभी तीनों फेज की योजनाएं तेज गति से चल रही है। रूक्का में रांची को भरपूर पानी उपलब्ध कराने के लिए 213 एमएलडी का जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) का निर्माण कार्य प्रगति पर है। प्रधान सचिव ने निर्माणकर्ता एजेंसी के प्रतिनिधि को इसके निर्माण कार्य में तेजी लाने की बात कहीं।

## राज्य के 25 हजार राशन डीलरों को जल्द मिलेगा कमीशन मद का बकाया : मंत्री



**रांची।** खाद्य आपूर्ति मंत्री से मंगलवार को फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन रांची जिला कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानदेव झा के नेतृत्व में प्रतिनिधियों ने उनके आवास पर मुलाकात की। झारखंड के खाद्य सावर्जनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा है कि राज्य के 25 हजार राशन दुकानदारों के कमीशन मद में सभी तरह के बकाया का जल्द होगा। इसके लिए विभागीय सचिव को निर्देश दिया गया है। वहीं, डीलरों को मई में फाइव जी के साथ नई ई-पॉश मशीन उपलब्ध कराई जाएगी। इससे लाभुकों को राशन देने में डीलरों को काफी सहूलियत होगी। प्रतिनिधियों में हलधर महतो, विनोद महतो, सूर्य प्रताप, अमित गुप्ता, अमरावती वर्मा, सरिता देवी, इम्तियाज अहमद, मकसूर अंसारी, देवेंद्र महतो, हरिनंदन प्रसाद, अजय गुप्ता और अन्य शामिल थे। एसोसिएशन की ओर से मंत्री को मांग से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। इसमें हरा कार्ड पर चावल, चना दाल, नमक का वितरण करने के बाद पिछले 18 माह से कमीशन नहीं मिला है। मार्जिन मनी बढ़ाने पर भी विचार नहीं किया गया है। बढ़ती महंगाई के बीच डीलरों को प्रति किलो तीन रुपये की दर से कमीशन दिया जाए।

### रणनीतिक क्षेत्र में चुनौतियां और अवसर' पर उद्योग सम्मेलन

# भारत को अब विनिर्माण क्षेत्र में अग्रणी बनना चाहिए : जसबीर सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर के 'प्लेटिनम जुबली समारोह' के अंतर्गत 'सामग्री का स्वदेशीकरणः रणनीतिक क्षेत्र में चुनौतियां और अवसर' शीर्षक पर एक दिवसीय उद्योग सम्मेलन शुरू हुआ। यह सम्मेलन अग्रणी निर्माता, प्रतिष्ठित अनुसंधान एवं विकास केंद्रों और संभावित अंतिम उपयोगकर्ताओं के बीच बातचीत, ज्ञान/सूचना के आदान-प्रदान और आगे बढ़ने की खोज के लए एक स्पेक्ट्रम प्रदान करती है, जिसमें वैश्विक मानक को मानक मानते हुए रणनीतिक क्षेत्रों हेतु सामग्रियों के स्वदेशीकरण पर प्राथमिकता देती है।

जसबीर सिंह सोलंकी, सीईओ, नौसेना प्रणाली, होमलैंड और साइबर सुरक्षा, महिंद्रा डिफेंस, पुणे इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम की शुरुआत मंच पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी ने संबोधन दिया। अपने आरंभिक भाषण में उन्होंने देश के वर्तमान तकनीकी-वाणिज्यिक परिदृश्य में ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता और प्रभाव पर जोर दिया। उन्होंने ऐसे सम्मेलनों के महत्व पर प्रकाश डाला, जिसमें उद्योग और अनुसंधान एवं विकास एक साथ मिलकर सहयोग के संभावित अवसरों की पहचान करती हैं। उन्होंने सीएसआईआर-एनएमएल की अतीत की कुछ प्रमुख उपलब्धियों को सामने रखा, जिन्होंने भारतीय धातुकर्म क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ. एस. शिवाप्रसाद ने रणनीतिक क्षेत्र के क्षेत्र में सीएसआईआर-एनएमएल के योगदान का वर्णन किया, जिसमें नए मिश्र धातु विकास, शेष लाइफ मूल्यांकन, संरचनात्मक स्वास्थ्य निगरानी, गैर-विनाशकारी मूल्यांकन आदि शामिल थे। उद्घाटन भाषण मुख्य अतिथि जसबीर सिंह सोलंकी ने दिया, जिसमें मुख्य रूप से साइबर सुरक्षा प्रणाली और निगरानी के लिए पानी के नीचे की गाड़ी विकसित करके भारतीय सामरिक क्षेत्र में महिंद्रा डिफेंस के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय विनिर्माण क्षेत्र को अब दुनिया में केवल अनुयायी और व्यापारी बनने के बजाय अग्रणी और निर्माता बनना चाहिए। उन्होंने भारतीय रणनीतिक विनिर्माण क्षेत्र द्वारा इस तरह के वैश्विक नेतृत्व की स्थिति की खोज में अनुसंधान एवं विकास – उद्योग सहयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

सम्मेलन को दो सत्रों में विभाजित किया गया। पहले सत्र में पांच मुख्य प्रस्तुतियाँ थीं, जबकि दोपहर के भोजन के बाद के सत्र में छह प्रस्तुतियाँ निर्धारित थीं। इस सम्मेलन में पूरे भारत के विभिन्न प्रतिष्ठानों से लगभग 40 प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जो राष्ट्रीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विभिन्न रक्षा और अंतरिक्ष संबंधी गतिविधियों में प्रत्यक्ष रूप से लगे हुए हैं। सम्मेलन का समापन 'आत्मनिर्भर भारतीय रक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र की ओर आगे का रास्ताः अनुसंधान एवं विकास के लिए रोडमैप - उद्योग का सहयोग' विषय पर एक विशेषज्ञ पैनल चर्चा के साथ हुआ, जिससे निकट भविष्य में देश को रणनीतिक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने हेतु सभी तीन शीर्ष स्तंभों के लिए अवसर का मार्ग खुल सके।

## मादक पदार्थ की तस्करी पर तीन को पांच-पांच साल की सजा



**रांची।** अपर न्यायायुक्त शैलेंद्र कुमार की अदालत ने मादक पदार्थ तस्करी मामले में अभियुक्त मंगरा लोहरा, कुंवर मुंडा और लखन मुंडा को पांच-पांच साल की सजा और 50-50 हजार जुर्माना लगाया है। सोमवार को तीनों को अदालत ने दोषी करार दिया था। तीनों आरोपियों को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 19 मई 2023 को दशम फॉल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया था। तीनों के पास से पुलिस ने अफीम बरामद किया था। मामले को लेकर दशम फॉल थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से ठोस गवाही दर्ज कराई गई है।

### सेवानिवृत आदिवासी अफसरों ने आदिवासियों की समस्याओं पर उठाया सवाल

## मानव संसाधन के अभाव का दंश झेल रहा टीआरआई : एमएल उरांव

**मनोज मिश्रा**

● रिक्त पदों को भरने की नियमावली लागू नहीं

**रांची।** सेवानिवृत आदिवासी अफसरों ने आदिवासियों की समस्याओं को पड़हा समन्वय समिति, भारत नाम के मंच से उठाया है। पड़हा समन्वय समिति के संगठन-सचिव सह प्रवक्ता एलएम उरांव ने कहा कि झारखंड में ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट का नाम बदलकर जाने-माने शिक्षाविद् पद्मश्री डॉ रामदयाल मुंडा के नाम पर कर दिया गया है। वहीं उन्होंने कहा कि मानव संसाधन के अभाव का दंश संस्थान झेल रहा है। संस्थान में 57 सृजित पद हैं जिसमें 17 पदों पर के लोग ही काम कर रहे हैं। बाकी 50 रिक्तियां भरने की बात पिछले 25 वर्षों से चल रही है लेकिन अब तक इसमें कोई ठोस कारवाई नहीं की गई है। मानव संसाधन न होने से न शोध हो रहे हैं न कोचिंग कक्षा पूर्व की तरह चलाई जाती है।

दरसअल 1953 में स्थापित इस इंस्टीट्यूट से जनजातियों के सामाजिक, आर्थिक, साहित्य, कला और इतिहास पर रिसर्च करना है। यहां जनजातियों के उपर लाइब्रेरी और म्यूजियम भी बनाया गया, जिसके माध्यम से जनजातियों के सामाजिक जीवन से लोगों को परिचय कराया जा सके। मगर लाइब्रेरी से लेकर म्यूजियम तक में स्टॉफ की कमी है। सूत्रों के अनुसार, विभाग में कुल 58 पद सृजित है, जिसमें आधे से ज्यादा पद रिक्त हैं। रिक्त पदों को भरना भी आसान नहीं क्योंकि नियुक्ति संबंधी नियमावली बिहार सरकार ने झारखंड सरकार को कभी दिया ही नहीं है। दूसरे जो नियमवाली ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ने बनाया था वह लागू तक नहीं हुआ है। यह कहना गलत न होगा कि आदिवासी मूलवासी के नाम पर अलग राज्य लेने के बावजूद किसी सरकार ने आदिवासियों के भाषा, संस्कृति, रीति-रिवाज, धर्म खान-पान का अध्ययन, संवर्धन और शोध में काम नहीं किया है।

# डॉ राजकुमार ने फिर से संभाला रिम्स निदेशक का कार्यभार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर बतौर रिम्स निदेशक डॉ राजकुमार ने मंगलवार 29 अप्रैल को कार्यभार संभाला। इस दौरान डॉ राजकुमार एक्शन मोड में दिखे। पहले ही दिन रिम्स के फैकल्टी प्रमोशन के अटके मामले सहित रिम्स से जुड़े अन्य मामलों पर उन्होंने अहम निर्णय लिए। मौके पर मीडिया से बात करते हुए डॉ राजकुमार ने कहा कि रिम्स की प्रगति को लेकर वे कृतसंकल्पित हैं। एमआरआई के लिए पुरानी जीबी में सहमति नहीं बनी थी, कैबिनेट का निर्णय था और एग्रीमेंट हो गया है। टेंडर से एल1 निकाला था और जीबी में फैसला नहीं हो पाया था। मरीजों के हित को ध्यान में रखते हुए इसको लेकर निर्णय की कार्य योजना बनाई है। वहीं रिम्स का एक नंबर गेट काफी जर्जर स्थिति में है, इसलिए उसे तोड़ने का फैसला लिया गया है। गेट नंबर 2 और कोकर के रास्ते से तत्काल आवाजाही होगी।

## न्यायालय के निर्णय का सम्मान करता हूं : स्वास्थ्य मंत्री

- रिम्स की प्रगति को लेकर कृतसंकल्पित हूं : डॉ राजकुमार



हाईकोर्ट के आदेश पर एक बार फिर रिम्स निदेशक बने डॉ राजकुमार को लेकर सियासत शुरू हो गई है। इस मुद्दे पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि मैं न्यायालय के निर्णय का सम्मान करता हूं। साथ ही उन्होंने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी इस मामले में राजनीति कर रही है। उन्होंने निदेशक की नियुक्ति को लेकर उठे जातिवाद के सवालों पर कहा कि सरकारी पद की कोई जाति नहीं होती। उन्होंने कहा कि रिम्स निदेशक की नियुक्ति जात-पात देखकर नहीं की गई है।

## भाजपा नेता ने कांग्रेस पर साधा निशाना

इधर, स्वास्थ्य मंत्री के आरोप पर पलटवार करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि जाति की राजनीति कांग्रेस करती है। पार्टी के मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने कहा है कि जातिवाद का जहर फैलाने का काम कांग्रेस नेता राहुल गांधी करते हैं, जो खुलेआम जाति पूछते हैं और उनकी पार्टी जाति की राजनीति में विश्वास करती है। वहीं बीजेपी सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास में मान्यता रखती है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नहीं, बल्कि दलित समाज के लोगों ने यह कहा कि एक दलित व्यक्ति को बिना कोई आरोप के बर्खास्त कर दिया गया। उन्होंने कहा कि एक दलित समाज का व्यक्ति जो उच्च पद पर आसीन है उसे बेवजह परेशान करना अनुचित है। शायद यही वजह है कि हाईकोर्ट ने भी इसे सही मानते हुए सरकार के आदेश को निरस्त किया है।

# मंईयां सम्मान योजना के कैंप में आधार सीडिंग के लिए उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निदेशानुसार मंगलवार को जिला के सभी पंचायतों में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें योजना अंतर्गत लाभुकों के बैंक खाते से आधार सीडिंग की जा रही है। आज अपराह्न 3:00 बजे तक कैंप में झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के आधार सीडिंग का कार्य किया जायेगा। शहरी क्षेत्र के लाभुकों के लिए संबंधित बैंक में आधार सीडिंग की व्यवस्था की गयी है।



**इन लाभुकों की हो रही आधार सीडिंग**

उपायुक्त ने योजना अंतर्गत लाभुकों से कैंप में उपस्थित होकर अपना आधार सीडिंग कराने की बात कही गयी है। कैंप में उन लाभुकों के बैंक खाते से आधार सीडिंग की जा रही है, जिन्हें 3 महीने की एकमुश्त सम्मान राशि 7500 रुपए 03.04.2025 या उसके पश्चात मिली है। जिन लाभुकों को 03.04.2025 से पहले एकमुश्त तीन महीने की सम्मान राशि बैंक खाते में स्थानांतरित की गई थी, उन्हें कैंप में आने की आवश्यकता नहीं है, उनका आधार बैंक खाते से सीडेड है।

# मारवाड़ी ब्राह्मण सभा आज मनाएगी श्री परशुराम जयंती

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मारवाड़ी ब्राह्मण सभा रांची बुधवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव का आयोजन किया जाएगा। विदित हो की वैशाख शुक्ल, अक्षय तृतीय, विक्रम संवत 2082, बुधवार को ब्रह्म समाज के जनक भगवान परशुराम का जन्मोत्सव है। ब्राह्मण सभा रांची में प्रातः 9:00 बजे सालासर मंदिर प्रांगण में हवन और पूजन का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य पुरोहित प.श्री श्याम सुंदर भारद्वाज के सानिध्य में यजमान श्री महेंद्र शर्मा सपत्नी हवन पूजन संपन्न करेंगे। उपरोक्त जानकारी संस्था के अध्यक्ष अशोक पुरोहित एवं मंत्री कृष्ण लाल शर्मा ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि परशुराम जन्मोत्सव के पावन उपलक्ष्य में अपराह्न 3:00 से विशाल शोभा यात्रा 301 निशान ध्वज के साथ भजन मंडली, अनुपम झांकी, ढोल नगाड़ा, बैंड बाजा संग नगर भ्रमण ब्राह्मण भवन से प्रस्थान कर कार्ट सराय रोड, ईस्ट मार्केट रोड, मारवाड़ी टोला, गांधी चौक शहीद चौक, जैन मंदिर रोड, बड़ा लाल स्ट्रीट, सेवा सदन पथ करते हुए पुनः ब्राह्मण भवन पहुंचेगी।




इस दव्य संयोजक धर्मचंद शर्मा एवं कमल शर्मा, सहसंयोजक ममता शर्मा, सुनील शर्मा, राहुल शर्मा, मनीष शर्मा, आकाश शर्मा, पिंकी शर्मा को मनोनीत किया गया है। पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा ने कहा कि आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-जोर से चल रहा है। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष रवि शंकर शर्मा ने कहा कि सायं 6:30 बजे शोभा यात्रा का समापन आरती एवं सायं 7:00 बजे से प्रतियोगिताओं का पुरस्कार वितरण समारोह एवं रात्रि 7:30 बजे से परशुराम जी जन्मोत्सव का सामूहिक प्रसाद का आयोजन किया गया है।

# सुरेश चंद्र अग्रवाल के प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर दी गई बधाई

- मारवाड़ी सम्मेलन मे एक नई दिशा और ऊर्जा मिलने की उम्मीद : संजय सर्राफ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सुरेश चंद्र अग्रवाल के झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री सह प्रवक्ता एवं श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के प्रवक्ता संजय सर्राफ ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त की। वहीं कहा कि श्री अग्रवाल लंबे समय से सामाजिक सेवा, संगठनात्मक मजबूती और जन कल्याण के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाते आ रहे हैं। उनके नेतृत्व में संगठन को एक नई दिशा और ऊर्जा मिलने की उम्मीद की जा रही है। उन्होंने कहा कि सुरेश चंद्र अग्रवाल का अध्यक्ष बनना पूरे प्रांतीय संगठन के लिए गौरव की बात है। उनके अनुभव, दूरदृष्टि और सेवा भावना के कारण मारवाड़ी सम्मेलन में एक नई चेतना का संचार होगा। संजय सर्राफ ने विश्वास जताया कि श्री अग्रवाल के कार्यकाल में संगठन न केवल मजबूती से आगे बढ़ेगा, बल्कि जनसेवा के कार्यों में भी उल्लेखनीय तेजी आएगी। श्री अग्रवाल ने हमेशा युवाओं को संगठन से जोड़ने, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान हेतु कार्य करने की पहल की है। उनके नेतृत्व में अब प्रांतीय स्तर पर ऐसे कार्यक्रमों को और व्यापक रूप देने की संभावना है, जिससे मारवाड़ी समाज के साथ-साथ पूरे झारखंड में सामाजिक समरसता और सहयोग की भावना मजबूत होगी। यह निर्वाचन केवल संगठन के भीतर नेतृत्व परिवर्तन नहीं, बल्कि समाज सेवा की दिशा में एक सशक्त कदम है। सुरेश चंद्र अग्रवाल जैसे समर्पित कार्यकर्ता का नेतृत्व निश्चित ही झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। संजय सर्राफ ने सुरेश चंद्र अग्रवाल को माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन करते हुए जीत की बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# डीएवी हेहल में नवनियुक्त प्राचार्य का हुआ अभिनंदन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में एक विशेष आयोजन के तहत विद्यालय परिवार ने नवनियुक्त प्राचार्य बिपिन राय का स्वागत किया। श्री राय इससे पूर्व डीएवी पब्लिक स्कूल,कठारा में प्राचार्य के पद पर कार्यरत थे। अब वे डीएवी हेहल में अपने नए कार्यकाल का शुभारंभ कर रहे हैं।

प्रातःकालीन सभा में छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए श्री राय ने कहा कि अनुशासन किसी भी शैक्षणिक संस्था का मूल आधार है। यह एक ऐसा रामबाण है जो विद्यालय को उन्नति के पथ पर अग्रसर करता है। हमें मिलकर अनुशासन का निरंतर विकास करना चाहिए, ताकि हम शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकें। उन्होंने विद्यार्थियों को आत्मानुशासन, समयबद्धता और नैतिक मूल्यों के पालन हेतु प्रेरित किया। श्री राय ने शिक्षकों से भी आह्वान किया कि वे अनुशासन के आदर्श प्रस्तुत करते हुए छात्रों के समग्र विकास में सहायक बनें। सभा के उपरांत विद्यालय परिसर स्थित यज्ञशाला में एक विशेष हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। बिपिन राय ने स्वयं यज्ञ में आहुति प्रदान की और विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों की सुख,समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चारण से विद्यालय का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया।शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कर श्री राय का स्वागत किया और उनके नेतृत्व में विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया।

# 151वां श्री सुंदरकांड पाठ में उमड़े श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में मंगलवार को 151 वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। जो सत बार पाठ कर कोई छुटई बंदी महासुख होई के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। चंद्रकांत झुनझुनवाला पुष्पा झुनझुनवाला ने परिवार के साथ बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित की । चंद्रकांत झुनझुनवाला ने केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया । श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया । सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेड़ा सेवा श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने केला फल प्रसाद ओम प्रकाश छावनीका ने सेब संतरा सेवा निवेदित की। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी श्रवन ढानढनिया श्यामसुंदर शर्मा चंद्रकांत झुनझुनवाला पुष्पा झुनझुनवाला सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे।

**आज / कल**




# एसीएस के मांगों को कुलपति ने दिया पूरा करने का आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



आदिवासी छात्र संघ (एसीएस) और डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय प्रशासन के बीच वार्ता हुई। वार्ता में कुलपति ने छात्र संघ की प्रमुख मांगों पर सहमति व्यक्त की। वहीं समयबद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया। वार्ता में जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में 11 शिक्षकों की नियुक्ति आगामी 20 दिनों के भीतर की जाएगी। क्लासरूम में पंखा एवं पेयजल की व्यवस्था अगले 2 दिनों में सुनिश्चित की जाएगी। कक्षा संचालन के लिए दो नए कक्ष, विश्वविद्यालय की नई इमारत में प्रदान किए जाएंगे।

जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के लिए नए भवन का डीपीआर दो दिनों में तैयार कर सरकार को भेजा जाएगा। अखाड़ा सुंदरीकरण के अंतर्गत शेड एवं स्टेज का निर्माण कार्य 20 दिनों में प्रारंभ किया जाएगा। विभागीय क्लासरूम में पार्टीशन का कार्य आगामी 2 दिनों में पूर्ण किया जाएगा। विश्वविद्यालय के सभी विभागों में शौचालयों की सफाई प्रतिदिन दो बार की जाएगी। सभी विभागों में पानी, लाइट एवं पंखे की व्यवस्था अगले 2 दिनों में सुनिश्चित की जाएगी।लाइब्रेरी में पुस्तकें, वाद्य यंत्र एवं वाद्य यंत्र सिखाने वाले शिक्षकों की व्यवस्था 20 दिनों में पूरी की जाएगी। क्लासरूम में प्रोजेक्टर की व्यवस्था भी 20 दिनों के भीतर सुनिश्चित की जाएगी। मौके पर एसीएस केंद्रीय मीडिया प्रभारी सुमित उरांव, डीएसपलीएमयू यूनिट अध्यक्ष विवेक तिर्की, सचिव अमित टोप्पो, रातू परखंड सचिव अमित टिग्गा, कोषाध्यक्ष अनुज तिर्की, बिंजल मिंज, अंजलि बड़ा, दिनेश उराँव, सीताराम उराँव, सुजीत कुमार बैथा, सोनी उराँव, कृष्णा हांसदा, खुशबू मिंज, अशोक उरांव, राजू मुर्मू, राजकुमार मुर्मू, सुमन, पुष्पा, अनीशा, बिनिता, राहुल कुजूर, रामबृत उराँव, सुनीता उरांव, फूलमनी उरांव, रोहित उरांव, वंदना उराँव, सिकंदर होन्होगा एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अनुबंध इंटरमीडिएट शिक्षकेतर कर्मचारी का समायोजन किया जाए

**रांची।** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) का प्रतिनिधिमंडल कुलाधिपति सह राज्यपाल झारखंड के नाम राज्यपाल सचिवालय में ज्ञापन सौंपा। वहीं ज्ञापन में इंटरमीडिएट कर्मचारियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए आजसू ने आग्रह किया है कि इंटरमीडिएट कर्मचारियों के हित मे रद्द करने का निर्देश दिया जाए। वहीं कर्मचारियों को कॉलेजों में पूर्व की तरह कार्य करने की अनुमति दी जाएं। 14 कॉलेजों में इंटरमीडिएट की कक्षाएं संचालित थी उन सभी कॉलेजों की ऑडिट कराई जाए। ऑडिट रिपोर्ट में गड़बड़ी मिलने पर संबंधित पदाधिकारियों पर कठोर कारवाई की जाए। सभी 14 कॉलेजों में इंटरमीडिएट की जमा प्राप्त राशि की किसी नेशनल बैंक में फिक्स्ड राशि की जाय एवं उस फिक्स्ड राशि से प्राप्त ब्याज राशि से इंटरमीडिएट कर्मचारी का मानदेय का भुगतान का प्रावधान की जाए।

# सांड के हमले से बुजुर्ग की मौत



**रांची।** जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के लटमा गांव और आसपास के इलाकों में एक उग्र सांड का आतंक छाया हुआ है। सोमवार शाम करीब 6:30 बजे इस सांड ने 65 वर्षीय दिलीप रजवार पर हमला कर उनकी जान ले ली। दिलीप रजवार एजी ऑफिस से रिटायर हुए थे और मंदिर के पास से घर लौट रहे थे, तभी सांड ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। यह सांड अब तक कई लोगों को घायल कर चुका है और इससे पहले 2 लोगों की मौत भी हो चुकी है। एक सप्ताह पहले तुंबागुटू निवासी फुचका विक्रेता सुखलाल और प्रेम नगर की सावना पर भी इसी सांड ने हमला किया था। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। ग्रामीणों के मुताबिक, लटमा गांव में रहने वाले कुछ किन्नरों ने गाय पाल रखी थी। उसी गाय का बछड़ा अब बड़ा होकर सांड बन चुका है और पूरे इलाके में दहशत फैला रहा है। 6 महीने में यह सांड दुकानों को नुकसान पहुंचा चुका है और राह चलते लोगों को मारकर घायल कर चुका है। अब महिलाएं, बुजुर्ग और स्कूली बच्चे डर के मारे बाहर निकलना बंद कर चुके हैं।



## एक नजर

### रिलेशंस ने चलाया पक्षी बचाओ अभियान

**रांची।** रिलेशंस कि ओर से भीषण गर्मी को देखते हुए डीएवी गांधीनगर स्कूल में बेजुबान पक्षियों को रक्षा के लिए पक्षी बचाओ अभियान चलाया गया। इसमें बच्चों को भीषण गर्मी में पक्षियों सहित अन्य बेजुबान प्राणियों को दाना पानी देने की अपील भी की गई। मौके पर बच्चों के बीच पक्षियों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए सिकोरे बांटे गए। साथ ही यह संकल्प दिलाया गया कि सभी अपने घरों पर सिकोरे रख कर पक्षियों को दाना पानी देकर उनकी रक्षा के करने में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से डीएवी गांधीनगर के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा, समाजसेवी डॉ अनिल कुमार, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, शरद उपाध्याय, गोविंद झा, कृष्णा प्रसाद समेत स्कूल के कई शिक्षक शिक्षिकाएं एव सैंकड़ो विद्यार्थी उपस्थित थे।

### प्रखंड स्तरीय कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड मुख्यालय स्थित विधायक कार्यालय सह सभागार में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन 2025 कार्यक्रम के तहत प्रखंड स्तरीय कांग्रेस कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जयंत बरला ने किया वहीं संचालन पार्टी के महासचिव सह प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने किया। इस मौके पर पर्यवेक्षक के रूप में मुख्य रूप से उपस्थित बेड़ो कांग्रेस कमेटी सह रांची जिला कार्यसमिति के सदस्य नवल किशोर सिंह ने बैठक का पर्यवेक्षण किया। रैली में लापुंग प्रखंड से हजारों कार्यकर्ताओं से भाग लेने एवं रैली को सफल बनाने का आह्वाहन किया। इस मौके पर नवल किशोर सिंह ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं तथा विभिन्न मोर्चाओं के पदाधिकारी तथा सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि जब कांग्रेस मजबूत होगी तब हम भी मजबूत होंगे और देश भी मजबूत होगा।

### ठाकुरगांव में साईं मंदिर का 10वीं वार्षिक उत्सव आज



**ठाकुरगांव।** बैंक मोड़ स्थित साईं मंदिर की 10वीं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की सारी तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है। उक्त जानकारी देते हुए साईं सेवा ट्रस्ट के सचिव डॉ शिव कुमार तिवारी ने बताया कि बुधवार को सुबह में साईं बाबा का विशेष पूजा अर्चना, रुद्राभिषेक व हवन का आयोजन तय है जबकि 12 बजे महाआरती का आयोजन किया जाएगा व दोपहर 1 बजे से प्रसाद वितरण सह महाभण्डारा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में अधिक से अधिक साईं भक्तों को शामिल होने का आग्रह किया।

---

कांके प्रखंड में टीएनए की परीक्षा का हुआ समापन

# शिक्षकों का किया गया आकलन 30 मई को निकलेगा रिजल्ट

## परीक्षा में बीआरपी सीआरपी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के निदेर्शानुसार प्रखंड में कार्यरत शिक्षकों का टीचर नीड एसेसमेंट (टीएनए ) की परीक्षा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय अरसंडे के सभागार में मंगलवार को सम्पन्न हो गई। यह परीक्षा 24 अप्रैल से शुरू हुई थी और लगातार पांच दिनों तक अलग अलग बैच में प्राथमिक विद्यालयों, मध्य विद्यालयों उच्च विद्यालयों एवं प्लस टू उच्च विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं का शिक्षक आकलन परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। परीक्षा टैब मोबाइल के माध्यम से ली गई। सभी कार्यरत शिक्षकों द्वारा सेंटा ऐप में रजिस्ट्रेशन किया गया उसके उपरांत तिथि अनुसार प्रत्येक शिक्षक शिक्षिकाओं ने आकलन परीक्षा में शामिल होकर तीन घंटे की ऑनलाइन परीक्षा दी गई। परीक्षा से पूर्व विभागीय निदेर्शानुसार एक घंटा प्राप्त दिशा निर्देश के अनुसार ऑडियो विजुअल डिस्प्ले किया गया जिसमें ळठअ के गाइडलाइन एवं नियम की संपूर्ण जानकारी दी गई यह तकनीकी जानकारी कंप्यूटर ऑपरेटर नसीम खान एवं इमरान अंसारी द्वारा दिया गया। आकलन परीक्षा के दौरान प्रखंड में कार्यरत बीपीओ सहित बीआरपी कृष्णा प्रसाद, राजेन्द्र रजक, सुमन सुरभि, समीउल्लाह अंसारी, धर्मेंद्र प्रसाद सिंह,जैनूल अहमद, कुमार सिकंदर, अजय कुमार, रविंद्र ठाकुर, अरविंद मिश्रा, ,थेरेपी, एमआईएस कॉर्डिनेटर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# मोनेट प्रबंधन ने सोनाडुबी नदी की कराई सफाई




**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

मोनेट डेनियल कोल वासरी प्रबंधन ने भूतनगर के निकट सोनाडुबी नदी की सफाई कराई। नदी में कोयला खदान का ओबी और कीचड़ भर गया था। डकरा खदान से कोयला उत्पादन के क्रम में निकला ओबी सोनाडुबी नदी में कीचड़ भर रहा है। भूतनगर की काफी आबादी पानी के लिए सोनाडुबी नदी पर ही निर्भर है। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए मोनेट प्रबंधन ने मशीन भेजकर नदी से कीचड़ व ओबी हटवाया। मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी ने इस नेक कार्य के लिए मोनेट प्रबंधन का आभार जताया है। वहीं सीसीएल प्रबंधन से सोनाडुबी नदी को प्रदूषित नहीं करने की अपील की है।

## न्यूज | बॉक्स

### बैंक से लौट रहे सीसीएलकर्मी से 50 हजार रूपए की छिनतई

**खलारी।** खलारी थानान्तर्गत महावीर कालोनी डकरा के निकट सीसीएलकर्मी गेंदा गंझू (उम्र 40 वर्ष) से 50 हजार रूपए की छिनतई हो गई। घटना सोमवार दोपहर पौने एक बजे की है। गेंदा गंझू बैंक आफ इंडिया की खलारी शाखा से पैसे निकाला था। बैग में पैसे रखकर अपने घर लौट रहा था। इसी बीच इंडियन ओवरसीज बैंक डकरा शाखा के पीछे महावीर कालोनी के निकट ए कपल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात अपराधी वहां आए और गेंदा गंझू से पैसे का बैग झपट्टा मारकर चलते बने। बैग में 50 हजार रूपए नगद के अलावा बैंक का पासबुक भी था। बैंक आफ इंडिया खलारी शाखा से छिनतई की जगह करीब साढ़े तीन किमी दूर है। अनुमान लगाया जा रहा है कि अपराधी बैंक आफ इंडिया के निकट से ही पीछा कर रहे होंगे। गेंदा गंझू को अकेला पाते ही छिनतई की घटना को अंजाम दिए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही खलारी थाना पुलिस अपराधियों को पकड़ने के लिए सक्रिय हो गई है। अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मालूम हो कि बैंक आफ इंडिया की खलारी शाखा से पैसा निकालकर जाने के दौरान पूर्व में कई छिनतई की घटना घट चुकी है। अपराधी बैंक के निकट से ही अपने शिकार का लक्ष्य बना लेते हैं और उन्हें अनुकूल जगह पाते ही छिनतई की घटना को अंजाम देते हैं।

### कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा 3 मई को रांची में



**रांची।** सिकोकई कराटे इंटरनेशनल झारखंड के तत्वाधान में दूसरी सिकोकई ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप का आयोजन रांची के खेल गांव में 3 मई से किया जा रहा है। प्रतियोगिता की मेजबानी झारखंड के द्वारा कि जा रही है। इस चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में साउथ एशियन कराटे फेडरेशन के अध्यक्ष सह कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन के अध्यक्ष हांशी भरत शर्मा रांची आ रहे हैं। कराटे इंडिया ऑगेर्नाइजेशन के ट्राईबल एंड माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेरमैन सह प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बतलाया कि हांशी भारत शर्मा मुख्य अतिथि के तौर पर इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इन्होंने यह भी कहा कि झारखंड के कराटे खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों के लिए या एक सम्मान की बात है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रांची आ रहे हैं। उनके रांची आने से झारखंड में कराटे खेल को और रफ्तार दी जा सकेगी। इन्होंने यह भी बताया कि प्रतियोगिता की तैयारी पूरी कर ली गई है। देश भर से कराटे खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए रांची आ रहे हैं। साथ ही विश्व कराटे महासंघ और एशियाई कराटे महासंघ के पदाधिकारी भी इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

### समर्पण शाखा ने बुजुर्गों के लिए की भोजन की व्यवस्था



**रांची।** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा ने अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में जन सेवा के कार्यक्रम के अंतर्गत बरियातू स्थित ओल्ड एज होम में बुजुर्गों के बीच भोजन का वितरण किया गया। भोजन पाकर सभी काफी प्रसन्न हुए और उन्होंने शाखा सदस्यों को आशीर्वाद दिया। मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने बताया शाखा द्वारा नर सेवा नारायण सेवा के अंतर्गत आगे भी कार्यक्रम किए जाएंगे। कार्य को सफल आयोजन के लिए वहां उपस्थित सभी बहने जिसमें शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल,शुभा अग्रवाल, दीपिका मोतिका, पिंकी शर्मा, वर्षा धानुका, हेमा पोद्दार, पूजा जैन, रश्मि राजगढ़िया, आशा संथालिया अन्य सदस्य उपस्थित रहे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी।

### एफसी अराडीह ने एसपी ब्रदर्स को 8-0 से हराया

**तमाड़ ।** पांच परगना स्पोट्र्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित फुटबॉल लीग ग्रुप बी का 23 वां मैच एफ सी अराडीह ओर एसपी ब्रदर्स के बीच जीइएल चर्च आमलेशा मैदान मे खेला गया। खेल शुरू होने से पहले एनसी स्पोटिंग के कोच मंतेश्वर के अगुवाई में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा के शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया। उन्होंने कहा कि आतंकियों द्वारा कायरता पूर्ण हमले से हिंदुस्तान झुकेगा नहीं, पाकिस्तान के गोद में पल रहे आतंकवाद को जबाव जरूर मिलेगा।खिलाड़ी, कोच, रेफरी एव एसोशिएशन के सदस्यों ने काला पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया । एफ सी आराडीह की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए विरोधी टीम एस पी ब्रदर्स को 8 - 0 से हराया । अराडीह की टीम से विश्वनाथ मुंडा ने 2, प्रकाश अहीर ने 2, प्रदीप,अशोक मुंडा, और जितेंद्र ने एक - एक गोल किया। वहीं एस पी ब्रदर्स के जयपाल ने आत्मघाती गोल किया । मैन ऑफ द मैच का खिताब एफ सी अराडीह के विश्वनाथ मुंडा को रामेश्वर मुंडा के द्वारा सम्मानित किया गया। लीग का 24वाँ मैच राज स्पोट्र्स बुंडू और डी टी तमाड़ के बीच 30 तारीख को खेला जायेगा।मैच का संचालन रेफरी गुप्तेश्वर मुंडा, महावीर पुराण, करम मुंडा, रामेश्वर मुंडा ने किया । मैच दौरान आयोजक पीपीएसए के संरक्षक हीरालाल दास, अध्यक्ष हरीश चंद्र मुंडा, उपसचिव करम मुंडा कोषाध्यक्ष रितेश गुप्ता, सदस्य लखिनरायण मुंडा, गुप्तेश्वर मुंडा , राजेश मुंडा, समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### स्कूल बस से टकराया ट्रक, बच्चे घायल




**अड़की।** खूंटी-तमाड़ रोड पर यात्री पड़ाव खसारीबेड़ा में एक स्कूल बस को कोयला लदे ट्रक ने पीछे से धक्का मार दिया। बस यात्री शेड से जा टकराई, जिससे 22 बच्चों को हल्की चोटें आई हैं और एक बच्चे के सिर में गंभीर चोट लगी है।यह घटना उस समय हुई जब एस बी पब्लिक स्कूल, सिंदरी की बस लगभग 35 बच्चों को लेकर अड़की से सिंदरी के लिए रवाना हुई थी। रास्ते में खेसारीबेड़ा के पास बस रुकी थी और बच्चे बस पर चढ़ रहे थे, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने बस को टक्कर मार दी। बस में केवल चालक ही था, कोई खलासी नहीं था।घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही अड़की में बच्चों के अभिभावक समेत अन्य ग्रामीण खसारीबेड़ा की ओर भाग-दौड़ करते पहुंचने लगे। सुनील दत्त नामक युवक ने काफी तत्परता दिखाई और दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर बच्चों को बारी-बारी से बस से बाहर निकाला।बच्चों के परिजन रो-चिल्ला रहे थे और अपने बच्चों को ढूंढकर सीने से लगा रहे थे। बच्चे भी डर से रो रहे थे। सूचना पाकर पुलिस भी दुर्घटना स्थल पर पहुंच गई। ट्रक चालक को सुरक्षित निकाला गया, जिसे गुस्साए लोग मारपीट कर रहे थे।घायल बच्चों को दूसरे वाहनों से सिटीजन्स फाउंडेशन कल्याण अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उनका इलाज हुआ। एक बच्चे हर्षदीप कुमार के सिर में चोट लगी थी और खून बह रहा था, जिसके माथे में चिकित्सक को टांका लगाना पड़ा। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है और चालकों को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई करने में जुटी है।

### अल्पसंख्यक शिक्षकों को प्रशिक्षण से रखा गया वंचित

रांची। अल्पसंख्यक विद्यालय के शिक्षकों ने कहा है कि उन्हें प्रशिक्षण नहीं दिया जा रहा है जबकि कक्षा 1 से 12 तक के सभी शिक्षकों को 50 घंटे का ऑनलाईन प्रशिक्षण करना अनिवार्य है। यह आदेश सिर्फ पूर्णतः सरकारी शिक्षकों के लिए है। अल्पसंख्यक विद्यालय के शिक्षकों को इससे दूर रखा गया है। हमलोगों को इससे अलग रखा गया है। वहीं सरकार का कहना है कि प्रशिक्षण सबके लिए अनिवार्य है।

---

आईएचएम में ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन, राज्यपाल हुए शामिल

# आईएचएम उच्च कोटि की शिक्षा देने के साथ रोजगार मुहैया करा रहा है : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर।**

इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में मंगलवार को ग्रेजुएशन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बी.एससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम, बैच 2022-25 के 77 विद्यार्थियों को अध्ययन समापन प्रमाण पत्र एवं देश-विदेश के विभिन्न होटलों तथा सेवा क्षेत्रों द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान की गयी। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार मौजूद हुए। समारोह की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के और संस्थान के छात्रों द्वारा गणेश वंदना के साथ की गई। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा राज्य की कला संस्कृति को दर्शाते हुए सराहनीय झूमर नृत्य की प्रस्तुति दी गई। राज्यपाल ने पहलगाम हमले में मारे गए मासूम निर्दोषों को श्रद्धांजलि भी दिया। उन्होंने पाठ्यक्रम पूरा कर रोजगार प्राप्त करनेवाले विद्यार्थियों की जीवन की नयी शुरूआत हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी। साथ ही छात्रों के जीवन को नयी दिशा देने वाले संस्थान के प्राचार्य एवं शिक्षकों की कड़ी मेहनत की काफी सराहना करते हुए बताया कि छात्रों के लिए यह अवसर और चुनौती का समय है। जहां छात्र अपने विवेक एवं कुशल कौशल से आतिथ्य एवं सत्कार के क्षेत्र में उन्नति प्राप्त कर सके। पर्यटन सचिव मनोज कुमार ने संस्थान द्वारा कड़ी मेहनत से अनेक उपलब्धियों को हासिल करने हेतु काफी सराहा एवं बताया कि भविष्य में संस्थान के विकास में हर जरूरतों को पूरा करने हेतु विभाग अग्रसर रहेगा। आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने इस समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के साथ सभी उपस्थितगन्नों का आभार व्यक्त करते हुए स्टूडेंट ऑफ द इयर एवं सभी सफल छात्रों को उज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा जिस उद्देश्य से संस्थान की स्थापना की गयी उस ओर संस्थान लगातार वर्षों में छात्रों उच्च कोटि की शिक्षा देने के साथ रोजगार मुहैया करा रहा है। बिदिशा रे को स्टूडेंट ऑफ द ईयर चुनी गयी तथा गोल्ड मेडल एवं 11000 रुपये नगद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया।

### सेल ने विश्व इस्पात दिवस मनाया

**रांची।** सेल सुरक्षा संगठन (एसएसओ)ने ह्यसुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व इस्पात दिवस मनाया । विश्व इस्पात संघ के तत्वावधान में यह दिवस हर साल 28 अप्रैल को विश्व स्तर पर मनाया जाता है। समारोह के एक हिस्से के रूप में, सेल के संयंत्रों और इकाइयों के कर्मचारियों के लिए सेल सुरक्षा सर्किल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सेल के विभिन्न संयंत्रों/इकाइयों से 37 प्रतिभागियों वाली कुल 9 टीमों ने भाग लिया। टीम ने निर्णायक मंडल के समक्ष कार्यस्थल पर खतरों के शमन के लिए परियोजनाओं के बारे में विस्तृत प्रस्तुतियां दीं। शॉर्टलिस्ट की गई टीमों में से, दुगार्पुर स्टील प्लांट की टीम समग्र विजेता बनी, टीम बीएसपी और आरएसपी को प्रथम रनर अप और द्वितीय रनर अप घोषित किया गया। टीम आईएसपी और एसएसपी को सांत्वना पुरस्कार दिए गए।

# चोरी की मोटरसाइकिल समेत तीन गिरफ्तार, भेजे गए जेल




**नवीन मेल संवाददाता। कांके**

पिठोरिया पुलिस ने मंगलवार को चोरी के तीन मोटरसाइकिल समेत तीन चोर को गिरफ्तार कर जेल भेजा.पिठोरिया थाना प्रभारी अभय कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि पिठोरिया बाजार से मोटरसाइकिल संख्या जेएच 01 सीइ 2659 चोरी हो गई थी.जिसके बाद पिठोरिया पुलिस ने चोरों की गिरफ्तारी को लेकर चोर की तलाश कर रही थी.उसी बीच वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार किया.उसके निशानदेही के बाद अन्य दो चोर को गिरफ्तार किया गया.चोरों के पास से पिठोरिया बाजार में हुये चोरी की मोटरसाइकिल समेत अन्य दो मोटरसाइकिल चोरी की राजभवन के समीप से जेएच जेएच 19 बी 1536 व जेएच 01 डीके 0258 भी बरामद किया.गिरफ्तार चोर कांके थाना क्षेत्र के होचर निवासी सरताज अंसारी पिता मुमताज अंसारी,गढ़ हुसीर निवासी अंकित मिश्रा पिता राजेश मिश्रा व गढ़ हुसीर निवासी वकार अहमद पिता स्व. कलीमुद्दीन अहमद को जेल भेजा गया.

---

मांडर में कांग्रेस पार्टी की हुई बैठक, संविधान बचाओ कार्यक्रम की हुई चर्चा

# पार्टी की जिम्मेदारी वफादार कार्यकर्ताओं को दी जाएगी : मुदस्सिर



**नवीन मेल संवाददाता। मांडर**

प्रखंड स्थित विधायक कार्यालय में मंगलवार को कांग्रेस पार्टी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य अतिथि मांडर प्रखंड के पर्यवेक्षक मुदस्सिर हक शामिल हुए। बैठक में 6 मई को रांची में प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रखंड से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुदस्सिर हक ने कहा कि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए तन मन से काम करना होगा। कांग्रेस पार्टी वर्ष 2025 को संगठन सृजन वर्ष के रूप में मना रही है। जिसमें पार्टी के प्रति वफादार और ऊजार्वान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। आज देश की हालात विकट परिस्थिति से गुजर रही है। बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है। देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं है। ऐसे में अगले 2029 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार को बनाने के लिए पूरे देश में कांग्रेस संगठन को धार देने का काम राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे व राहुल गाँधी कर रहे हैं। इसके लिए जिला, प्रखंड, पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करना होगा। बैठक में रांची जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष शमीम अख्तर, प्रमुख फिलिप सहाय एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, कांग्रेस के आबिद अंसारी, जमील मालिक, तबारक खान, होसे उरांव, संजय, जुवेल उरांव, राजीव रंजन, नसीम अंसारी, सेरोफिना मिंज, सरिता एक्का, मोहसिन खान, तस्लीम, अर्जुन महतो, आशुतोष तिवारी, समसुल अंसारी, बेलस मिंज समेत पार्टी के वरिष्ठ नेतागण उपस्थित थे।

# सामाजिक कुप्रथाओं के विरुद्ध ग्रामीणों को किया गया जागरूक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा हुलहूंडु गांव में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतिम दिन सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रकाश हाई स्कूल के प्राचार्य रोशन तिरु एवं मध्य विद्यालय कोचबाबोंग की प्राचार्या एस्कर टोपनो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। कार्यक्रम में डायन प्रथा, मानव तस्करी, बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथाओं के विरुद्ध ग्रामीणों को जागरूक किया गया। वक्ताओं ने इन बुराइयों के सामाजिक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए इन्हें समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया। एनएसएस स्वयंसेवकों ने शिविर के सात दिनों के अनुभवों को साझा करते हुए ग्रामीणों के साथ जुड़ाव और सामाजिक चेतना फैलाने की दिशा में किए गए प्रयासों की जानकारी दी।

पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग का हुआ आयोजन

# अभिभावकों व विद्यालय में बेहतर तालमेल होना चाहिए



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**

उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में सोमवार व मंगलवार को पैरेंट्स-टीचर्स मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नौ व दस के विद्यार्थियों के माता-पिता व अभिभावक शामिल हुए। सोमवार की मीटिंग का प्रारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा किया गया। प्राचार्या डा सिस्टर निर्मला सैमुअल ने अपने संबोधन में विद्यालय और अभिभावकों में बेहतर तालमेल बनने की बात कही। पैरेंट्स से समय-समय पर विद्यार्थी हित में सुझाव देने कहा ताकि विद्यालय सुचारू रूप से चले। शिक्षक विशाल शर्मा ने नई शिक्षा पद्धति 2020 से अभिभावकों का परिचय कराया। शिक्षिका अनिमा कांसीर ने एकेडमी संबंधी जानकारी दी। शिक्षक प्रभाकर शर्मा ने बेसिक मैथ्स और स्टैंडर्ड मैथ्स के बारे में विस्तार से बताया और शिक्षिका प्रतिमा बागे ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। वहीं मंगलवार को कक्षा दस के लिए पैरेंट्स टीचर्स मीटिंग में शिक्षिका आरती प्रसाद ने अनुशासन, एकेडमी तथा एलओसी के बारे में बताया। शिक्षक विकास मिश्रा ने इंटरनल असेसमेंट के बारे में जानकारी दी। शिक्षक सविता नंदन सिंह ने सह-पाठ्यक्रम क्षेत्र तथा माता-पिता की भूमिका के बारे में बताया। बाद में अभिभावकों ने भी विद्यार्थियों की बेहतरी के लिए आवश्यक सलाह प्रदान की। अभिभावकों ने विद्यालय-परिवार की इस तरह की मीटिंग आयोजित करने की सराहना की तथा कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ऐसे मीटिंग समय-समय पर होने चाहिए ताकि माता -पिता एवं शिक्षकों का मनोबल बढ़ा रहे तथा विद्यार्थियों की प्रत्येक गतिविधियों से माता-पिता, शिक्षक तथा अभिभावक परिचित हों। अंत में प्राचार्य सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इस मीटिंग में भाग लेने वाले सभी माता-पिता एवं अभिभावकों को धन्यवाद दिया।

### स्कूल में ओरिगामी प्रतियोगिता का आयोजन

# प्रतियोगिता से होता है कौशल विकसित : हरजाप

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़।** शहर के श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल में 29 अप्रैल को ओरिगामी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा प्रथम एवं द्वितीय वर्ग के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में इन बच्चों ने रंग बिरंगे ओरिगामी पेपर से विभिन्न प्रकार की आकृतियां जैसे जहाज, हवाई जहाज, मछली ,तोता, बत्तख आदि खूबसूरत आकृतियों को बनाकर सादे कागज पर चिपका कर उनमें रंग भरा । प्रतियोगिता में कक्षा प्रथम 'अ' से प्रथम पुरस्कार इकरा नौशाद को द्वितीय पुरस्कार आस्था को, तृतीय पुरस्कार सागर कुमार को, कक्षा प्रथम 'ब' से प्रथम पुरस्कार रियांश गुप्ता को, द्वितीय पुरस्कार मनफतेह सिंह को, तृतीय पुरस्कार दिशानी चटर्जी को, कक्षा प्रथम ' स' से प्रथम पुरस्कार आदविक तिवारी को द्वितीय पुरस्कार आस्था कुमारी को तृतीय पुरस्कार समर कुमार को एवं पीयूष पटेल को संयुक्त रूप से दिया गया। कक्षा द्वितीय 'अ' में नैंसी एवं अरनव चंद्र को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार , द्वितीय पुरस्कार ईशान जयसवाल एंड ऋतिक कुमार को, तृतीय पुरस्कार शरमन बेनीपाल को, द्वितीय 'ब 'से प्रथम पुरस्कार ज्योति कुमारी को, द्वितीय पुरस्कार पुष्प लता को, तृतीय पुरस्कार संस्कार कुमार को, द्वितीय 'स 'से प्रथम पुरस्कार अनुज पांडे को, द्वितीय पुरस्कार सिमरन कुमारी को, तृतीय पुरस्कार काव्य कुमारी को प्रदान किया गया।

ओरिगेमी का शाब्दिक अर्थ है "फोल्ड" और "पेपर"। पेपर फोल्डिंग की कला को दुनिया भर में मनोरंजन के तौर पर पसंद किया जाता है ओरिगेमी का हिंदी में मतलब है कागज मोड़ने की कला या शिल्प। यह एक जापानी कला है जिसमें कागज को मोड़कर विभिन्न आकृतियों और वस्तुओं को बनाया जाता है। ओरिगेमी शब्द जापानी भाषा के "ओरी" (मोड़ना) और "कामी" (कागज) से बना है।जहाँ इसे मूल रूप से सजावटी और औपचारिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाता था। ओरिगेमी बच्चों के लिए एक मजेदार और उपयोगी गतिविधि है जो उनकी मानसिक क्षमताओं, रचनात्मकता और समस्या-समाधान कौशल को बेहतर बनाने में मदद करती है. यह बच्चों को धैर्य, साहस और तनाव से राहत प्रदान करने में भी मदद करती है. विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरजाप सिंह ने बताया कि यह गतिविधि बच्चों को उनके पढ़ने और लिखने के कौशल को विकसित करती है ।

## रामगढ़ में रोहिंग्या मुसलमानों से पटा है क्षेत्र, जांच की मांग

**रामगढ़।** पश्चिमी बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुए हिंदुओं पर निर्मम हत्या और कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की गंभीरता को देखते हुए झारखंड की सुरक्षा व शांति व्यवस्था को बनाएं रखने के लिए सोमवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त और एसपी रामगढ़ को आवेदन सौंपा है। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व झारखंड आंदोलनकारी चंद्रशेखर पटवा ने किया। आवेदन में इन्होंने कहा कि रामगढ़ में अवैध घुसपैठियों की बढ़ती संख्या से चिंतित होकर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी व रोहिंग्यों घुसपैठियों को चिन्हित कर रामगढ़ से बहार निकलने का प्रशासन प्रयास करें। ज्ञापन के माध्यम से जिला प्रशासन को बताया कि चितरपुर प्रखण्ड में जान्हे टुंगरी (खौरागढ़ा ) चितरपुर में वन विभाग की जमीन जिसका खाता नं0 471 रकवा लगभग 150 एकड़ है। जिसमें सरकार की ओर से स्वास्थ्य केन्द्र बनाया गया था।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में संभागीय फुटबॉल का समापन

**रामगढ़।** रामगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय 54वें संभागीय फुटबॉल मैच के तीसरे दिन सोमवार को यू-17 बालक वर्ग फाइनल केंद्रीय विद्यालय चक्रधरपुर एवं केंद्रीय विद्यालय नामकुम के मध्य खेला गया। जिसमें नामकुम की टीम ने केंद्रीय विद्यालय चक्रधरपुर की टीम को 3-0 से पराजित किया। तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच केंद्रीय विद्यालय मैथनडैम एवं केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ कैंट के मध्य खेला गया। जिसमें मैथनडैम की टीम पेनाल्टी शूट से विजयी रही। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रामगढ़ में सात विद्यालयों की टीम ने शिरकत की। सात टीमों को दो पुल में बांटा गया था। पहले दो दिन सभी टीमों के बीच लीग मैच हुआ। संभागीय फुटबॉल मैच रामगढ़ कैंट के एसआरसी और पीआरसी के मेजर ध्यानचंद व नंदलाल स्टेडियम में खेले गए।

### नल जल योजना का जलमीनर दो वर्षों से बंद

# भीषण गर्मी में पेयजल की हो रही है परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता**



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम शिलाड़ीह अंतर्गत शिव मंदिर के समीप स्थित मुख्यमंत्री नल जल योजना के तहत लगभग तीन वर्ष पूर्व जल मीनार लगाया गया था।जल मीनार से स्थानीय ग्रामीणों को काफी सहूलियत होती थी लेकिन पिछले दो वर्ष से जलमिनार का सोलर प्लेट और अन्य सामान गायब हो गया है। स्थानीय ग्रामीण राम प्रसाद ठाकुर ने बताया कि यह जलमीनर 2 वर्ष से बंद है।यहाँ शिवमंदिर है जिसमें श्रद्धालुओं के भीड़ हमेशा लगी रहती है ।लेकिन शुद्ध पानी की कमी के कारण उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं चिंतामन पंडित ने कहा जलमीनार बन जाने से आसपास के लोगों को राहत मिलती। स्थानीय पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी ने कहा यह जल मीनार बनाने के लिए हमने कई बार अधिकारियों से गुहार लगाया लेकिन अबतक मरम्मत नहीं किया गया । जलमीनार बन जाने से 80 घरों को पानी की समस्याओं से निजात मिलती। इस संबध में जेई जितेंद्र कुमार ने कहा कि तेज हवा में सोलर प्लेट उड़ जाने के बाद कोई ग्रामीण प्लेट रखें हुए है तथा नाम नहीं ले रहे हैं। जिसके कारण परेशानी हो रही है। बहुत जल्द इसे बनाया जाएगा।

### उपायुक्त ने की योजनाओं की समीक्षा बैठक

# लाभुकों का शत प्रतिशत आधार सत्यापन करने का निर्देश दिया



नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़ समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला समाज कल्याण कार्यालय रामगढ़ द्वारा संचालित योजना को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रामगढ़ इन्दू प्रभा खालखो ने उपायुक्त को पीपीटी के माध्यम से जिला समाज कल्याण कार्यालय द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पोषण ट्रैकर ऐप में पंजीकृत लाभुकों का सत प्रतिशत आधार सत्यापन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने पोषण ट्रैकर ऐप में बच्चों के वजन माप का डाटा ससमय अपलोड करने का निर्देश सभी महिला पर्यवेक्षीकाओं को दिया। वहीं उन्होंने प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की समीक्षा के दौरान माह दिसंबर तक प्राप्त लक्ष्य को जल्द से जल्द पूर्ण करने एवं फर्स्ट चाइल्ड के तहत लंबित आवेदनों का सत्यापन यथाशीघ्र करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों के अति कुपोषित सभी चिन्हित बच्चों को एमटीसी सेंटर में रखने एवं उनका उचित उपचार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी चिन्हित बच्चों की सूची उनके माता/पिता के मोबाइल नंबर के साथ जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को दिया। वहीं उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं की चयन प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## पुलिस ने अवैध बालू लदा ट्रैक्टर किया जब्त,चालक को भेजा जेल

**बरकट्ठा।** गोरहर पुलिस ने अवैध बालु परिवहन करते हुए एक स्वराज कंपनी की ब्लू रंग का ट्रैक्टर को गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत जमुनिया घाटी के समीप पकड़ा। साथ ही ट्रैक्टर मालिक सह चालक सुजीत मंडल पिता सहदेव मंडल ग्राम छोटकी सरिया जिला गिरिडीह निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इस बाबत गोरहर थाना कांड संख्या 18/25 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रतिदिन सैकड़ों ट्रैक्टर से बालू का होता है परिवहन लेकिन कारवाई सिर्फ गिने-चुने पर लोगों के मुताबिक बरकट्ठा और गोरहर थाना क्षेत्र से प्रतिदिन सैकड़ों बालू लदा वाहन परिवहन करते हुए देखा जाता है। और कारवाई सिर्फ गिने-चुने पर होता है। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। लोगों की मानें तो प्रतिदिन दिन जमुआ होते हुए इचाक और हजारीबाग तक बालू का परिवहन किया जा रहा है।

# जनता दरबार में 1 दर्जन से अधिक फरियादियों ने दिया आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान के निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये। इस अवसर पर शहरी सहित विभिन्न प्रखंड से आये आवेदकों ने पीडीएस दुकान, मारपीट, आवास योजना का लाभ दिलाने, दाखिल खारिज, पेंशन, दिव्यांगता साईकिल दिलाने आदि आवेदन देकर समाधान की मांग की। मौके पर आये सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत त्वरित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा की इस सभी आवेदनों की जांच शुरू कर दें

## डेंटल स्क्रीनिंग कैंप एवं स्कूल स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम का हुआ किया गया आयोजन

**हजारीबाग।** हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल एवं संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में आर्या नगर स्थित सेक्रेड हार्ट स्कूल में डेंटल स्क्रीनिंग कैंप, अभिभावक परामर्श और स्कूल स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें निशुल्क दंत जांच, नेत्र जांच एवं सामान्य स्वास्थ्य की जांच बच्चों एवं जरूरतमंदों को किया गया। चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य देखभाल एवं उपचार पर परामर्श दिया गया। दांतों में होने वाली गंभीर बिमारीयों को भी अवगत कराया। जिसमें 310 बच्चे, शिक्षक, कर्मचारी एवं जरूरतमंदों का जांच एवं उपचार की गई। मौके पर डेंटल कॉलेज के सचिव एवं मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि बुनियादी उपचार जरूरतमंदों को निशुल्क उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना मुख्य उद्देश्य है। मौके पर डेंटल कॉलेज एवं मिशन होस्पिटल के डॉ. सौर्य गुप्ता, डॉ अनय शैलानी उराँव, डॉ श्वेता संगम, डॉ मंशी महाराज, किशलय, कृष्णेन्दु, मुस्कान एवं अभिषेक कुमार सहित कई स्वास्थ्य कर्मियों ने अपना योगदान दिया।

## वन एवं पर्यावरण मंत्री से मिलें सांसद मनीष जायसवाल



**हजारीबाग ।** सांसद मनीष जायसवाल ने मंगलवार को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र यादव से उनके कार्यालय सभागार में मुलाक़ात किया और एनटीपीसी पंकरी- बरवाडीह कोल माइंस क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के साथ रोजगार से संबंधित मुद्दा उठाया और ज्ञापन भी सौंपा। सांसद मनीष जायसवाल ने उन्हें बताया कि एनटीपीसी द्वारा पकरी-बरवाडीह कोल् माइन्स का संचालन वर्ष 2016 से किया जा रहा हैं, तथा यहां से उत्पादित कोयले को 25 किलोमीटर की दुरी पर अवस्तिथित बनादाग कोल साइडिंग से रेल द्वारा विभिन्न स्थानों पर भेजा जा रहा है। एनटीपीसी द्वारा निर्माणाधीन कन्वेयर बेल्ट और रैपिड लोडिंग सिस्टम अब तैयार हो चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए कोयले की सड़क मार्ग से ढुलाई 2026-27 से शून्य कर दिया जाएगा। यह निर्णय उन हजारों परिवारों के लिए बड़ा संकट लेकर आ रहा है, जिन्होंने एनटीपीसी के अधिकारियों के भरोसे पर डम्पर खरीदकर अपनी रोजी-रोटी स्थापित की थी। आज क्षेत्र में 500 से अधिक डम्पर संचालित हैं, जिनसे जुड़े हजारों ड्राइवर, खलासी, मिस्त्री, मोबिलाइज़र और उनके परिवार पूरी तरह इस कार्य पर निर्भर हैं। यदि एक झटके में परिवहन कार्य पूरी तरह कन्वेयर बेल्ट पर स्थानांतरित कर दिया गया, तो क्षेत्र में 5000 से अधिक लोग बेरोजगारी की चपेट में आ जाएंगे। सांसद मनीष जायसवाल ने मंत्री भूपेंद्र यादव के माध्यम से सरकार और संबंधित मंत्रालय से आग्रह करते हैं कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ रोजगार सुरक्षा को भी प्राथमिकता दें। सांसद मनीष जायसवाल ने आगामी वर्षों में सड़क मार्ग से न्यूनतम 50% कोयला ढुलाई की अनुमति जारी रखी जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके और क्षेत्र में सामाजिक एवं आर्थिक संतुलन बना रहे।

### ब्राह्मणों ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव

# शास्त्र और शस्त्र दोनों के ज्ञाता थे भगवान परशुराम : पांडेय



**बरही ।** गौरियाकरमा ब्राह्मण समाज ने फॉर्म शिव मंदिर परिसर में भगवान परशुराम का विधिवत पूजन कर जन्मोत्सव मनाया. कार्यक्रम महेश पांडेय की अध्यक्षता व सोनू पाण्डेय के संचालन में आयोजित की गई. जिसमें उपस्थित लोगों ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलित कर नमन किया. अध्यक्षता कर रहे श्री पाण्डेय ने भगवान परशुराम को शस्त्र और शास्त्र दोनों के ज्ञाता बताया. नरेश पाण्डेय ने भगवान परशुराम को बिष्णु के छठे अवतार के रूप में बताया. संचालन कर्ता ने कहा कि महर्षि जमदग्नि एवं रेणुका पुत्र ने कठोर तप कर भगवान शंकर से परशु (फरसा) प्राप्त करने थें, इस कारण इन्हे परशुराम कहा जाने लगा. जिन्होंने धर्म की रक्षा के लिए अपने परशु से राक्षसों का संहार किया था. सीता स्वयंवर के के दौरान शिव धनुष टूटने के बाद भ्राता लक्ष्मण से संवादिक विवाद व मर्यादा पुरषोत्तम के मिलन के साथ ही उनका पटाक्षेप हुआ. कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया. कार्यक्रम में पाण्डेय, उमेश पाण्डेय, अमित पाण्डेय, प्रदीप पाण्डेय, प्रमोद पाण्डेय, सुभाष पाण्डेय, सन्नी पाण्डेय, सत्यम पाण्डेय आदि कई लोग उपस्थित थे.

## नल व जलमीनार हुए फेल, आमजन संग स्कूली बच्चे भी परेशान



**बरही ।** गर्मी प्रारंभ होते ही प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल संकट गहराता जा रहा है. सभी पंचायत में नलकूप या जलनीनार की स्थिति बदतर है. इस संबध में सामाजिक कार्यकर्ता बद्री यादव ने बीडीओ जयपाल महतो को आवेदन देकर पेयजल संकट दूर करने के लिए समुचित कदम उठाने की मांग किया है. श्री यादव ने बताया है कि प्रखंड के लगभग सभी पंचायत के 75 फीसदी नलकूप और जलमीनार फेल हैं. कई पंचायत में जलमीनार प्रारंभ से ही चालू नहीं हुआ और टंकी तथा अन्य पुर्जे खराब हो गए. जलाशय सुख चुके है या सुखने के कगार पर हैं. कई स्कूल परिसर और पब्लिक क्षेत्र में लगे नलकूप दम तोड चुके हैं. हर वर्ष गर्मी आते ही इसकी चर्चा तो होती है पर इस दिशा में अब तक कोई स्थाई समाधान नहीं किया जा सका है.

### सांसद के मीडिया प्रतिनिधि का रामगढ़ में हुआ स्वागत

# सभी विधानसभा क्षेत्रों में समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ना है : रंजन

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़ 1** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी का रामगढ़ में मंगलवार को भव्य स्वागत सह अभिनंदन किया गया। रंजन चौधरी को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि का दर्जा प्राप्त है। सांसद प्रतिनिधि मीडिया रंजन चौधरी का सम्मान समारोह रामगढ़ के कलश वेंकटेश सभागार में भाजपा नेताओं एवं सांसद प्रतिनिधियों की ओर से आयोजित किया गया। स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम में रंजन चौधरी ने सांसद मनीष जायसवाल, आयोजकों और समारोह में मौजूद भाजपा कार्यकर्ताओं का तहेदिल से आभार जताया। रंजन चौधरी ने कहा कि सांसद मनीष जायसवाल ने उन्हें बड़ा दायित्व दिया है। अब हजारीबाग सदर विधानसभा से आगे बढ़कर पूरे हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्रों में समन्वय स्थापित कर आगे बढ़ना है। उन्हें उम्मीद है कि पूर्व की भांति पूरे लोकसभा क्षेत्र के लोगों का स्नेह और सहयोग उन्हें मिलता रहेगा। अपने स्वागत से अभिभूत होकर रंजन चौधरी ने रामगढ़ जिले के पार्टी के नेताओं और सांसद प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सांसद मनीष जायसवाल व पार्टी के कार्यकर्ताओं का प्रेम और आशीर्वाद ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। इस अवसर पर रामगढ़ विधानसभा के प्रमुख भाजपा नेताओं एवं सांसद प्रतिनिधियों ने रंजन चौधरी को पुष्पगुच्छ एवं अंग-वस्त्र भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। मौके पर मुख्य रूप से रामगढ़ के भाजपा जिला महामंत्री राजू चतुर्वेदी, ,रामगढ़ कैंट मंडल के भाजपा अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, रामगढ़ विधानसभा के सह- सांसद प्रतिनिधि बिनोद राम, रामगढ़ विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस, बजरंग सिंह, अशोक छाबड़ा, अमर बोदरा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# बरवां का जर्जर मुख्य मार्ग बड़ी दुर्घटना को दे रहा निमंत्रण



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के बरवां से बरकट्ठा जाने वाली जर्जर और संकरी मुख्य मार्ग बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे रही है। सड़क इतनी जर्जर और संकरी हो गई है कि कभी भी बड़ी और अप्रिय दुर्घटना घट सकती है। बता दें कि सड़क के दोनों किनारों पर मिट्टी धंस जाने से जगह जगह पर गड्ढा बनना शुरू हो गया है ।वहीं इस मार्ग से प्रतिदिन लगभग दर्जनों गांव के राहगीरों का आवागमन होता है ।साथ ही इस मार्ग से भारी वाहन,स्कूल बस,यात्री बस जैसे सैकड़ों गाड़ियों का आवागमन प्रतिदिन होती है। भारी और बड़ी गाडियां जान जोखिम में डालकर इस संकरी और जर्जर सड़क को पार करने को मजबूर हैं । कई बार तो सड़क के दोनों ओर से बडी और भारी गाडियां आ जाने से घंटों तक सड़क जाम हो जाती है। वहीं ग्रामीणों व राहगीरों ने टूटे हुए जर्जर सड़क को अविलंब मरम्मत करवाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है क अगर सड़ को नहीं बनवाया गया तो कोई बड़ी घटनाओं को अंजाम दे सकती है।

### उपायुक्त ने जिला स्तरीय मध्याह्न भोजन मॉनीटरिंग कमिटी की बैठक

# रिपोर्ट को गूगल ड्राइव में अपलोड करने का निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता**




**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय मध्यान भोजन स्टीयरिंग कम मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान सर्वप्रथम क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़ बबीता कुमारी द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्तमान में रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में संचालित मध्यान भोजन व इस संबंध में सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के संबंध में जानकारी दी गई। जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन के लए सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से उपायुक्त ने रियल टाइम मॉनिटरिंग के मद्देनजर बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मियों द्वारा मध्यान भोजन से संबंधित निरीक्षण के क्रम में जानकारी के साथ प्रारूप अनुरूप विस्तृत रिपोर्ट को गूगल ड्राइव में अपलोड करना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी विद्यालयों में पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से अधिकारियों को विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए पेयजल की व्यवस्था से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने विद्यालयों में किचन गार्डन विकसित करने हेतु ऐसे विद्यालय जीनमे किचन गार्डन के लिए जगह उपलब्ध है उन्हें चिन्हित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने शिक्षा विभाग द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में रसोइयों का आयुष्मान कार्ड बनाने एवं 60 साल से ज्यादा उम्र की रसोइयों का वृद्धा पेंशन शुरू करने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को दिया। साथ ही उन्होंने सभी सरकारी विद्यालयों में एक निश्चित समय पर ही बच्चों को एमडीएम देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## गिद्दी कॉलोनी में 24 घंटो के बाद आई बिजली, राहत

**गिद्दी।** गिद्दी ए कॉलोनी में 24 घंटा के बाद मंगलवार को शाम में पांच बजे बिजली आपूर्ति शुरू हुई। इसके बाद कॉलोनी के लोगों ने राहत की सांस लिया है। गिद्दी ए कॉलोनी में सोमवार को शाम में गरज के साथ तेज हुई बारिश के समय 5 बजकर 20 मिनट में बिजली कटी थी। इसके बाद पूरे 24 घंटा के बाद मंगलवार को 5 बजकर 10 मिनट में कॉलोनी में बिजली आपूर्ति किया गया। विभागीय कर्मियों ने बताया सोमवार को शाम बारिश के दौरान डीवीसी के लाइन में फाल्ट आ गई थी। सोमवार को रात में फॉल्ट पता नहीं चल पाया। जिसके कारण सोमवार को रात भर और मंगलवार को दिन भर गिद्दी ए कॉलोनी में बिजली आपूर्ति ठप रही। जिसके कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यहां तक की लोगों के मोबाईल चार्ज के अभाव में बंद हो गए। कई लोगों को जरुरी कार्य के लिए भाड़े में लेकर जेनेरेटर चालू करना पड़ा। बहरहाल मंगलवार को डीवीसी लाइन में आई फॉल्ट के दुरुस्त किए जाने पर शाम में 5 बजकर 10 मिनट में कॉलोनी में बिजली आपूर्ति शुरू किया गया है।

### विवि में स्वागत- अभिनंदन समारोह का हुआ आयोजन

# शिक्षा संस्कार का मंदिर है : बेदिया

**नवीन मेल संवाददाता**



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ झारखंड के सेमिनार हॉल में 29 अप्रैल को स्वागत अभिनंदन समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इस दौरान अतिथियों का स्वागत एनसीसी कैडेट्स और विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा झारखंड की संस्कृति पर आधारित गीत , नृत्य एवं पुष्प वर्षा कर किया गया। इसके बाद सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित एवं माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि समाजसेवी संजीव बेदिया ,कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह, विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ संजय कुमार,परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार,गौरव कुमार , समाजसेवी संतोष कुमार,शंकर कुमार ,बिट्टू कुमार एवं पीयूष जी उपस्थित रहे। स्वागत भाषण परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार ने दिया और कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया। कुलाधिपति बी एन साह ने सभी अतिथियों को हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किए और उन्होंने कहा कि अपने जीवन में सफलता के लिए सकारात्मक सोच, माता-पिता और गुरुजनों का आशीर्वाद जरूरी है। समाजसेवी संजीव बेदिया ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा संस्कार का मंदिर है। यह एक ऐसी जगह है जहां हम सभी को न केवल ज्ञान और कौशल प्राप्त होता है बल्कि अच्छे नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी सिखाया जाता है। यह व्यक्ति के जीवन को विकसित करने और उसे एक बेहतर व्यक्ति बनाने की एक शक्तिशाली प्रक्रिया है। साथ ही उन्होंने कहा कि अपने जीवन में सफलता पाने के लिए समय प्रबंधन जरूरी है। संजीव बेदिया ने कार्यक्रम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। विश्वविद्यालय की सचिव प्रियंका कुमारी ने सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और समाजसेवी संजीव बेदिया का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग के डॉ रंजना पांडेय और डॉ अमरेश कुमार पांडेय ने किया। मौके पर विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष , विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण, कर्मचारीगण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# डीसी ने समाहरणालय में राजस्व संग्रहण से संबंधित समीक्षा बैठक की



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेग अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्व संग्रहण से संबंधित समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विभागवार समीक्षा की गई। इस दौरान उत्पाद, जिला परिवहन, मोटरयान निरीक्षक, निलाम पत्र, मत्स्य विभाग, राज्य कर आयुक्त गुमला -सह- सिमडेगा, नगर परिषद् , खनन विभाग, जिला खनन विभाग सहित भू-लगान, दाखिल-खारिज, सुमो मोटेशन, परिशोधन पोर्टल, भूमि-सीमांकन की समीक्षा की गई। इस दौरान सभी अंचलाधिकारियों को दाखिल-खारिज से संबंधित आवेदनों का ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने परिशोधन पोर्टल के तहत प्राप्त ज्यादा से ज्यादा मामले का निष्पादन सुनिश्चित करें। बिना कारण किसी भी मामले का रिजेक्शन नहीं करेंगे। अंचलवार लगान सेंस की मांग एवं वसूली शत् प्रतिशत पूर्ण करने हेतु जलडेगा एवं ठेठईटांगर अंचलाधिकारी को निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी, एलआरडीसी सहित विभिन्न अंचलाधिकारी के न्यायालयों में लंबित मामले का भी समय से निष्पादन करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने जन शिकायत केन्द्र/ अंचल/ जनता दरबार/ सरकार एवं अपर सचिव के यहां से प्राप्त जमीन विवाद, अवैध कब्जा एवं अन्य संबंधी मामले से संबंधित आवेदनों को एक सप्ताह के अंदर निराकरण कर सूचित करेंगे। भूमि सीमांकन से संबंधित मामले को प्रायोरिटी से निष्पादन करें क्योंकि भूमि सीमांकन से ही जमीन विवाद का मामला ज्यादा उत्पन्न होते हैं।राजस्व संग्रहण की समीक्षा करें क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद् को इंडिविजुअल होल्डिंग टैक्स एवं दुकान किराए का रि एसेसमेंट कर लंबित मामले में नोटिस करते हुए राजस्व की वसूली करने की बात कहीं। इसके अलावा उपायुक्त महोदय ने सभी पदाधिकारियों को इस वित्तीय वर्ष 2025 -26 के लिए वृद्धि दर एवं लक्ष्य निर्धारित कर कार्य करें।बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, एलआरडीसी अरुणा कुमारी, खनन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, नगर परिषद प्रशासक पदाधिकारी, उत्पाद अधीक्षक, मत्स्य पदाधिकारी सहित सभी अंचलाधिकारी, सभी सीआई, हल्का कर्मचारी एवं अन्य उपस्थित थे।

## उपायुक्त ने जेबीवीएनएल के साथ की बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड(जेबीवीएनएल) की जिला इकाई की समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में बिजली वितरण,प्रधान मंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना,मुख्यमंत्री उज्ज्वला योजना तथा पुनर्निर्मित वितरण क्षेत्र योजना की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओ तथा उनकी प्रगति की जानकारी ली। कार्यपालक अभियंता विद्युत आपूर्ति प्रमंडल समस्याओ के निराकरण हेतु स्थल जाकर निबटारा करें। कहीं भी पोल खड़ा करने में आ रही अड़चनों को दूर करें। शहरी क्षेत्र के समस्त लोकेशन में चल रहे कार्यो की निगरानी की जाय,काम की गति बढ़ाई जाए ताकि शीघ्र कार्य पूरा हो सके एवं जिले में बिजली वितरण की स्थिति में भरोसेमंद सुधार हो सके। कार्य प्रगति में आने वाली बाधाओं को समन्वय बनाकर दूर करें। जिन नए क्षेत्रों में पोल या तार खींचने पेड़ो या अन्य कारण हो उन्हें स्थानीय स्तर पर हल करें।संबंधित को सूचित करते हुए कार्य बढ़ाएं।बैठक में कार्यपालक अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे।

## डीसी ने कृषि विभाग के तकनीकी के साथ किया बैठक

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कृषि विभाग के अंतर्गत जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक की गयी। बैठक में विभिन्न फसलों के उत्पादन लागत में प्रति एकड़ इकाई मूल्य तय करने का उपायुक्त ने सुझाव दिया।जिसमें मुख्य रुप से रबी,खरीफ हैं।इसके अलावे पशुपालन,मत्स्यपालन सहित अन्य के इकाई लागत तय करनेहैं, लाह उत्पादन जिसमें कुसुमी,रंगीनी,मलबरी सहित अन्य का भी सेरीकल्चर के पीपीओ से मिलकर तय करने की बात कही गई। प्रति एकड़ फसलों के तय दर पर बैंक से लोन आदि की सुविधा प्राप्त की जा सकती है।निर्देश दिया गया कि सभी अपने -अपनेआंकड़े स्पष्ट कर प्रस्तुत करें।आज की बैठक में डी डी एम नाबार्ड,जिला कृषि पदाधिकारी,जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी,जिला मत्स्य पदाधिकारी, के वी के वैज्ञानिक,तथा अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित अन्य उपस्थित थे।

# सिमडेगा में नीट परीक्षा 2025 के सफल संचालन हेतु बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी, नई दिल्ली द्वारा आयोजित नीट (स्नातक) 2025 परीक्षा के संचालन एवं विधि-व्यवस्था संधारित रखने हेतु प्रधानमंत्री स्कूल केंद्रीय विद्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में दिनांक 4 मई 2025 को आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के सफल संचालन, विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा शांतिपूर्ण और कदाचार-रहित तरीके से परीक्षा कार्य दायित्व के निर्वहन को लेकर पदाधिकारियों और शिक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस परीक्षा के लिए जिले में प्रधानमंत्री स्कूल केंद्रीय विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है, जहाँ कुल 75 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।सुरक्षा व्यवस्था के तहत विभिन्न स्थानों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। इसके अतिरिक्त, परीक्षा से पहले जिले के होटलों पर विशेष निगरानी रखने की बात कही गई। उड़नदस्ता दंडाधिकारी को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप परीक्षा सामग्री को संबंधित बैंक से परीक्षा केंद्र तक सुरक्षित पहुँचाने और परीक्षा के बाद उसे सुरक्षित लौटाने के लिए निर्देशित किया गया।उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया तथा कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की समीक्षा की। प्रधानाध्यापक ने बताया कि सभी कैमरे सुचारु रूप से संचालित हो रहे हैं। उपायुक्त ने खराब डेस्क-बेंच को हटाकर अच्छी स्थिति वाले डेस्क-बेंच लगाने का निर्देश दिया। साथ ही, खिड़कियों के टूटे-फूटे शीशों की मरम्मत समय पर करने के निर्देश भी दिए।बैठक में अपर समाहर्ता, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका, पुलिस उपाधीक्षक, जिला सूचना अधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित थे।

# नीति आयोग से चयनित कार्यान्वयन साझेदार संस्थाओं की बैठक आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**



**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा चयनित कार्यान्वयन साझेदार संस्थाओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य आकांक्षी जिला सिमडेगा एवं आकांक्षी प्रखंड बांसजोर के समग्र विकास हेतु साझा प्रयासों को गति देना था।इस बैठक में पाँच प्रमुख कार्यान्वयन साझेदार संस्थाओं – पिरामल फाउंडेशन, जनजातीय अनुसंधान एवं विकास संस्था, सूक्ष्म सेवा सलाहकार समूह, बचपन बचाओ आंदोलन तथा आदित्य बिरला फाउंडेशन – के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।उपायुक्त ने सभी संगठनों का स्वागत करते हुए नीति आयोग के विभिन्न सूचकांकों की संतृप्ति हेतु समन्वित प्रयास करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों से अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए कार्य योजना के अनुरूप कार्य करने को कहा। विशेष रूप से, बांसजोर प्रखंड में सूक्ष्म सेवा सलाहकार समूह एवं बचपन बचाओ आंदोलन को जमीनी स्तर पर सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए कहा गया।साथ ही, पिरामल फाउंडेशन एवं जनजातीय अनुसंधान एवं विकास संस्था को जिला एवं प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका तथा नीति आयोग द्वारा चिन्हित अन्य क्षेत्रों में आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के सूचकांकों के अंतर्गत विशेष सहयोग प्रदान करने का निर्देश दिया गया।बैठक के दौरान सभी संगठनों ने अपनी कार्य योजनाएं साझा कीं। उपायुक्त ने सभी संस्थाओं से जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने पर बल दिया। बैठक में जिला योजना पदाधिकारी, पिरामल फाउंडेशन, जनजातीय अनुसंधान संस्था, सूक्ष्म सेवा सलाहकार समूह, बचपन बचाओ आंदोलन तथा आदित्य बिरला फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।जिला प्रशासन ने सभी साझेदार संस्थाओं को पूर्ण सहयोग का आश्वासन देते हुए नीति आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करने की अपील की।

## रैसियां पंचायत मे बिरसा ग्राम योजना के तहत आम बागवानी योजना मे गढा खोदो अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड के रैसियां पंचायत मे बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी योजना मे गढा खोदो अभियान के तहत गढा खोदा गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी कोलेबिरा बिरेंद्र किंडो ने गांव के किसानों के खेतों में गढा खोदो अभियान की शुरूआत किया। इस मौके पर बीपीओ संजीता कुमारी ने बताया कि मनरेगा योजना से संचालित बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी योजना में गद्दा खोलो अभियान के तहत पंचायत में आम बागवानी योजना में गड्ढा खोदा गया.लाभुक योजना का संचालन बेहतर ढंग से करे. पौधौ को अच्छी तरह से देखभाल करे तथा योजना को पुर्ण कर आर्थिक स्थिति को मजबुत बनाये.वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी वीरेंद्र किंडो ने मनरेगा अंतर्गत गड्ढा खुदाई, प्रधानमंत्री आवास योजना कुप निर्माण एवं स्कूल का भी निरीक्षण किया. स्कूल निरीक्षण के क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने विद्यालय के छात्रों के पठान पाठन पुस्तक वितरण, मध्यान भोजन के बारे में जानकारी प्राप्त की. मौके पर पंचायत के मुखिया पंचायत सचिव रोजगार सेवक आदि लोगों उपस्थित थे।

## कुरडेग में भीषण सड़क हादसा एक की मौत दूसरा घायल

**कुरडेग।** कुरडेग फोरेस्ट डाक बंगला के समीप मंगलवार को दो बाइक के आमने सामने टक्कर में एक बाइक चालक की घटना स्थल पर मौत , दुसरा गंभीर रूप से घायल । घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रामअवतार साय बनगाँव निवासी अपने घर कुरडेग से जा रहा था वही खालीजोर सप्ताहिक हाट से अज्ञात बाइक चालक कुरडेग की ओर आ रहा था इसी क्रम में कुरडेग फोरेस्ट डाक बंगला के समीप दोनो बाइक में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें बनगाँव निवासी राम अवतार साय गंभीर रूप से घायल हो गया ।वहीं अज्ञात वाइक चालक मौके पर ही दम तोड़ दिया । कुरडेग थाना के एसआई ताराचन्द पासवान और पुलिस के जवान ने दोनो को कुरडेग अस्पताल लाये जहाँ डॉ अभिनव कुमार ने घायल राम अवतार साय का ईलाज करते हुए अज्ञात बाइक चालक को मृत घोषित कर दिया।

# बिजली विभाग ने कुरडेग पावर हाउस में लगाया बिजली बिल वसुली शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**




**कुरडेग।** झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के तत्वाधान में मंगलवार को विद्युत विभाग सिमडेगा के द्वारा कुरडेग पावर हाउस में बिजली बिल वसुली शिविर का आयोजन किया गया।शिविर के माध्यम से उपभोक्ताओं ने अपने बकाये बिजली बिल का भुगतान किया । राज्य सरकार के निर्देश पर बिद्युत विभाग ने बिजली बिल बकायेदारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से प्रखण्ड स्तर पर शिविर लगाकर बिजली बिल जमा लिया गया । इस अवसर पर बिजली विभाग के कर्मियों ने लोगों को जागृत करते हुए कहा कि बिजली बिल समय पर जमा करते रहें ताकि बिजली बिल का अधिक बोझ आप पर नहीं पड़े । साथ ही उन्होंने कहा कि जिन उपभोक्ताओं का बिजली बिल पाँच हजार रुपये या इससे अधिक है वो यथा शीघ्र बिजली बिल जमा कर दें अन्यथा बिना किसी पुर्व सुचना के उनका बिजली कनेक्शन काट दिया जाएगा । बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि समय पर वकायें विजली बिल जमा करें ताकि बिजली के संबंध में भविष्य में किसी तरह के असुविधा नही हो इस दौरान मौके पर उपस्थित वार्ड पार्षद अयुब अंसारी ने कहा कि बिजली विभाग द्वारा प्रखण्ड स्तर पर शिविर लगाकर बिजली बिल जमा लेने से लोगों का समय और पैसे दोनो का बचत है पहले बिल जमा करने के लिए सिमडेगा जाना पड़ता था । मौके पर आयुष सिंह , राज वर्मा , श्रवण प्रसाद , सहजाद अंसारी, पीताम्बर बेहरा उपस्थित रहे ।

## सिमडेगा का 25 वां स्थापना दिवस

# चुनौतियों के बावजूद विकास के नए आयाम गढ़ता सिमडेगा

**विकास साहू**

**सिमडेगा।** 2001 में 30 अप्रैल को गुमला के सिमडेगा अनुमंडल से जिला बना सिमडेगा अब युवा बन संभावनाओं की पटरी पर सरपट भागने को तैयार है बशर्ते सही नेतृत्व एवं अवसर मिले। अशिक्षा, गरीबी, नक्सल की समस्याएं काफी हद तक कम हुईं तो दूसरी ओर सड़क, भवन, बिजली के दिशा में बेहतर कार्य किए गए। सिमडेगा में लगभग 71 प्रतिशत जनजातीय आबादी निवास करती है जो विकास की योजनाओं में प्राथमिकता में हैं। हॉकी में राष्ट्रीय पहचान वाले जिले में गत माह राष्ट्रीय स्तर की महिला सबजूनियर हॉकी प्रतियोगिता का सफल आयोजन कर इतिहास रच दिया और यहां की अनुकूल आबोहवा, वनों से आच्छादित विरल आबादी वाला गांव, प्राकृतिक सौंदर्य, खेल-खिलाड़ी, ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व वाले पर्यटन स्थल तो सिमडेगा को विशिष्ट बनाते ही हैं।शिक्षा के क्षेत्र में सिमडेगा जिला लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर है। जिले में कुछ माह पूर्व ही राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू के द्वारा बनाए गए मॉडल डिग्री कॉलेज तथा सिमडेगा महिला डिग्री का कॉलेज का भव्य उद्घाटन किया गया। इसके अलावा जिले में एकलव्य मॉडल स्कूल, आश्रम विद्यालय संचालन की योजना है। पॉलिटेक्निक तथा आईटीआई कॉलेज संचालन वर्षों से हो रहा है, मेडिकल कॉलेज प्रस्तावित है।



समस्याएं जिनका समाधान नहीं हुआ -शहरी क्षेत्र में पाइपलाइन जलापूर्ति,अस्पतालों में चिकित्सकों की कमी,कई गाँव-टोलों में बिजली नहीं होना,जिले में उद्योग-धंधों का बेहद अभाव,ग्रामीण क्षेत्रों में अंधविश्वास अभी भी हावी,सड़क की अभाव से खाट पर सिस्टम आज भी जारी,बेरोजगारी की समस्या पलायन लगातार जारी,जंगली हाथियों की समस्या लगातार चरम पर,फुटपाथ दुकानदारों का नहीं हुआ स्थाई समाधान।

सरकारी एवं मिशनरी स्कूल शिक्षा अग्रग पंक्ति में है। साक्षरता दर 2011 की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार 67.19 है। 93 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की गई है।सिमडेगा जिला अंतर्गत बानो प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय बानो में कार्यरत शिक्षक सिम्पसन कुमार सोरेन को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया था । बिजली के क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा सिमडेगा के पवित्र तीर्थ स्थल रामरेखा धाम में भी 25 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है ताकि पर्यटन के क्षेत्र में विकास हो सके।प्रमुख उपलब्धियां हैं बीरू पावर ग्रिड का निर्माण, एस्ट्रोटर्फ मैदान,बांसजोर ,पाकरटांड केरसई प्रखंड,महिला कॉलेज,मुकुंद नायक बने पद्मश्री,सिलनबानुस डुंगडुंग एव सुमराय टेटे को ध्यानचंद अवार्ड,सलीमा टेटे को अर्जुन अवार्ड,सीनियर भारतीय हॉकी टीम की कप्तान बनीं सुमराय टेटे व असुंता लकड़ा एव सलीमा टेटे, पहली बार 2 राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता,जेनेवा के महाप्रयोग के हिस्सा बने डॉ सिद्धार्थ,दो विधायक बनाए गए मंत्री,पुरुष व महिला के लिए आईटीआई, बीरू में बना शांति भवन मेडिकल सेंटर,नवोदय व केंद्रीय एव एकलव्य विद्यालय का निर्माण, नया समाहरणालय,त्रिस्तरीय पंचायत का गठन,नगर पंचायत अब बना नगर परिषद,चिन्हित पर्यटन स्थलों में बढ़ी सुविधाएं, नए थाना-ओपी, नक्सल समस्या पर अंकुश।

# जनता ही जनप्रतिनिधि की असली ताकत : भूषण बाड़ा

**नवीन मेल संलाददाता**

- शहर के सांयपुर से शुरु से हुआ आपका विधायक आपके साथ कार्यक्रम

**सिमडेगा।** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने सोमवार को शहर के सांयपुर से जनता से सीधे संवाद की नई पहल आपका विधायक आपके साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम के माध्यम से विधायक अब सीधे जनता से जुड़कर उनकी समस्याएं सुनेंगे और मौके पर ही समाधान की दिशा में कार्य करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि जनता ही जनप्रतिनिधि की असली ताकत होती है। हमारा कर्तव्य है कि हम जनता के बीच जाकर उनकी बातें सुनें। उनकी जरूरतों को समझें और जिम्मेदारी से उसका समाधान करें। आपका विधायक आपके साथ सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतंत्र को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की एक सोंच है। उन्होंने कहा कि यह पहल हर गांव और हर पंचायत तक पहुंचेगी। विधायक ने कहा कि हम सिर्फ चुनाव के समय ही जनता से मिलने नहीं आएंगे, बल्कि हर समय उनके साथ खड़े रहेंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी जैसे हर मुद्दे पर जनता की आवाज को विधानसभा तक पहुँचाना और उस पर कार्रवाई कराना मेरी प्राथमिकता है। भूषण बाड़ा ने कहा कि वे अलग-अलग पंचायतों में इस कार्यक्रम को चलाएंगे और जनता से सीधे संवाद करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि जनता की सेवा ही हमारा धर्म है। जीप सदस्य जोसीमा खाखा ने भी लोगों को कहा क्षेत्र का विकास में लगातार विधायक आपके साथ है।ग्रामीणों ने सड़क, पेयजल, राशन वितरण, पेंशन और स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को खुलकर रखा। विधायक ने समस्याओं का जल्द से जल्द निराकरण कराने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम में तेली समाज के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद साहू, नगर अध्यक्ष अरशद हुसैन (अक्षण),विधायक प्रतिनिधि तिलका रमन,नगर विधायक प्रतिनिधि सलमान खान,तनवीर अहमद,संजय तिर्की,संगीता देवी आदि भारी संख्या में महिलाओं की भागीदारी रही।

## न्यूज बॉक्स

### बानो अनुमंडल बनाओ मंच की ओर से सांसद को अनुमंडल बनने से संबंधित सौपा फाइल

**बानो।** बानो अनुमंडल बनाओ मंच की ओर से खूटीं सांसद कालीचरण मुण्डां से भेंट कर बानो को अनुमंडल एवं हुरदा को प्रखंण्ड बनाने की फाइल सौंपकर बानो की विस्तृत जानकारी दिया । मंच के सदस्यों ने बानो को अनुमंडल बनाये जाने बानो सहित कोलेबिरा व जलडेगा प्रखण्ड के लोगों को मिलने लाभ के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिये। बानो अनुमंडल के जो आहर्ता होती है सभी आहर्ता पूरी तरह पूर्ण करती है। शिक्षा, चिकित्सा, आवागमन सभी सुविधाएं बानो में पूर्व से है। मौके पर मंच के अध्यक्ष बिरज़ो कंडुलना ,बानो प्रखण्ड सांसद प्रतिनिधि अजित कंडुलना,चूड़ामणि यादव ,बालमुकुंद सिंह ,राजेश बड़ाईक, जोलेन जोजो,सबन डांग ,प्रकाश लुगुन सहित प्रखण्ड के आम जनता उपस्थित थे।

### सिमडेगा प्रखंड कार्यालय में उद्यमिता पंजीकरण सह जागरूकता शिविर का आयोजन

**सिमडेगा।** झारखंड सरकार के उद्योग विभाग एवं झारखंड औद्योगिक अवसंरचना विकास निगम द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों की प्रतिस्पर्धात्मकता और प्रदर्शन को बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे विश्व बैंक समर्थित कार्यक्रम के अंतर्गत आज जिला उद्योग कार्यालय परिसर में "उद्यमिता पंजीकरण सह जागरूकता शिविर" का आयोजन किया गया।इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को औपचारिक रूप प्रदान करना, उद्यमिता पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाना तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी उद्यमियों को प्रदान करना था। शिविर के दौरान कुल 40 उद्यमियों ने मौके पर ही पंजीकरण कराया, जिससे जिले में औपचारिक इकाइयों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।इस अवसर पर ईओडीबी प्रबंधक, जिला उद्योग केंद्र सिमडेगा, सलमान खुर्शीद ने शिविर की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन पंजीकरण को प्रोत्साहित करते हैं और स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को मजबूती प्रदान करते हैं।कार्यक्रम में अग्रणी जिला प्रबंधक शनिश अभिजीत ने बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न ऋण एवं सहायता योजनाओं की जानकारी दी। वहीं नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक एस. पात्रा तथा स्टार्टअप इंडिया के प्रतिनिधियों द्वारा नवाचार और उद्यमिता के लिए उपलब्ध योजनाओं पर प्रकाश डाला गया।

### सोय पुल क्षतिग्रस्त, प्रशासन ने आवागमन बंद कराया

**बानो।** बानो से बाकु टोली कमडारा जानेवाली सड़क पर सोय नाला पर करोड़ो की लागत से बने पुल क्षतिग्रस्त हो गया। प्रशासन के निर्देश पर सोय नाला पुल पर आवगमन पुरी तरह बंद कराया गया।पुल के उतरी भाग मे स्लैब दब गया। जिससे पुल लगभग एक फीट नीचे दब गया तथा बीच से दरार हो गया। पुल क्षतिग्रस्त होनेऱ्से दुर्घटना की आशंका व जान माल की क्षति ना हो इसको लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह,पुलिस अधीक्षक सौरभ के अदेशानुसार बानो अंचल अधिकारी रवि भूषण प्रसाद ,थाना प्रभारी सोनू कुमार पुल की स्थिति का जायजा लिया। तथा दोनो ड्रम व बांस लगाकर पुल पर आवगमन बंद कर दिया।प्रशासन ने बताया कि पुल दबने के साथ पुल के तीन पीलर भी जर्जर हो गया है इसको लेकर सोय नाला पर लोगों का आवागम प्रशासन द्वारा मंगलवार सुबह 8 बजे से बन्द कर दिया गया।इस दौरान ग्रामीणो को काफी परेशानी का समाना करना पड़ा।पुल के दोनो छोर पर वाहन की कतार लग गयी। बानो आने व कमडारा की ओर जाने वाले लोगो को पैदल आना जाना जारी रहा। बानो थाना प्रभारी सोनु कुमार ने बताया कि ग्रामीणो की सुविधा हेतु जल्द वैक्लपिक व्यवस्था कराया जायेगा।

### धूमधाम से मनाई गई परशुराम जयंतीः शोभायात्रा और पूजा-अर्चना के साथ भव्य आयोजन

**सिमडेगा।** सिमडेगा के राम जानकी मंदिर परिसर में परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर भगवान परशुराम की विधिवत पूजा-अर्चना हुई और मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में काफी संख्या में महिला और पुरुषों ने भाग लिया, जो भगवान परशुराम की जय-जयकार कर रहे थे।कार्यक्रम आयोजन से पूर्व सिमडेगा विधानसभा विधायक भूषण बाड़ा और जिला परिषद सदस्य सीमा खाखा ने कार्यक्रम में भाग लिया। मारवाड़ी ब्राह्मण सभा के द्वारा विधायक और जिला परिषद सदस्य का स्वागत किया विधायक भूषण बाड़ा ने रामचंद्र की मंदिर रोड में परशुराम चौक का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि वह सिमडेगा विधानसभा के एक-एक नागरिक के साथ हैं और सभी समाजों के विकास के लिए योगदान करने के लिए तैयार हैं।शोभायात्रा राम जानकी मंदिर से निकलकर आनंद भवन धर्मशाला पहुंची, जहां आठ दिवसीय प्रतियोगिताओं की विजेताओं को समाज के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इसके पश्चात भगवान परशुराम की आरती की गई और सामूहिक भोज और प्रसाद वितरण के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

### बाइक और टेंपो की सीधी टक्कर, तीन घायल

**बानो।** बानो थाना क्षेत्र के बेलकरघा के समीप मंगलवार की शाम करीब चार बजे एक बाइक और टेम्पो की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में बाइक सवार बांकी निवासी जस्टिन डांग और दीपक डांग के साथ टेम्पो सवार बुरूहोंजर निवासी उदेश्वर सिंह शामिल हैं।प्राप्त जानकारी के अनुसार, जस्टिन डांग और दीपक डांग केटीएम बाइक से बानो से बांकी जा रहे थे। इसी दौरान बेलकरघा के पास विपरीत दिशा से आ रही एक टेम्पो से उनकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहन सवार सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही बानो थाना के सहायक अवर निरीक्षक विनय कुमार घटनास्थल पर पहुंचे और घायलों को तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल पहुंचाया। बाइक और टेम्पो को जब्त कर थाना लाया गया है।जस्टिन डांग और दीपक डांग की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही जिला परिषद सदस्य विरजो कडुंलना अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।

### ठेठईटांगर में कांग्रेस की बैठक, संविधान रक्षा और संगठन पुनर्गठन पर हुई चर्चा

**ठेठईटांगर।** प्रखंड में कांग्रेस पार्टी की मंगलवार को एक महत्वपूर्ण बैठक प्रखंड अध्यक्ष अशफाक आलम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी और प्रखंड प्रभारी जॉनसन मिंज उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड कमेटी का पुनर्गठन और संविधान बचाव अभियान की योजना बनाना था।विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि संविधान महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव आंबेडकर जैसे नेताओं की सोच पर आधारित है, जिसकी रक्षा कांग्रेस पार्टी ने दशकों से की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा देश को पूंजीपतियों का गुलाम बनाना चाहती है। उन्होंने वक्फ बोर्ड कानून में संशोधन को इसका उदाहरण बताते हुए कहा कि यह अडानी-अंबानी के हित में किया गया है। साथ ही उन्होंने संसद में भाजपा सांसदों द्वारा न्यायपालिका को धमकाने और पक्षपातपूर्ण व्यवहार का भी आरोप लगाया।विधायक ने यह भी कहा कि देश में छात्रों, युवाओं, महिलाओं और आम नागरिकों के अधिकारों का हनन हो रहा है। उन्होंने निशिकांत दुबे पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि आम लोगों की सुरक्षा को नजरअंदाज कर निजी आयोजनों के लिए सरकारी संसाधनों का दुरुपयोग किया जा रहा है।बैठक में प्रखंड कमेटी के पुनर्गठन को लेकर दिशा-निर्देश भी दिए गए।

### रेलवे स्टेशन में सीढ़ी से फिसलकर यात्री की मौत, परिजनों ने किया हंगामा

**बानो।** बानो रेलवे स्टेशन परिसर में सोमवार की शाम एक दुखद घटना घटी, जब प्लेटफार्म संख्या तीन पर बनी सीढ़ी से फिसलकर एक यात्री नीचे गिर गया और उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान नीरल तोपनो (उम्र लगभग 55 वर्ष) के रूप में हुई है, जो अपनी पत्नी विलासी तोपनो और दो बच्चों के साथ संबलपुर-जम्मू तवी एक्सप्रेस से संबलपुर से बानो पहुंचे थे।परिजनों के अनुसार, अपराह्न लगभग 4:15 बजे जब वे ट्रेन से उतरकर प्लेटफार्म की सीढ़ी से नीचे उतर रहे थे, उसी दौरान नीरल तोपनो अचानक असंतुलित होकर गिर पड़े और बेहोश हो गए। तुरंत जीआरपी और आरपीएफ की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बानो लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद अस्पताल परिसर में लगभग पाँच घंटे तक तनावपूर्ण माहौल बना रहा। मृतक की पत्नी विलासी तोपनो ने रेलवे प्रशासन से अनुरोध किया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे उनके निवास स्थान संबलपुर तक पहुँचाया जाए। लेकिन रेलवे प्रशासन ने नियमों का हवाला देते हुए कहा कि शव को पहले रांची स्थित रिम्स अस्पताल ले जाया जाएगा, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा।

# बदला ताबूत, अंदर से निकला किसी और का शव

**नवीन मेल संवाददाता**

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम( चाईबासा) के मनोहरपुर में मरीन इंजीनियर अहलाद नंदन महतो के पार्थिव शरीर के इंतजार में डूबे तरतरा गांव के लोगों को उस वक्त गहरा सदमा लगा, जब ताबूत खोलने पर किसी और का शव निकला। एक महीने के लंबे इंतजार के बाद भी अपने लाल के अंतिम दर्शन न कर पाने की पीड़ा ने पूरे गांव को झकझोर दिया है। तरतरा गांव का युवा अहलाद नंदन महतो सपनों को समंदर में संजोने निकला था, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। 27 मार्च को ईरान के चरक बंदरगाह पर हुए एक हादसे ने उसके सपनों के साथ-साथ परिवार और गांव की उम्मीदों को भी चकनाचूर कर दिया। करीब एक महीने की प्रतीक्षा के बाद रविवार को विशेष विमान से जब अहलाद का पार्थिव शरीर कोलकाता एयरपोर्ट पर पहुंचा और सोमवार रात उनके पैतृक गांव लाया गया, तो हर आंख नम थी। गांव में भारी भीड़ उमड़ी थी लेकिन ताबूत खोलते ही सब कुछ बदल गया। उसमें अहलाद के स्थान पर जौनपुर (उत्तर प्रदेश) के युवक मरीन इंजीनियर शिवेंद्र प्रताप सिंह का शव निकला। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए। जो आंखें अपनों के अंतिम दर्शन को तरस रही थीं, वे शोक और आक्रोश से भर उठीं। पूरा गांव मातम में डूब गया। परिजनों ने रोते-बिलखते हुए प्रशासन और विदेश मंत्रालय से न्याय की गुहार लगाई। स्थानीय प्रशासन ने हालात की गंभीरता को समझते हुए फौरन हस्तक्षेप किया। शिवेंद्र प्रताप सिंह के पार्थिव शरीर को चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल के शीतगृह भेज दिया गया, ताकि उत्तर प्रदेश से आने वाले उनके परिजनों को सौंपा जा सके। अब अहलाद का पार्थिव शरीर लाने के लिए परिवार को एक बार फिर कोलकाता जाना पड़ेगा। अहलाद के बड़े भाई रघुनंदन महतो ने मंगलवार को बताया कि कोलकाता एयरपोर्ट पर जब उन्होंने शव की पहचान करनी चाही थी, तो अधिकारियों ने उन्हें भरोसा दिलाया कि सब कुछ सही है। ताबूत पर नाम और भारतीय दूतावास का प्रमाणपत्र देखकर वे भी आश्वस्त हो गए थे लेकिन घर पहुंचने पर जब ताबूत खोला गया, तो यह घटना सामने आई। रघुनंदन महतो ने ईरान स्थित भारतीय दूतावास की चूक पर गहरी नाराजगी जताई और कहा कि इस घोर लापरवाही ने दो-दो परिवारों का दिल तोड़ दिया है।

## हाइवा की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**हजारीबाग।** हजारीबाग के छोटा ग्वालटोली बस स्टैंड के पास एक सड़क दुर्घटना में मंगलवार को एक व्यक्ति की मौत हो गई। बताया गया कि हाईवा वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार सनी कुमार राम की मौके पर ही मौत हो गई। उनके साथ मौजूद मामा नरेश कुमार राम गंभीर रूप से घायल हो गए। सनी राजा बांग्ला इंद्रपुरी का रहने वाला है। घायल नरेश कुमार राम इचाक मोड़ हजारीबाग के रहने वाले हैं। नरेश को गंभीर हालत में रांची के रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### तिसरी सीओ को दफ्तर में ही बनाया बंधक

# पुलिस से आंदोलनकारियों की हुई झड़प



**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी**

तिसरी अंचल अधिकारी द्वारा रजिस्टर टू की सत्यापित प्रति नहीं देने के विरोध में बीते 10 अप्रैल से किसान जनता पार्टी का अनिश्चितकालीन धरना के बीच आज तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में जमकर बवाल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार सीओ आज जैसे ही अपने कार्यालय पहुंचे। यहां धरना पर बैठ किसान जनता पार्टी के लोग दो समूह में बंट गए। एक समूह के द्वारा कार्यालय के बाहर से तालाबंदी कर दिया गया जबकि दूसरे समूह के द्वारा कार्यालय के भीतर से तालाबंदी करते हुए सीओ को बंधक बना लिया गया। इस दौरान मामले की सूचना पर फौरन तिसरी थाना से एसआई नन्द जी राय दलबल के साथ मौके पर पहुंचे सीओ को छुड़वाने का प्रयास किया। मगर इस दौरान भीड़ उग्र थी और कोई कुछ सुनने समझने को तैयार नहीं था। जानकारी पर बीडीओ मनीष कुमार और थाना प्रभारी रंजय कुमार भी मौके पर पहुंचे इस दौरान जमकर धक्का मुक्की हुई। मौके पर आक्रोशित भीड़ के द्वारा पथराव शुरू कर दिया गया जिसमें एसआई नन्द जी राय, महिला कांस्टेबल समेत अन्य पुलिस कर्मी घायल हो गए। इस दौरान स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठियां भांजनी पड़ी। वहीं बीडीओ की उपस्थिति में गेट के बाहर और भीतर जड़ा ताला तोड़ा गया। इतना ही नहीं कड़ी मशक्कत कर सीओ के चैंबर में भीतर से लगे लॉक को तोड़कर सीओ को वहां से निकाला जा सका। जिसके बाद भीड़ और भी उग्र हो गई और सीओ के वाहन को जलाने का प्रयास किया गया। घटना में वाहन की सीट जली है।इस दौरान काफी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची और उपद्रवियों को खदेड़ा। मिली जानकारी के अनुसार घटना में बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी व पुलिस कर्मी समेत 13 घायल हैं। वहीं दूसरी ओर किजपा के अध्यक्ष अवदेश सिंह समेत तीन लोग घायल हुए हैं। जिनका इलाज कराया गया है। जबकि एसआई नन्द जी राय, महिला कांस्टेबल और अवधेश सिंह को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर भेजा गया है। बवाल की सूचना पर एसडीएम अनिमेष रंजन, खोरीमहुआ एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद, सरिया बगोदर एसडीपीओ धनंजय राम,गांवा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, हिरोडीह थानाप्रभारी धर्मेंद्र अग्रवाल बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस द्वारा दर्जन भर लोगों को हिरासत में लिया गया है। जबकि हंगामा करने वालों को चिन्हित कर खोजबीन की जा रही है।

## आईजी पहुंचे तिसरी,कहा विधि सम्मत की जाएगी कार्रवाई

इधर घटना की जानकरी पर शाम को बोकारो जॉन के आईजी डॉ. माइकेल राज एस भी तिसरी पहुंचे। जहाँ थाने में उन्होंने अधिकारियों से स्थिति को जाना जिसके बाद प्रखंड सह अंचल कार्यालय की स्थिति को भी देखा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण रजिस्टर टू कॉपी की मांग को लेकर बैठे हुऐ थे। ग्रामीण उग्र हो गए और सीओ को कार्यालय में बंद कर दिया। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर सीओ को छुड़वाया इसी बीच सीओ की गाडी थाना प्रभारी के गाडी को क्षतिग्रस्त कर दिया और पत्थरबाजी भी किया गया है। इसमें एक अफसर और एक महिला को गंभीर चोट लगी है। अभी अनुसन्धान जारी है और स्थिती सामान्य है। कुछ लोगों को डिटेन करके रखा गया है,विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## घटना को बताया प्रशासन की चूक पूर्व विधायक ने जांच की मांग की



नवीन मेल संवाददाता। तिसरी तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में पुलिस - प्रशासन और किसान जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच हुए हिंसक झड़प के अगले दिन मंगलवार को धनवार पूर्व विधायक सह माले नेता राजकुमार यादव प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचे। जहाँ उन्होंने स्थिति का जायजा लेते हुए अंचलाधिकारी अखिलेश्वर प्रसाद से मुलाकात कर घटना की विस्तृत जानकारी ली।वहीं उन्होंने दूसरे पक्ष के घायल लोगों से भी मुलाकात करने की बात कही। मौके पर उपप्रमुख बैजू मरांडी, पंसस माला सिन्हा, माले प्रखंड सचिव मुन्ना राणा,राजकुमार शर्मा,लालू राय, मुन्ना गुप्ता,पिंटू यादव समेत अन्य उपस्थित थे। राजकुमार यादव ने इस घटना को निंदनीय बताते हुए इसे प्रशासन की चूक बताया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश के संविधान में लोकतांत्रिक आंदोलन करने का अधिकार है और अपने अधिकार को मनवाने के लिए जो संवैधानिक व्यवस्था है उसके तहत आंदोलन कर सकते हैं। पिछले कई दिनों से रजिस्टर 2 की मांग को लेकर किसान जनता पार्टी का आंदोलन चल रहा था।

## 14 को भेजा न्यायिक हिरासत में जेल, 250 अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी

तिसरी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में किसान जनता पार्टी और पुलिस - प्रशासन के बीच हुए हिंसक झड़प मामले में पुलिस ने कार्यवाई करते हुए लगभग 14 लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया है। वहीं इस झड़प में गंभीर रूप से घायल हुए किसान जनता पार्टी के अध्यक्ष अवधेश सिंह का पुलिस की निगरानी में इलाज चल रहा है। इस मामले में तिसरी पुलिस ने प्रखंड विकास पदाधिकारी सह मजिस्ट्रेट मनीष कुमार के लिखित आवेदन पर कांड संख्या 32/25 दर्ज किया। जिसमें 14 नामजद और 200 से 250 अज्ञात के विरुद्ध सरकारी पदाधिकारी को बंधक बनाने,सरकारी काम में बाधा,सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने, जान से मारने की नियत से मारपीट करने समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। मामले में अवधेश कुमार सिंह,भागीरथ राय,नीलम कुमारी,खुशबू देवी,जहाँगीर अंसारी,अफसर खाँ,विक्रम मुर्मू,मुंशी मुर्मू,छोटू हेमब्रम,सुमनी सोरेन,मालती देवी,केशिया देवी,आलिजाबेज मुर्मू,मसो. ललिया को नामजद बनाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार इसमें से लगभग लोगों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। इसके अलावे 250 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। विदित हो कि रजिस्टर टू की प्रति की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसान जनता पार्टी और पुलिस के बीच झड़प हो गई थी। जिसमें लगभग 16 लोग घायल हुए थे।

### आतंकवाद के खिलाफ जन आक्रोश रैली

# मवि के छात्र -छात्राओं ने निकाली रैली, लगाए देश भक्ति के नारे




**नवीन मेल संवाददाता। डुमरी**

आतंकवाद इस धरती की बुनियाद तक जाकर अपनी जड़े मजबूत कर रहा है। विश्व के सभी देशों को एकजुट होकर इसका समूल नाश करना होगा। इसरी बाजार के पीएनडी जैन उच्च विद्यालय एवं पीएनडी जैन मध्य विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सोमवार को पहलगाम आतंकवादी हमलें के विरोध में जनाक्रोश रैली निकाली। विद्यालय प्रांगण से निकली इस रैली का नेतृत्व अधिवक्ता अशोक कुमार जैन विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनील कुमार जैन एवं वरिष्ठ शिक्षिका संगीता जैन कर रहे थे।रैली में बच्चे बैनर एवं तख्तियों के साथ आतंकवाद के खिलाफ नारे लगाते हुए चल रहे थे। पहलगाम के हत्यारों को फांसी दो,पाकिस्तान अब तेरी खैर नहीं, भारत का बच्चा-बच्चा करे पुकार, खत्म करेंगे आतंकवाद की पैदावार आदि सरीखे नारे लगा रहे थे। अहिंसा चौक पर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। बच्चे चिरैयां मोड होते हुए अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं बच्चों ने प्रभारी एसडीओ को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम एक लिखित ज्ञापन सौंपा।रैली में रजत जैन,दयानंद कुमार,डॉं विवेक जैन, वैभव रानी,एतवारी महतो,रवींद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा गया पंचायत सचिव, एसीबी टीम ने किया गिरफ्तार

**पाकुड़।** एसीबी की टीम ने 10 हजार रुपये रिश्वत लेते पंचायत सचिव वतन कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है. वतन, पाकुड़ सदर प्रखंड के जमशेदपुर पंचायत के पंचायत सचिव हैं. दुमका से आयी एसीबी की टीम ने उसे गिरफ्तार कर अपने साथ ले गयी. गिरफ्तार पंचायत सचिव को एसीबी टीम अपने साथ दुमका ले गयी. एसीबी की टीम की कार्रवाई के बाद सरकारी एवं अनुबंध कर्मियों में हड़कंप मच गया. एसीबी के पदाधिकारी ने बताया कि लाभुक सिंचाई कूप के निर्माण कार्य को लेकर एजेंट से 20 हजार रुपए रिश्वत की मांग कर रहा था, जिससे लाभुक तंग आकर इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो दुमका से की. इस शिकायत के आधार पर एसीबी टीम ने जांच शुरू की. जानकारी के मुताबिक पंचायत सचिव को रिश्वत की राशि देने के लिए सदर प्रखंड कार्यालय के निकट एक नाश्ते की दुकान में बुलाया और 10 हजार रुपये की राशि लेते ही एसीबी की टीम ने धर दबोचा.

### स्वास्थ्य मंत्री का पूर्व विधायक व कांग्रेसियों ने किया स्वागत

# अनुमंडलीय अस्पताल की कमी से मंत्री को कराया अवगत



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

कोडरमा से रांची लौटने के क्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी का पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला यादव की अगुवाई में स्थानीय कांग्रेसियों से स्वागत किया. इस दौरान बरही चौक पर युवा कार्यकर्ता कुणाल कटरियार सहित उपस्थित युवाओं ने मंत्री को शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया. मंत्री डॉ अंसारी ने कहा कि पूर्व विधायक श्री अकेला उनके पुराने मित्र हैं. उनके आमंत्रण पर उन्होंने अपने यात्रा के दौरान बरही के कार्यकर्ताओं से मुलाकात किया और संगठन मजबूती पर संक्षिप्त चर्चा किया. उन्होंने कहा कि आगामी 3 मई को राजधानी रांची में संविधान रक्षा रैली का आयोजन किया गया है. इस रैली में अधिकाधिक संख्या मे बरही से कांग्रेसी पहुंचे, यह उनकी हार्दिक इच्छा है. उन्होंने पहलगाम की घटना का कड़ा निंदा करते हुए पूरी दुनिया से आतंकवाद समाप्त करने पर जोर दिया. मंत्री ने राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने के लिए हर जरूरी कदम उठाने की बात कही.पूर्व विधायक ने अनुमंडलीय अस्पताल में चिकित्सकों की कमी आदि की समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया. इस अवसर पर कई कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद थे.

## नाली निर्माण में गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने की मांग



**बरकट्ठा।** सरकार की महत्वकांक्षी योजना जीटी रोड सिक्सलेन चौड़ीकरण का कार्य कछुए की गति से प्रगति पर है। बरकट्ठा में चल रहे नाली निर्माण में कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। इस बाबत कांग्रेसी नेता संतोष कुमार देव ने बताया कि निर्माण कार्य करा रही एजेंसी के द्वारा सर्विस रोड के बगल से नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिसमें कंपनी के द्वारा खानापूर्ति करते हुए 8 एम एम का छड़ लगाया जा रहा है। जबकि दस से बारह एम एम का छड़ लगाना चाहिए था। साथ ही ढ़लाई में सिमेंट कम मात्रा में दिया जा रहा है। जिससे आने वाले समय में नाली कभी भी टुट सकता है। उन्होंने एनएचएआई और सरकार से गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराने की मांग की है।

## पानी की समस्या को लेकर क्षेत्र में मचा हहाकार, ग्रामीणों ने किया दो घंटे सड़क जाम



**गावां गिरिडीह।** मंझने के ग्रामीणों ने अनियमित पेयजलापूर्ति के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान हाथ मे खाली बाल्टी, देकची आदि लेकर लोग मुख्य सड़क पर बैठ गए। जिससे गावां सतगावां पथ में लगभग दो घण्टे तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। इस दौरान ग्रामीणों ने विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ग्रामीणों का आरोप था कि विभाग के द्वारा सभी मुहल्लों में पाइप नही लगाया गया है। जिससे काफी संख्या में लोग पेयजल से वंचित हो जा रहे है। ग्रामीणों का कहना था कि पाइप जगह जगह लीक होने के कारण सड़क पर भी पानी बहता रहत है। ग्रामीणों का कहना था कि मंझने में एक व्यक्ति के द्वारा अपनी मुहल्ले में पेयजलापूर्ति का पाइप लाइन नही बिछाने से आक्रोशित होकर दूसरे मुहल्ले में जा रहे पाइप लाइन को तोड़ दिया है। जिससे काफी परेशानी हो रही है। सड़क जाम की सूचना पर थाना प्रभारी अभिषेक कुमार सिंह स्थल पर पहुंचे।

## झारखंड राज्य मनरेगा अभियंता संघ ने स्व.जेई श्यामदत्त शुक्ला को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी

**गिरिडीह।** झारखंड राज्य मनरेगा अभियंता संघ द्वारा मंगलवार को गिरिडीह के झंडा मैदान में शोक सभा आयोजित कर मनरेगा जेई श्यामदत्त शुक्ला को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई। श्यामदत्त शुक्ला पाकुड़ जिले के सदर प्रखंड में जेई मनरेगा के पद पर कार्यरत थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु हो गई। जिसके बाद झारखंड राज्य मनरेगा अभियंता संघ के आवाह्न पर मंगलवार को झारखंड राज्य के सभी जिलों में अभियंता संघ की ओर से दिवंगत मनरेगा अभियंता के याद में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे सभी मनरेगा अभियंताओ ने दिवंगत अभियंता को भावपूर्ण श्रदांजली अर्पित की।इसी संदर्भ में गिरीडीह जिला के अभियंता संघ द्वारा झंडा मैदान में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे सभी प्रखंडों से अभियंता गण उपस्थित हुए ओर दिवंगत अभियंता को अश्रुभरे नैन से भावपूर्ण श्रदांजली अर्पित की -जिसमे रंजीत कुमार एई, आकाश कुमार गुप्ता एई , राजीव कुमार एई ,रूपेश कुमार जेई,त्रिभुवन महतो जेई, संजय साहू जेई, मो रईस जेई आदि उपस्थित हुए।

# बरही के दो अल्ट्रा साउंड सेंटर सील नियमों की कर रहे थे अनदेखी



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**

हजारीबाग रोड स्थित झारखंड डायग्नोस्टिक और धनबाद रोड स्थित ओम डायग्नोस्टिक अल्ट्रा साउंड को सील कर दिया गया है. यह कारवाई डीसी के निदेर्शानुसार हजारीबाग की चिकित्सीय दल ने औचक निरीक्षण के दौरान नियमों के अनुपालन नहीं करने के आरोप में किया गया है. जांच करने पहुंची टीम ने बताया कि दोनो अल्ट्रा साउंड संचालक को सिर्फ गर्भवती महिलाओं को रेडोटोलॉजिस्ट की उपस्थिति में जो जांच करने के निर्देश प्राप्त थे.परंतु निरीक्षण के दौरान रेडियोलॉजिस्ट चिकित्सक नही पाए गए, जो नियम विरुद्ध था. जांच दल ने बताया कि नियमविरुद्ध चलाए जा रहे सेंटर में भ्रूण जांच इत्यादि की शिकायते मिली हैं. जांचोपरांत उचित कारवाई की जायेगी. जांच दल में डॉ राहुल कुमार, डॉ सुभाष कुमार, डॉ जूही और एसडीएच बरही के उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी शामिल थे. जिसमे बतौर निरीक्षण मजिस्ट्रेट नवीन भूषण कुल्लू शामिल रहे. मजिस्ट्रेट ने बताया की शीघ्र ही अवैध नर्सिंग होम और अन्य स्थलों पर संचालित अल्ट्रा साउंड की जांच की जायेगी.

# तेज हवा से पोल्ट्री फार्म संचालक को लाखों का किया नुकसान



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय**

अचानक से आए आंधी तूफान ने गांडेय प्रखंड के कई गांवों में ग्रामीणों को नुकसान पहुंचाया। बता दे कि गांडेय प्रखंड में सोमवार को करीब चार बजे अचानक से तेज हवा ओर हल्की फुल्की बूंदा बूंदी होने से कई लोगों की घरों को अलबेस्टर को उड़ा दिया गया। गिरनिया मोड़ के भागवत सिंह के दुकान का चार सीट को तूफान ने उड़ा दिया, जिससे दुकान में रखे अन्य सामान का नुकसान हो गया। गांडेय प्रखंड के मेदनी सारे पंचायत के कर्मटांड गांव में पोल्ट्री फार्म संचालक प्रकाश यादव का मुर्गी शेड के चार शीट को तेज रफ्तार के तूफान ने उड़ा दिया, जिससे काफी नुकसान हुआ। पोल्ट्री फार्म संचालक प्रकाश यादव ने बताया कि शेड में करीब दो हजार के मुर्गी के चुजे भी थे तेज आंधी के कारण करीब एक हजार चुजे की मौत हो गई, जिसे करीब एक लाख का नुकसान हो गया है। श्री यादव कहा कि हमने जितनी पूंजी लगाई थी वह सब इस हवा और तूफान ने बर्बाद कर दिया। अब अपने कारोबार को किस तरह का आगे ले जाएंगे यह अब हमारे लिए परेशानी का सबब बन गया है। हमारी सारी मेहनत पानी में चली गई है। गांव के लोगों का काफी नुकसान पहुंचा है।


## कार्यालय - जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी

(जिला आयुष समिति, खूँटी)

पशुपालन परिसर, (Veterinary Campus),कचहरी मैदान के सामने, पोस्ट्+पु० - खूँटी, जिला - खूँटी, राज्य - झारखण्ड, पिन - 835210

पत्रांक–............/आयुष | खूँटी, दिनांक–

**संशोधित कार्यालय आदेश**

निदेशक आयुष, आयुष निदेशालय, झारखण्ड राँची के पत्रांक सं0 – आयु0 निदे0 (बजट)–05/2023–247 (आयुष) के निर्देश के आलोक में DRE 2024-25 Part-II उपलब्ध कराया गया है। जिसमें Component No-24 में वर्णित A-AAM Upgraded From HSC मद में सिर्फ पुरूष योग प्रशिक्षक का बजट प्राप्त है। जिसके आलोक में अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक सं0 – 99 (आयुष) खूँटी, दिनांक – 16.04.2025 में आंशिक संशोधन किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | पद का नाम | पद की संख्या | आवश्यक आहर्ता | पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | योग प्रशिक्षक (पुरूष/महिला) | पुरूष–28 महिला–4 | किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से योग के विषय पर डिग्री/डिपलोमा/सर्टिफिकेट कोर्स का होना या योगा सर्टिफिकेषन बोर्ड/प्रधानमंत्री कौषल विकास योजना से सर्टिफाईड योग प्रशिक्षक होना अनिवार्य है। | योग प्रशिक्षक को प्रत्येक सत्र के लिए रू0 250/– प्रति योग सत्र देय होगा। |

अधोहस्ताक्षरी के पत्रांक सं0 – 99 (आयुष) खूँटी, दिनांक – 16.04.2025 द्वारा प्रकाशित विज्ञापन में महिला योग प्रशिक्षकों के पदो की संख्या के सामने अंकित 28 के स्थान पर 04 पढा एवं समझा जाएगा जो कि A-AAM Upgraded From AYUSH Dispensary खूँटी अन्तर्गत सेन्टरों में कार्य करेंगी।

उक्त विज्ञापन को इस हद तक संशोधित समझा जाए। शेष कंडिका/शर्तें यथावत रहेंगी।

(नोटः– पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन PR संख्या–350451 को इस हद तक संशोधित किया जाता है।)

जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सदर अस्पताल, खूँटी। | जिला आयुष चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी। | सिविल सर्जन, खूँटी।

PR 351338 Health Med Edu and Family Welfare (25-26)_D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय

## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला

Email-eedwsd.gumla@gmail.com

अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 01/2025–26

द्वितीय आमंत्रण

1. विभाग का नाम – पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता – कार्यपालक अभियता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,गुमला
3. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय – 02/05/2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से
4. बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – 08/05/2025 को 5.00 बजे अपराह्न तक
5. सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय – 08/05/2025 के अपराह्न 5.00 बजे से।
6. निविदा खोलने की संभावित तिथि एवं समय – 09/05/2025 के पूर्वाह्न 11.00 बजे से।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम – कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गुमला
8. प्रोक्योरमेंट कार्यालय का सम्पर्क नम्बर – 7488491963
9. ई–प्राक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नम्बर – 7488491963
10. कार्य की विवरणी

| क्र0 | कार्य का नाम | नलकूप की अनुमानित संख्या | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण बिपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Supplying Labour, Vehicle With Fuel & Lubricants With All Tools & Plants for The Repair & Maintainance of Drilled Tube Wells in The Rural Areas for District Gumla for The Year 2025-26 Major Repair – 600 & Minor Repair 367 Nos Total Nos - 967 T/Well | 967 | 7,15,159 | 14,300 | 1,250 | 30 सितम्बर 2025 तक |
| 2 | Supplying Labour, Vehicle With Fuel & Lubricants With All Tools & Plants for The Repair & Maintainance of Drilled Tube Wells in The Rural Areas for District Gumla for The Year 2025 -26 Major Repair – 600 & Minor Repair 367 Nos Total Nos - 967 T/Well | 967 | 7,15,159 | 14,300 | 1,250 | 30 सितम्बर 2025 तक |
| 3 | Supplying Labour, Vehicle With Fuel & Lubricants With All Tools & Plants for The Repair & Mainta inance of Drilled Tube Wells in The Rural Areas for District Gumla for The Year 2025 -26 Major Repair – 600 & Minor Repair 366 Nos Total Nos - 966 T/Well | 966 | 7,14,420 | 14,290 | 1,250 | 30 सितम्बर 2025 तक |

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गुमला।

PR 351348 Drinking Water and Sanitation(25-26)D

सुप्रभात

विचार प्रवाह

प्रिय परमपिता, चाहे जो भी परिस्थितियां मेरे समक्ष आयें, मैं जानता हूँ कि वे मेरे उत्थान की अगली सीढ़ी का प्रतिनिधित्व करती हैं। मैं सभी परीक्षाओं का स्वागत करूँगा क्योंकि मैं जानता हूँ कि मुझमें उन्हें समझने की बुद्धि एवं उन पर विजय पाने की शक्ति विद्यमान है। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

### ट्रंप टैरिफ और पाकिस्तान की चुनौती

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ चुनौतियों और पहलगाम में 26 पर्यटकों की आतंकी हमले में नृशंस हत्या के बाद देश भर में सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यमों (एमएसएमई) की चुनौतियां बढ़ गई हैं। यद्यपि अमेरिका ने 26 फीसदी टैरिफ पर 90 दिनों का विराम लगाकर कुछ राहत दी है, लेकिन अमेरिकी बाजार पर निर्भर अधिकांश एमएसएमई निर्यातक अमेरिकी खरीदारों द्वारा छूट की नई मांग और अनुबंधों पर नए सिरे से बातचीत के अलावा भुगतान में देरी जैसी समस्याओं से जूझते हुए चिंताग्रस्त हैं। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस नए व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के पास चुनौतियों के बीच आगे बढ़ने के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति शृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। इसमें दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उससे उन्हें उबारने के लिए जहां एक ओर सरकार को चुनौतियों के समाधान के लिए रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा, वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार रहना होगा। महत्वपूर्ण है कि सरकार निर्यातकों को सहारा देने के लिए 2,250 करोड़ रुपए के निर्यात संवर्धन मिशन को तेजी से लागू करने और बिना बंधक के कर्ज देने की योजना बना रही है। साथ ही चालू वित्त वर्ष 2025-26 में एमएसएमई को दिए जाने वाले कर्ज का लक्ष्य पिछले वर्ष की तुलना में करीब 20 फीसदी बढ़ाकर 17.5 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है। एमएसएमई क्षेत्र भी नवाचार, प्रतिस्पर्धा, क्षमता में सुधार तथा शोध की डगर पर आगे बढ़ने की तैयारी कर रहा है। एमएसएमई क्षेत्र देश के विनिर्माण, निर्यात और रोजगार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। देश में करीब 5.93 करोड़ पंजीकृत एमएसएमई हैं, जिनमें 25 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है। जीडीपी में एमएसएमई का योगदान करीब 30 फीसदी है। एमएसएमई से वर्ष 2024-25 में करीब 12.39 लाख करोड़ रुपये का निर्यात किया गया है। देश से निर्यात किए गए कुल उत्पादों में से करीब 46 फीसदी एमएसएमई क्षेत्र से हैं। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने ट्रंप के टैरिफ से एमएसएमई के समक्ष उत्पन्न विभिन्न चुनौतियों के मद्देनजर मौजूदा वित्त वर्ष 2025-26 में इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए बहुआयामी उपायों की एक शृंखला प्रस्तुत की है। इसके तहत प्रमुख पहलों में उद्यम पंजीकरण पोर्टल, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएमईजीपी, स्फूर्ति और एमएसई के लिए सार्वजनिक खरीद नीति शामिल हैं, जिनका उद्देश्य उद्यमिता को प्रोत्साहन देना, रोजगार बढ़ाना और अनौपचारिक क्षेत्रों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करना है। उद्योगों का विस्तार और दक्षता में सुधार करने में मदद करने के लिए एमएसएमई वर्गीकरण के लिए निवेश और टर्नओवर सीमा बढ़ा दी गई है। निर्यातकों को सहारा देने के लिए सरकार के ये कदम सराहनीय हैं। लेकिन टैरिफ का मुकाबला करने और भविष्य में उभरते अवसरों का फायदा उठाने के लिए एमएसएमई को मजबूत बनाना होगा।

*एमएसएमई क्षेत्र भी नवाचार, प्रतिस्पर्धा, क्षमता में सुधार तथा शोध की डगर पर आगे बढ़ने की तैयारी कर रहा है।*

# आतंकी संगठन 'हिज्ब उत तहरीर' के झारखंड में मौजूदगी के मायने

झारखंड में आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर के मौजूदगी ने प्रांत वासियों को हैरत में डाल दिया है। यह संगठन बीते कई वर्षों से इस देश को एक इस्लामिक स्टेट के रूप में बदलने की मंशा से झारखंड सहित विभिन्न प्रांतों के भोले भाले एक विशेष वर्ग के लोगों को उक्त आतंकी संगठन से जोड़ने का काम करता चला रहा है। यह झारखंड प्रांत के लिए बेहद चिंता की बात है । एक ओर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रांत की खुशहाली के लिए स्पेन की यात्रा कर रहे हैं । ताकि प्रांत नए-नए उद्योग धंधे स्थापित हो सकें और राज्य वासियों को रोजगार से जोड़ा जाए। वहीं पर कुछ ऐसी देश विरोधी शक्तियां भी इस प्रांत में सक्रिय हैं, जो झारखंड का नक्शा ही बदल देना चाहती हैं । झारखंड में आतंकवादी संगठन हिज्ब तहरीर के झारखंड मॉडल की मौजूदगी किसी भी मायने में प्रांत के अमन - चैन के लिए उचित नहीं है। सबसे हम सबों को यह जानना चाहिए कि यह संगठन झारखंड में क्या करना चाह रहा है ? यह एक आतंकवादी संगठन है। इस संगठन के तार जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए नरसंहार से जुड़े हुए हैं। इस संगठन की एक ही मंशा है कि कैसे एक विशेष वर्ग के लोगों को दिग्भ्रमित कर इस आतंकवादी संगठन से जोड़ा जाए । यह संगठन इस प्रांत में मिलजुल कर रह रहे हैं, लोगों के बीच वैमनस्यता पैदा करना चाह रहा है। इस संगठन का झारखंड में सक्रिय होना, इस प्रांत के लिए बहुत ही खतरनाक है। इस संगठन की जड़ें जितनी मजबूत होगी, हमारे समाज का अमन-चैन उतना ही बिगड़ता चला जाएगा। यह एक गंभीर मसला है। राज्य सरकार को इस पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। ऐसे मामले में बिल्कुल ही वोट की राजनीति नहीं होनी चाहिए। राज्य सरकार जितना जल्द ऐसे आतंकवादी संगठनों को जड़ से उखाड़ फेंकेगी, प्रांत के लिए उतना ही बेहतर होगा।

बीते 26 अप्रैल को आतंकवादी विरोधी दस्ता ने झारखंड के धनबाद जिले में एक गुप्त सूचना के आधार पर कुछ घरों में छापा मारी कर हथियार, आतंकवादी संगठन से जुड़े पंपलेट, साहित्य, मोबाइल, कम्प्यूटर आदि जब्त किया। इसके साथ ही एटीएस की टीम ने एक महिला सहित चार लोगों को हिज्ब उत तहरीर,अलकायदा इन इंडियन सबकॉन्टिनेंट, आईएसआईएस और कुछ अन्य प्रतिबंधित संगठनों के लिए विधि विरुद्ध क्रियाकलाप करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। जैसी कि सूचना मिली है कि ये गिरफ्तार लोग प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़कर झारखंड के एक विशेष वर्ग के युवकों को अपने नेटवर्क सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों के जरिए गुमराह कर रहे हैं । साथ ही साथ धार्मिक कट्टरता को भी बढ़ावा देते हुए राष्ट्र विरोधी गतिविधियों से भी जोड़ रहे हैं। एटीएस के मुताबिक यह भी बात प्रकाश में आई है कि इन संगठनों से संबंधित व्यक्तियों के जरिए धनबाद जिला में अवैध आर्म्स के व्यापार के साथ-साथ राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है।



एटीएस ने ऐसे गुमराह आतंकवादियों को गिरफ्तार कर जिन बातों का खुलासा किया है, बेहद खतरनाक है। ये लोग एक विशेष वर्ग के लोगों को गुमराह कर उनमें धार्मिक कट्टरता ता पैदा कर रहे हैं। उन लोगों में दूसरे धर्मावलंबियों के विरुद्ध विद्वेष भी पैदा कर रहे हैं। ये आतंकवादी समाज में आतंकवादी कार्यवाहियों को अंजाम देने के लिए बड़े पैमाने पर अवैध रूप से आर्म्स के भी कारोबार करवा रहे हैं। यह किसी भी मायने में कदापि उचित नहीं है । अगर इनकी जडें समाज में इसी तरह फैलती गईं, तब एक बड़ी अनहोनी से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसलिए राज्य सरकार सहित केंद्र सरकार का दायित्व बनता है कि ऐसे लोगों को ढूंढ - ढूंढ कर जितना जल्द हो सके गिरफ्तार कर उनके कर्मों की सजा दी जानी चाहिए। ध्यातव्य है कि जिस हिज्ब तहरीर संगठन से जुड़े आतंकवादियों को आतंकवादी विरोधी दस्ता ने गिरफ्तार किया है। भारत सरकार ने इस संगठन को विधि विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण ( यूएपीए) अधिनियम - 1967 के तहत 10 अक्टूबर 2024 को भारत सरकार की ओर से प्रतिबंधित किया गया था। इस संगठन के प्रतिबंध होने के पश्चात यह देश का पहला अपराधी कांड है, जिसे झारखंड एटीएस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर सफलता प्राप्त की। प्रांत वासियों यह जानना चाहिए कि आतंकवादी संगठन हिज्ब उत तहरीर का गठन वर्ष वर्ष 1953 में यरुशलम में हुआ था । इस संगठन का मकसद विश्व में खलीफा यानी इस्लामिक स्टेट की स्थापना करना है। वर्ष 2010 में भारत सरकार ने इस्लामी कट्टर पंथी समूह हिज्ब उत तहरीर पर प्रतिबंध प्रतिबंध लगा दिया था। इस संगठन का मुख्य काम एक विशेष वर्ग के युवाओं को कट्टरपंथी बनाने और उन्हें विभिन्न आतंकवादी संगठनों में शामिल होने के लिए प्रेरित करना है। आतंकवादी संगठन आतंकी गतिविधियों के माध्यम से लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकारों को उखाड़ कर भारत सहित दुनिया भर में इस्लामी राष्ट्र और खिलाफत स्थापित करने के लिए काम करता है। आतंकवादी संगठनों की मौजूदगी और उनकी सक्रियता झारखंड में बीते कुछ वर्षों से कुछ घटनाओं के माध्यम से देखी जा सकती है। इस प्रांत में विभिन्न अवसरों पर निकलने वाले धार्मिक जुलूसों पर पत्थरबाजी जैसी घटनाएं एक के बाद एक बढ़ती चली जा रही है। पत्थर बाजी जैसी घटनाओं को आखिर कौन लोग अंजाम दे रहे हैं ? इनके सूत्रधार कौन हैं ? ये गुमराह लोग अपने सूत्रधारों से आदेश कैसे प्राप्त करते हैं ? इन सबों का पत्थरबाजी के पीछे उद्देश्य क्या है ? आदि उठते इन तमाम सवालों पर गंभीरता पूर्वक विचार करने की जरूरत है। इन घटनाओं से यह बात साफ तौर पर खुलकर सामने आती है कि ऐसी पत्थरबाजी घटनाओं को अंजाम देकर समाज में वैमनस्यता पैदा की जाए। समाज में जातीय संघर्ष हो। देश की एकता और अखंडता टूटे।

धनबाद में हुई गिरफ्तारी के बाद आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने स्पष्ट तौर पर कहा कि 'झारखंड में बड़ी संख्या में आतंकी संगठन ने अपना स्लीपर सेल का जाल बिछा दिया है। आज स्थिति इतनी भयावह हो गई है कि केंद्रीय एजेंसी एटीएस झारखंड के रांची, लोहरदगा,जमशेदपुर, कोडरमा, हजारीबाग साहित्य अन्य जिलों पर भी आतंकवादी संगठनों की मौजूदगी पर नजर रखे हुए हैं।' दूसरी और झारखंड सरकार ऐसी घटनाओं से पूरी तरह आंखें मूंदी हुई हैं। यह उदासीनता झारखंड प्रांत के लिए बहुत ही खतरनाक साबित होगी। क्या राज्य सरकार को आतंकवादी झारखंड माड्यूल के संबंध में जानकारी नहीं है? अगर जानकारी नहीं है तो प्रांत यह घोर लापरवाही व उदासीनता समझी जाएगी। वहीं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने पहलगाम और धनबाद में एटीएस द्वारा की गई गिरफ्तारी पर कहा कि 'कांग्रेस - झारखंड मुक्ति मोर्चा ने झारखंड को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है।' बाबूलाल मरांडी की बातों को हेमंत सोरेन सरकार को गंभीरता से लेने की जरूरत है । इस प्रांत में आतंकवादी सक्रिय न हो। इस निमित्त राज्य सरकार एक उच्च स्तरीय बैठक कर उचित निर्णय ले। झारखंड में फैल रहे आतंकवादी संगठनों की जड़ें पूरी तरह कैसे समूल नष्ट हो, इस निमित्त प्रांत सरकार को एक बड़ी पुलिसिया कार्रवाई करने की जरूरत है। पहलगाम में हुए बड़े हृदय विधायक नरसंहार के बाद झारखंड जिले के बोकारो के एक विशेष वर्ग युवक ने जिस तरह सोशल मीडिया पर अपनी खुशी का इजहार किया और उन्होंने ऐसी घटनाओं के लिए आतंकवादियों को धन्यवाद दिया । बाद में बोकारो का वह युवा के झारखंड पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। ऐसी घटनाओं से प्रतीत होता है कि आतंकवादी संगठनों का स्लीपर सेल राज्य के बहुत से जिलों में सक्रिय है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आज की बात



**विजय केसरी**

### अन्न के अभाव में उत्सव

गांव के मशहूर चौराहे पर, जहां कभी हलचल और रौनक का आलम हुआ करता था, आज सन्नाटा पसरा था। गुलाबी गमछे में मुँह ढांपे रामलाल खाट पर बैठे-बैठे सोच रहा था कि उसकी खाली थाली कब भर पाएगी। हर चुनाव के दौरान उसी चौपाल पर नेताजी का वादा हुआ करता था - "सबको मिलेगा भरपेट अन्न।" लेकिन इन वादों की परतें उतनी ही झूठी थीं, जितना नेताजी का हर बार का नया सूट। चूल्हे में दो दिन से कोई लकड़ी नहीं जली। मोहल्ले में बच्चों ने हंसना छोड़ दिया था। खेतों के डरावने सन्नाटे में मजदूरों की हंसी की गूंज अब कभी-कभार सुनाई देती थी। हर साल, बुआई के बाद किसानों की कहानियाँ, उनके खेतों की, बाज़ारों की रोचक चर्चाएँ करते थे। पर अब केवल सूखे खेतों की धूल थी और उन खेतों पर टूटे सपने। कहीं किसी घर की दीवार पर एक तवा टंगा था, जो अब केवल डेकोरेशन का हिस्सा बन चुका था। सुबह ही एक स्कूल का कार्यक्रम देखने सरकारी बाबू आए थे। बच्चों को मिठाई बांटी गई। लेकिन उन मिठाइयों के लिए लाइन में खड़े लोग बच्चों से ज्यादा थे। "अरे, छोटू! ये मिठाई तो नेताजी के वादों की तरह लगती है – ऊपर से मीठी, अंदर से खोखली," पास खड़े आदमी ने हंसते हुए कहा, पर उसकी हंसी में दर्द छिपा था। छोटे-से छोटू ने इसे पकड़ा और घर की ओर भागा, शायद मां के लिए। शाम को रामलाल के दरवाजे पर एक आदमी आया। "सुना है, चुनाव आ रहे हैं। नेताजी ने वादा किया है कि इस बार सबके घर में खाना होगा। लो, ये चावल।" रामलाल ने चावल की बोरी को देखा, पर उसकी आंखों में खुशी नहीं झलकी। "भाई साहब, नेताजी हर बार की तरह इस बार भी वोट मांगने आएंगे, पर क्या चावल कभी हमारी भूख को समझ पाएंगे?" रामलाल ने हंसने की कोशिश की, पर उसकी हंसी गले में अटक गई। आसमान में गिद्धों का झुंड चक्कर काट रहा था। शायद वो भी समझ गए थे कि इस गाँव में पेट भरने का इंतजार अब केवल एक सपना है। "भाई साहब, जब पेट खाली हो, तो दुनिया का हर रंग काला ही नजर आता है," रामलाल की बातों में एक अजीब-सी गहराई थी। गांववालों के बीच अब खाने की नहीं, बल्कि वादों की कीमत पर चर्चा होती थी। रात में, जब पूरा गांव सो चुका था, रामलाल ने अपनी खाट पर लेटकर तारे गिने। "कहीं ये तारे भी नेताजी के वादों जैसे तो नहीं - चमकते तो हैं, पर कभी हाथ नहीं आते।" उसकी यह बात सुनने वाला कोई नहीं था। और शायद, यह दर्द रामलाल का नहीं, हर उस इंसान का था, जिसने भूख को गले लगाया और नेताजी के वादों को दिल में बसाया।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

# भौतिकता एवं आध्यात्मिकता की अक्षय मुस्कान का पर्व

अक्षय तृतीया 30 अप्रैल, 2025 पर विशेष

अक्षय तृतीया महापर्व का न केवल सनातन परम्परा में बल्कि जैन परम्परा में विशेष महत्व है। इसका लौकिक और लोकोत्तर-दोनों ही दृष्टियों में महत्व है। अक्षय शब्द का अर्थ है कभी न खत्म होने वाला। संस्कृत में, अक्षय शब्द का अर्थ है 'समृद्धि, आशा, खुशी, सफलता', जबकि तृतीया का अर्थ है 'चंद्रमा का तीसरा चरण'। इस त्यौहार के साथ-साथ एक अबूझा मांगलिक एवं शुभ दिन भी है, जब बिना किसी मुहूर्त के विवाह एवं मांगलिक कार्य किये जा सकते हैं। विभिन्न सांस्कृतिक एवं मांगलिक ढांचों में ढले अक्षय तृतीया पर्व में हिन्दू-जैन धर्म, संस्कृति एवं परम्पराओं का अनूठा संगम है। इस प्रकार अक्षय तृतीया पर किए गए कार्यों जैसे जप-तप, यज्ञ, पितृ-तर्पण, दान-पुण्य आदि का साधक को अक्षय फल प्राप्त होता है। भगवान आदिनाथ ने ही सबसे पहले समाज में दान का महत्व समझाया था, इसलिए इस दिन पर जैन धर्म के लोग आहार दान, ज्ञान दान, औषधि दान करते हैं। रास्ते चाहे कितने ही भिन्न हों पर इस पर्व त्यौहार के प्रति सभी जाति, वर्ग, वर्ण, सम्प्रदाय और धर्मों का आदर-भाव अभिन्नता में एकता का प्रिय संदेश दे रहा है। आज के युद्ध, आतंक, आर्थिक प्रतिस्पर्धा एवं अशांति के समय में संयम एवं तप की अक्षय परम्परा को जन-जन की जीवनशैली बनाने की जरूरत है। अक्षय तृतीया इस वर्ष 30 अप्रैल, 2025 को है। भगवान परशुराम का जन्म अक्षय तृतीया के दिन हुआ था, इसलिये भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुराम का जन्मदिन मानते हैं। वैष्णव मंदिरों में उनकी पूजा की जाती है। महर्षि वेदव्यास ने इसी दिन से महाभारत लिखना शुरू किया था। अक्षय तृतीया के दिन महाभारत के युधिष्ठिर को अक्षय पात्र मिला था। इसकी विशेषता थी कि इसमें भोजन कभी समाप्त नहीं होता था। इसी पात्र से वह अपने राज्य के गरीब व निर्धन को भोजन देकर उनकी सहायता करते थे। इसी आधार पर मान्यता है कि इस दिन किए जाने वाला दान-पुण्य का भी कभी क्षय नहीं होता है। इस दिन साधु-संतों के साथ ब्राह्मणों-गरीबों को भोजन कराकर व वस्त्र दान करने के साथ गायों को हरा चारा खिलाने का विशेष महत्व है। वहीं पक्षियों को परिंडे लगाकर दाने-पानी की व्यवस्था करने से विशेष लाभ मिलता है और भगवान श्री विष्णु की कृपा अपने भक्तों पर हमेशा बनी रहती है।

अक्षय तृतीया विवाहित या अविवाहित महिलाओं के लिए क्षेत्रीय रूप से महत्वपूर्ण है, जो अपने जीवन में पुरुषों की भलाई के लिए या भविष्य में उनकी सगाई होने वाले पुरुष के लिए प्रार्थना करती हैं। प्रार्थना के बाद, वे अंकुरित चने (अंकुरित), ताजे फल और भारतीय मिठाइयां वितरित करते हैं। यह दिन किसानों, कुंभकारों एवं शिल्पकारों के लिए भी यह बहुत महत्व का दिन है। बैलों के लिए भी बड़े महत्व का दिन है। प्राचीन समय से यह परम्परा रही है कि आज के दिन राजा अपने देश के विशिष्ट किसानों को राज दरबार में आमंत्रित करता था और उन्हें अगले वर्ष बुवाई के लिए विशेष प्रकार के बीज उपहार में देता था। लोगों में यह धारणा प्रचलित थी कि उन बीजों की बुवाई करने वाले किसान के धान्य-कोष्ठक कभी खाली नहीं रहते। यह इसका लौकिक दृष्टिकोण है। अक्षय तृतीया पर महाराष्ट्र के लोग नया व्यवसाय शुरू करते हैं, घर खरीदते हैं और महिलाएं सोना खरीदती हैं। लोग इस त्यौहार को परिवार के साथ मनाते हैं और महाराष्ट्रीयन पूरन पोली (गुड़ और दाल के मिश्रण से भरी चपाती) और आमरस (आम की एक मोटी प्यूरी) से बने नैवेद्य जैसे भोजन का भोग लगाकर देवी-देवताओं की पूजा करते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



धर्म की बात




**ललित गर्ग**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




### आज का दोहा

पहले बोले, चुप हुए, चुप्पी थी क्या व्यर्थ?
आतिशबाजी की तरह, छिटक रहे थे अर्थ।।

**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444

**संपादक**


# कुंडली में चांडाल योग पाले पाक के सांसों की पूरी हो चुकी है गिनती!

प्रकृति का नियम है कि जिसका जन्म हुआ है उसकी मृत्यु निश्चित है। आप चाहे किसी भी धर्म संप्रदाय से ताल्लुक क्यों न रखते हों, प्रकृति के इस धर्म का अपवाद कतई नहीं हो सकते। इसी तरह ब्रह्मांड के तमाम जीव, जन्तु, पहाड़, पेड़, पर्वत, रिश्ते, नाते आदि सबके सब नश्वर हैं और इनके अवसान का विधान भी तय है।

भारतीय होने के नाते हमें इस बात पर गर्व करना चाहिए कि हमने एक ऐसे सनातनी राष्ट्र में जन्म लिया है जिसका कभी भी नाश नहीं हो सकता। ऐसा इसलिए कि सनातनी होने के नाते स्वभाविक तौर पर यह मृत्यु से परे होता है। इस शाश्वत सत्य के बावजूद फुलवामा में हमारे कुछ भाई बंधुओं की इस आधार पर हत्या कर दी गई कि वे सनातनी थे। धर्म पूछकर की गई इस हत्याकांड के गुनाहगारों को शायद यह पता ही नहीं है कि कुछ लोगों की हत्या कर देने के बावजूद सनातन धर्म व संस्कृति पर कभी खरोंच भी नहीं आने वाला है। हैरत की बात यह कि सनातन संस्कृति पर डेन्ट मारने का यह प्रयास उस पाकिस्तान के इशारे पर किया गया है जिसका खुद का जन्म अल्पजीवी श्वान प्रजाति के लतखोर प्रजाति में हुआ है और इसकी तसदीक उसके चेहरे मोहरे से की जा सकती है। अब उन्हें खुद पता होना चाहिए कि जिसका

जन्म हुआ है उसकी मृत्यु अवश्यंभावी है और अल्पजीवी होने के कारण यह जल्दी ही सामने होता है। एक देश के तौर पर 14 अगस्त 1947 की मध्य रात्रि के एक अशुभ लग्न में पाकिस्तान का जन्म हुआ है। किसी ने बगैर जन्मकुंडली देखे इसका नाम पाकिस्तान रख लिया जबकि इस जन्मकुंडली की हकीकत यही है कि इसका जन्म ईर्ष्या की कोख से हुआ है। ऐसे में यह भी निश्चित है कि ईर्ष्या की कोख से जन्म लेने वाले इसके तमाम भाई बहनों में भी ईर्ष्या की जन्मजात भावना के संस्कार होगें। यह एक बड़ा कारण माना जा रहा है कि एक संक्रमित कोख के दोष से धर्म के नाम पर फुलवामा के उस खूबसूरत वादियों को रक्तरंजित कर दिया गया जो सनातन काल से भारत की भूमि रही है। इसे ही हमारे यहाँ विनाश काले विपरीत बुद्धि कहा जाता है और इसी विपरीत बुद्धि के कारण अब यह दावा भी किया जा रहा है कि फुलवामा में उसकी ईर्ष्या ने एक आत्मघाती चाल चल दी। नतीजों की बात करें तो इसमें कोई संशय नहीं रह गया है कि अपनी कुंडली में विद्यमान चांडाल योग के कारण संयुक्त पाकिस्तान अब अपने अस्तित्व के अंतिम चरण में प्रवेश कर गया है। पुनःश्च सनातनी दर्शन की नजर से देखें तो पाकिस्तान के विनाश की तारीख तो उसी दिन तय हो गई थी जिस दिन उसका जन्म हुआ था क्योंकि जिसका जन्म हुआ है उसकी मृत्यु अवश्यंभावी है। यह प्रकृति का एक शाश्वत नियम है कि जन्म के साथ मृत्यु की तिथि और मृत्यु के कारण भी निर्धारित हो जाते हैं। ऐसे में इस बात पर किसी को कोई संशय नहीं होना चाहिए कि पाकिस्तान के सांसों की गिनती पूरी हो चुकी है और अपने कुंडली दोष व फुलवामा की चिनगारी के कारण झुलस कर पाकिस्तान का विनाश होना निश्चित है। संदर्भवश अब सुदर्शनधारी भारत को यह तय करना है कि पाकिस्तान का वध कब करना है, कैसे करना है, कहाँ करना है और वध के उपरांत उसे कितने हिस्सों में विखंडित करना है आदि आदि? बताते चलें कि यह असंभव भी नहीं है क्योंकि भारत कोई देश नहीं बल्कि एक राष्ट्र है और इस सनातनी भारत के पास इसके लिए पर्याप्त कारण हैं, जन्म मृत्यु के भय व कुंडली से मुक्त है, पर्याप्त अस्त्र शस्त्र हैं, टर्की को छोड़कर अंतरराष्ट्रीय समर्थन है, प्राकृतिक बढ़त हासिल है और सबसे बड़ी बात इसके साथ वह आत्मबल है जो इस नासुर को मुक्कमल सद्गति दे सके।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**




अलग बात




**केदारनाथ दास**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# रामलला के धाम पर ऊंचाइयों को छूता 42 फीट लंबा ध्वज

**एजेंसी । अयोध्या**

भक्ति, श्रद्धा और शिल्प कला के अद्भुत संगम के बीच आज वैशाख शुक्ल द्वितीया के पावन अवसर पर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर 42 फीट लंबा ध्वज दंड विधिपूर्वक स्थापित किया गया। ट्रस्ट के इंजीनियर ट्रस्टी अनिल मिश्रा, ध्वज दंड के निर्माता गुजरात निवासी भरत भाई, पथरों पर उत्कृष्ट नक्काशी करने वाले नरेश मालवीय और सुपरविजन का कार्य देख रहे चंद्रशेखर सोमपुरा सहित बड़ी संख्या में विशेषज्ञ इस अवसर पर उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि ध्वज दंड की स्थापना के दौरान तकनीकी टीम ने दो विशाल क्रेनों की सहायता से इसे ऊंचाई तक पहुंचाया। पहले ध्वज दंड को वर्टिकल खड़ा किया गया और फिर टावर क्रेन के माध्यम से शिखर तक पहुँचाकर उसे स्थापित किया गया। कार्य के दौरान इंजीनियर लगातार 160 फीट की ऊंचाई पर शिखर के समीप मौजूद रहे और स्थापना प्रक्रिया का बारीकी से संचालन किया। निर्धारित समय के भीतर, प्रातः आठ बजे ध्वज दंड को शिखर पर स्थापित कर दिया गया।





**आस्था, परंपरा और तकनीक का अद्वितीय संगम"**

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के मुख्य शिखर पर ध्वज दंड की स्थापना न केवल वास्तुकला की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, बल्कि यह अयोध्या के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक वैभव में भी एक नया अध्याय जोड़ता है। यह दृश्य श्रद्धालुओं और भक्तों के लिए अत्यंत भावुक करने वाला रहा, जो अब रामलला के भव्य धाम को और भी दिव्य रूप में निहार सकेंगे। प्रभु श्रीराम के धाम पर इस ऐतिहासिक ध्वज दंड की स्थापना सुबह साढ़े छह बजे प्रारंभ होकर आठ बजे तक पूरी हुई। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने बताया कि ध्वज दंड की स्थापना का कार्य पूरी विधि-विधान और परंपराओं के अनुरूप संपन्न हुआ। ध्वज दंड 42 फुट लंबा है, जिसे विशेष तकनीक और सावधानी से मुख्य शिखर पर स्थापित किया गया। इस कार्य में लार्सन एंड टूब्रो और टाटा ट्रस्ट के इंजीनियरों की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# देश संविधान से चलेगा, 'शरिया कोर्ट' और 'दारुल कजा' के फैसले को कानूनी मान्यता नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी । नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने एक अहम फैसले में दोहराया है कि 'काजी की अदालत', 'दारुल कजा' या 'शरिया कोर्ट' जैसे किसी भी निकाय को भारतीय कानून के तहत कोई मान्यता प्राप्त नहीं है और इनके द्वारा दिया गया कोई भी निर्देश या निर्णय कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होता। जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने यह टिप्पणी एक महिला द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए की। इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें फैमिली कोर्ट ने 'काजी की अदालत' में हुए समझौते के आधार पर निर्णय दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने फैमिली कोर्ट के फैसले को गलत ठहराते हुए स्पष्ट किया कि इस तरह के निकायों का निर्णय केवल उन पक्षों के लिए मान्य हो सकता है जो स्वेच्छा से उस पर अमल करने के लिए सहमत हों, लेकिन इसे कानूनी रूप से लागू नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने 2014 में दिए गए अपने ऐतिहासिक फैसले विश्व लोचन मदन बनाम भारत सरकार के मामले का भी हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि शरिया अदालतों और उनके फतवों को भारतीय कानून में कोई मान्यता प्राप्त नहीं है। इस फैसले में स्पष्ट किया गया था कि कोई भी गैर-सरकारी निकाय बलपूर्वक किसी पर अपने निर्णय लागू नहीं कर सकता। बताया गया कि महिला का विवाह 24 सितंबर 2002 को इस्लामी रीति-रिवाजों के अनुसार हुआ था। यह दोनों की दूसरी शादी थी। 2005 में, 'काजी की अदालत' भोपाल में महिला के खिलाफ तलाक का मुकदमा दायर किया गया था, जो बाद में समझौते के आधार पर खारिज हो गया।

# 21वीं सदी के अनुसार बनाई जा रही शिक्षा प्रणाली : पीएम

- **युवा पीढ़ी को भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करना जरूरी**
- **अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए लगातार प्रयास**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में आयोजित 'युग्म कॉन्क्लेव' में हिस्सा लिया। इस दौरान पीएम मोदी ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर होता है, इसलिए ये जरूरी है कि हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए और उनको भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करें।

उन्होंने आगे कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसकी युवा पीढ़ी पर निर्भर होता है, इसलिए ये जरूरी है कि हम अपने युवाओं के भविष्य के लिए और उनको भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करें। इसमें बड़ी भूमिका देश के एजुकेशन सिस्टम की भी होती है, इसलिए हम देश के एजुकेशन सिस्टम को 21वीं सदी की जरूरतों के मुताबिक आधुनिक बना रहे हैं। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने और इसे आगे बढ़ाने के लिए, भारत के अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता है। हमने इस दिशा में लगातार काम किया है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि दीक्षा मंच के तहत वन नेशन, वन डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण किया गया है। ये इंफ्रास्ट्रक्चर एआई आधारित है। इसका उपयोग कई देशों में पाठ्यपुस्तकें तैयार करने में किया जा रहा है। वन नेशन, वन सब्सक्रिप्शन ने युवाओं को ये भरोसा दिया है कि सरकार उनकी जरूरतों को समझती है। आज इस योजना की वजह से उच्च शिक्षा प्राप्त करने वाले छात्रों तक विश्व स्तरीय शोध पत्रिकाओं तक पहुंचना आसान हो गया है। भारत के विश्वविद्यालय परिसर आज नए गतिशील केंद्र बन रहे हैं। ऐसे केंद्र, जहां युवा शक्ति सफलता के नवाचारों को बढ़ावा दे रही है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि भारतीय युवाओं को किसी भी तरह की बाधा का सामना न करना पड़े, प्रधानमंत्री अनुसंधान फेलोशिप की स्थापना की गई है। हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 वर्षों की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं।

**नई शिक्षा व डिजिटल ढांचे से सशक्त हो रहा भारत**

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में आगे कहा कि आज यहां सरकार, एकेडमी, साइंस और रिसर्च से जुड़े भिन्न-भिन्न क्षेत्र के लोग इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। इस एकजुटता को ही युग्म कहते हैं। एक ऐसा युग्म जिसमें विकसित भारत के फ्यूचर टेक से जुड़े स्टेकहोल्डर्स एक साथ जुड़े हैं, एक साथ जुटे हैं। मुझे विश्वास है, हम जो भारत की इनोवेशन कैपेसिटी और डीप टेक में भारत की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, उसे इस आयोजन से बल मिलेगा। पीएम मोदी ने आगे कहा कि किसी भी देश का भविष्य उसके युवाओं पर निर्भर करता है, इसलिए उन्हें भारत के उज्ज्वल भविष्य के लिए तैयार करना बहुत जरूरी है। इसमें शिक्षा की अहम भूमिका है। इसलिए हम 21वीं सदी की जरूरतों को पूरा करने के लिए अपनी शिक्षा प्रणाली को आधुनिक बना रहे हैं। नई शिक्षा नीति इस बदलाव को आगे बढ़ा रही है। देश में नई शिक्षा नीति लाई गई है। इसे शिक्षा के वैश्विक मानक को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। नई शिक्षा नीति आने के बाद हम भारतीय एजुकेशन सिस्टम में बड़ा बदलाव भी देख रहे हैं। कक्षा 1 से 7 तक के लिए नई पाठ्यपुस्तकें तैयार हो चुकी हैं। पीएम ई-विद्या और दीक्षा प्लेटफॉर्म जैसी पहल पूरे देश में एकीकृत शिक्षा प्रणाली का निर्माण कर रही हैं। इस परिवर्तन का समर्थन करने के लिए एआई द्वारा संचालित एक मजबूत डिजिटल बुनियादी ढांचा बनाया जा रहा है।



## सीमा हैदर की वापसी पर फिलहाल कोई आदेश नहीं



**ग्रेटर नोएडा।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार ने भारत में पाकिस्तानी नागरिकों को दी जा रही सुविधाएं समाप्त कर दी हैं। इसके चलते भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। हालांकि, सूत्रों की मानें तो नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से दाखिल हुई सीमा हैदर का नाम उन लोगों की सूची में शामिल नहीं है, जिन्हें पाकिस्तान भेजा जाना है। नोएडा पुलिस के अनुसार, सीमा हैदर के संबंध में अभी तक केंद्र सरकार से कोई विशेष आदेश प्राप्त नहीं हुआ है।

## हरियाणा में आइसक्रीम बेच रहे पाकिस्तान के पूर्व सांसद



**हरियाणा** । पाकिस्तान में बेनजीर भुट्टो की सरकार में सांसद रहे दिवाया राम हरियाणा के फतेहाबाद में आइसक्रीम बेच रहे हैं। हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार से परेशान होकर उनका परिवार 25 साल पहले टूरिस्ट वीजा पर पाकिस्तान से भारत आया था। उनके परिवार में 30 सदस्य हैं। इनमें 2 महिलाओं समेत 6 लोगों को भारत की नागरिकता मिल चुकी है, जबकि बाकी लोगों ने आवेदन किया हुआ है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद दिवाया राम फिर चर्चा में आए हैं।

# 30 अप्रैल अक्षय तृतीया को काशी में सामूहिक विवाह समारोह

**संवाददाता**



- मोहन भागवत की उपस्थिति में 125 बेटियों का होगा कन्यादान
- **सरसंघचालक बेटियों के पांव पखारेंगे**
- हर वेदी पर कन्याओं के पांव पखारने के लिए शहर के लोग भी होंगे
- **ब्राह्मण के साथ ही सभी वर्गों के पुजारी विवाह संपन्न कराएंगे**
- अगड़े, पिछड़े , दलित वर्ग के दूल्हे बग्घी, रथ, घोड़े पर सवार होकर निकलेंगे

**वाराणसी।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत की उपस्थिति में 30 अप्रैल अक्षय तृतीया के अवसर पर 125 बेटियों का कन्यादान किया जाएगा। इसके लिए शंकुल धारा पोखरे पर 125 वेदियां बनाई जाएंगी। इस सामूहिक विवाह समारोह में बारात निकलेगी, जिसमें अगड़े, पिछड़े व दलित वर्ग के दूल्हे एक साथ घोड़ी, बग्घी व रथ पर सवार होकर निकलेंगे। इन पिछड़े , दलित दूल्हों व बेटियों के स्वागत के लिए शहर के अगड़े समाज के लोग मौजूद होंगे। सरसंघचालक बेटियों के पांव पखारेंगे।इसमें अंतरजातीय विवाह भी कराए जाएंगे। मालूम हो कि मोहन भागवत ''एक मंदिर, एक कुआं, एक श्मशान'' की बात लगातार कह रहे हैं। वह कह चुके हैं कि हिंदू समाज को एक मंदिर, एक कुआं, और एक श्मशान के सिद्धांत को अपनाकर सामाजिक एकता को सशक्त बनाना चाहिए। अब इसे काशी से अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसमें कन्यादान महोत्सव में समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल होंगे।सभी वर्गों से दूल्हे एक साथ घोड़ी, बग्घी व रथ पर सवार होकर निकलेंगे। यह पहला मौका होगा, जब ब्राह्मण के साथ ही सभी वर्गों के पुजारी विवाह संपन्न कराएंगे। हर वेदी पर कन्याओं के पांव पखारने के लिए शहर के लोग होंगे। जिस तरह पिता अपनी बेटी का कन्यादान करता है, ठीक उसी तरह सभी रस्में निभाई जाएंगी। अंतरजातीय जोड़े भी सात फेरे लेंगे।

बरात शाम चार बजे शंकुलधारा पोखरे से निकलकर ढोल-नगाड़े, बैंड बाजा, आतिशबाजी के साथ द्वारकाधीश मंदिर पहुंचेगी। सभी वर्ग के बरातियों के लिए भोजन की व्यवस्था एक साथ रामानंद विद्यालय में की गई है। विवाह संपन्न होने के बाद संघ प्रमुख सभी को संबोधित भी करेंगे। विवाह संपन्न कराने वाले पुजारी भी सिर्फ ब्राह्मण वर्ग से नहीं होंगे बल्कि सभी वर्गों से होंगे। इसे लेकर काशी में चर्चा है कि इसके चलते आगामी उप्र विधान सभा चुनाव के भाजपा के प्रति दलितों , पिछड़ों को झुकाव कुछ और बढ़ सकता है। क्योंकि प्रदेश व देश के जिन भी हिस्सों से दलितों को बारात में घोड़ी से उतारने के मामले आते हैं, वहाँ इसका संदेश तो जाएगा ही। दलितों , पिछड़ों को लगेगा कि संघ इसके खिलाफ खुलकर आ गया है। और अंतरजातीय विवाह को बढ़ावा दे रहा , ताकि हिंदुओं को एकजुटता में सामाजिक एकता को सशक्त बनाने का बल मिले। पिछड़े, दलित कन्याओं के पांव पखारने वालों में अगड़े, पिछड़े व दलित सभी वर्ग से होंगे तो इसका भी अच्छा संदेश जाएगा। कहा जा रहा है कि संघ अगले कुछ वर्षों में देश के अलग-अलग हिस्सों में ऐसे कार्यक्रम करेगा।

## आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरंजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# सुप्रीम कोर्ट का वक्फ अधिनियम से जुड़ी नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ अधिनियम को चुनौती देने वाली एक दर्जन से अधिक जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करने से मंगलवार को साफ इनकार कर दिया। भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि इस मामले में पहले ही पांच याचिकाओं पर सुनवाई का आदेश दिया जा चुका है और अब कोई नई याचिका स्वीकार नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि ज्यादातर याचिकाएं एक-दूसरे से मिलती-जुलती हैं और कुछ तो पूरी तरह कॉपी की गई हैं। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं को सलाह दी कि अगर उनके पास कोई नया या अतिरिक्त आधार है, तो वे इस मामले में अलग से इंटरवेंशन एप्लिकेशन दाखिल कर सकते हैं। सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना ने स्पष्ट कहा, "हम इस मामले में अब और याचिकाएं नहीं सुनना चाहते।" इसके साथ ही कोर्ट ने नई याचिकाओं को खारिज कर दिया। इन याचिकाओं में कई प्रमुख संगठनों और व्यक्तियों के नाम शामिल थे।

इनमें कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओ'ब्रायन, जम्मू-कश्मीर की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), मुस्लिम एडवोकेट्स एसोसिएशन और ऑल रिलीजियस इफिनिटी मूवमेंट जैसी संस्थाएं शामिल थीं। ये याचिकाएं वक्फ अधिनियम में हाल में किए गए संशोधनों की वैधता और इसके प्रावधानों को लेकर सवाल उठा रही थीं।

## यूपी में सास अपने होने वाले दामाद के साथ भागी

**अलीगढ़** । जैसे अलीगढ़ में सास अपने होने वाले दामाद के साथ भागी थी ठीक उसी तरह का एक मामला यूपी के ही बस्ती में सामने आया है। यहां भी एक महिला अपने ही होने वाले दामाद के साथ फरार हो गई। पुलिस ने परिजनों की सूचना पर लड़के और महिला की तलाश शुरू कर दी है। लड़के के घर पर भी पुलिस पहुंची लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। जैसे अलीगढ़ में सास अपने होने वाले दामाद के साथ भागी थी ठीक उसी तरह का एक मामला यूपी के ही बस्ती में सामने आया है। यहां भी एक महिला अपने ही होने वाले दामाद के साथ फरार हो गई।

# सूरत में 11 साल के लड़के को लेकर भागी टीचर, एक साल से ट्यूशन पढ़ा रही थी

**एजेंसी । गुजरात**

गुजरात के सूरत में एक 23 वर्षीय टीचर 11 साल के स्टूडेंट को लेकर फरार हो गई है। टीचर-स्टूडेंट को गायब हुए तीन दिन बीत चुके हैं, लेकिन दोनो का कहीं पता नहीं चल सका है। एक सीसीटीवी फुटेज में दोनों साथ में जाते हुए नजर आए थे। इसके बाद से कहीं पता नहीं चला। सूरत पुलिस की चार टीमें दोनों की तलाश में जुटी हुई हैं। सूरत के पुणे इलाके में रहने वाले बच्चे के परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है कि उनका बेटा बीते शुक्रवार (25 अप्रैल) को ट्यूशन पढ़ने गया था, लेकिन तबसे घर नहीं लौटा। पुलिस ने ट्यूशन टीचर के घर के आसपास के सीसीटीवी खंगाले तो एक फुटेज में वह स्टूडेंटड के साथ कहीं जाते नजर आईं। फुटेज में टीचर ट्रॉली बैग लिए हुए और स्टूडेंट पीठ पर नया स्कूल बैग टांगे नजर आया।

**लापता होने की आशंका :** सीसीटीवी फुटेज से यह संकेत मिलता है कि छात्र शिक्षक के साथ कहीं जा रहा था, जिससे लापता होने की आशंका जताई जा रही है।

# अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ खाने से समय से पहले मौत का खतरा

**आरपी सिंह**



- अत्यधिक प्रसंस्कृत फूड के प्रत्येक 10% अतिरिक्त सेवन से 75 वर्ष की आयु तक पहुँचने से पहले किसी व्यक्ति के मरने का जोखिम 3% बढ़ जाता है
- **इसके चलते हर वर्ष समय से पहले अमेरिका में 124,107 मौत व इंग्लैंड में 17,781 मौत हो रही हैं**
- अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ से होने वाली बीमारियों का बोझ उच्च आय वाले देशों में सबसे अधिक है, लेकिन निम्न व मध्यम आय वाले देशों में भी यह बढ़ रहा है

**नई दिल्ली।** अत्यधिक प्रसंस्कृत फूड/भोजन में आमतौर पर नमक, चीनी व वसा को मिलाया जाता है। यदि मूल उत्पाद में पांच या ज़्यादा सामग्रियाँ मिलाई गई हों तो भोजन को अल्ट्रा-प्रोसेस्ड माना जाता है।एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन के अनुसार अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ को खाने से समय से पहले मौत का खतरा बढ़ जाता है।इंग्लैंड में लगभग 14% अस्वास्थ्यकर भोजन के कारण समय से पहले मृत्यु होती है, जो सर्वेक्षण किए गए देशों में सबसे ज़्यादा है। चूँकि अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ का अधिक मात्रा में सेवन करने से समय से पहले मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है, इसलिए अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ पर कार्रवाई करने की मांग फिर से होने लगी है। अमेरिका , इंग्लैंड सहित कई देशों में किए गए शोध के अनुसार, ब्रेड, केक व तैयार भोजन जैसे अत्यधिक प्रसंस्कृत फूड के प्रत्येक 10% अतिरिक्त सेवन से 75 वर्ष की आयु तक पहुँचने से पहले किसी व्यक्ति के मरने का जोखिम 3% बढ़ जाता है। अमेरिकन जर्नल ऑफ प्रिवेंटिव मेडिसिन में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, अत्यधिक प्रसंस्कृत फूड स्वास्थ्य के लिए इतना हानिकारक है कि कुछ देशों में होने वाली सभी समय से पहले मृत्यु में से सात में से एक के लिए यह जिम्मेदार है। आठ देशों के आहार और मृत्यु दर के आंकड़ों की समीक्षा में पाया गया कि वे अमेरिका में हर साल 124,107 समय से पहले मृत्यु और इंग्लैंड में हर साल 17,781 मौतों से जुड़े हैं। ब्राजील में ओसवाल्डो क्रूज़ फाउंडेशन के अध्ययन के प्रमुख अन्वेषक एडुआर्डो ऑगस्टो फर्नांडीस निल्सन ने कहा कि मिठास और स्वाद बढ़ाने वाले पदार्थ न केवल अत्यधिक प्रसंस्कृत फूड में वसा, नमक व चीनी के उच्च स्तर को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि स्वास्थ्य को भी नुकसान पहुंचाते हैं। लेखकों ने यू.के. व यू.एस. के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, कोलंबिया, चिली व मैक्सिको में पहले किए गए आधिकारिक सर्वेक्षणों की जांच करने पर "अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों की खपत और सभी कारणों से होने वाली मृत्यु दर के बीच एक रैखिक खुराक-प्रतिक्रिया संबंध" पाया। जबकि कोलंबिया, ब्राजील व चिली में क्रमशः 4%, 5% और 6% अकाल मृत्यु "अत्यधिक प्रसंस्कृत फूड खपत के कारण" हैं, वहीं कनाडा में यह प्रतिशत 10.9%, यू.एस. में 13.7% और इंग्लैंड में 13.8% है - जो आठ देशों में सबसे अधिक अनुपात है। शोधकर्ताओं ने निष्कर्ष निकाला कि "अल्ट्रा प्रोसेस्ड खाद्य पदार्थों की खपत के कारण होने वाली अकाल मौत व्यक्तियों के कुल ऊर्जा सेवन में उनकी हिस्सेदारी के अनुसार काफी बढ़ जाती है।अत्यधिक प्रसंस्कृत फूड सेवन की उच्च मात्रा स्वास्थ्य को काफी प्रभावित कर सकती है।" मृत्यु दर उन देशों में सबसे अधिक है, जहाँ आबादी को अत्यधिक प्रसंस्कृत फूड खाने से कुल ऊर्जा की सबसे बड़ी मात्रा मिलती है। 2018-19 में किए गए राष्ट्रीय आहार और पोषण सर्वेक्षण के अनुसार, इंग्लैंड में यह 53.4% है। लेकिन अमेरिका में यह और भी अधिक है - 54.5%। निल्सन ने कहा, "हमने पहले अत्यधिक प्रसंस्कृत फूड के आहार हिस्से और सभी कारणों से होने वाली मृत्यु दर के बीच एक रैखिक संबंध का अनुमान लगाया, ताकि आहार में अत्यधिक प्रसंस्कृत फूड की भागीदारी में प्रत्येक 10% की वृद्धि से सभी कारणों से मृत्यु का जोखिम 3% बढ़ जाए।"

"अत्यधिक प्रसंस्कृत फूड महत्वपूर्ण पोषक तत्वों - सोडियम, ट्रांस वसा और चीनी की उच्च सामग्री के व्यक्तिगत प्रभाव से परे स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं - औद्योगिक प्रसंस्करण के दौरान खाद्य पदार्थों में परिवर्तन और कृत्रिम अवयवों के उपयोग के कारण, जिसमें रंग, कृत्रिम स्वाद और मिठास, पायसीकारी और कई अन्य योजक और प्रसंस्करण सहायक शामिल हैं, इसलिए अत्यधिक प्रसंस्कृत फूड खपत से जुड़े सभी कारणों से होने वाली मौतों का आकलन करने से स्वास्थ्य पर औद्योगिक खाद्य प्रसंस्करण के प्रभाव का समग्र अनुमान लगाया जा सकता है।" निल्सन ने कहा कि यू.पी.एफ. से होने वाली बीमारियों का बोझ उच्च आय वाले देशों में सबसे अधिक है, लेकिन निम्न और मध्यम आय वाले देशों में यह बढ़ रहा है। लेखकों ने दुनिया भर की सरकारों से यू.पी.एफ. से निपटने के लिए साहसिक कदम उठाने का आग्रह किया, जिसमें खाद्य विपणन और स्कूलों और कार्यस्थलों में खाद्य पदार्थों की बिक्री पर सख्त नियमन और बिक्री को कम करने के लिए यू.पी.एफ. उत्पादों पर कर लगाना शामिल है। ये निष्कर्ष यू.पी.एफ. को कैंसर और हृदय रोग जैसी विशिष्ट बीमारियों के उच्च जोखिम और 75 वर्ष से पहले मरने के समग्र जोखिम से जोड़ने वाले बढ़ते प्रमाणों में शामिल हैं। हालांकि, उन्होंने यू.पी.एफ. और समय से पहले मृत्यु के बीच संबंध पाया, न कि यह कि एक निश्चित रूप से दूसरे का कारण बनता है। उदाहरण के लिए, पिछले साल बीएमजे में प्रकाशित अमेरिकी शोध में पाया गया कि जो लोग सबसे अधिक यू.पी.एफ. का सेवन करते हैं, उनमें कुल मिलाकर मृत्यु का जोखिम 4% अधिक होता है और कैंसर या हृदय रोग के अलावा किसी अन्य कारण से मरने का जोखिम 9% अधिक होता है। इसने प्रसंस्कृत मांस, चीनी व अति-प्रसंस्कृत नाश्ता खाद्य पदार्थों, जैसे अनाज, को सबसे अस्वास्थ्यकर यू.पी.एफ. उत्पादों के रूप में पहचाना। स्वास्थ्य व सामाजिक देखभाल विभाग के प्रवक्ता ने कहा: "हमने टीवी व ऑनलाइन पर बच्चों को जंक फूड के विज्ञापनों को लक्षित करने से रोकने के लिए पहले ही कार्रवाई कर दी है, और हमने स्थानीय अधिकारियों को स्कूलों के पास नए टेकअवे के लिए आवेदनों को अवरुद्ध करने के लिए अधिक शक्तिशाली अधिकार दिए हैं। लेकिन भारत में क्या हालत है?

## गिल की पीठ में जकड़न एसआरएच के खिलाफ मैच में फिट होने की उम्मीद

**जयपुर (आईएएनएस)**



गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल पीठ में जकड़न के कारण राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ मैच में फील्डिंग नहीं कर पाए। हालांकि शुक्रवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ होने वाले मैच से पहले उनके पूरी तरह से फिट होने की उम्मीद है। गिल ने इस मैच में 50 गेंदों में 84 रनों की पारी खेली थी। दूसरी पारी में गिल की जगह इशांत शर्मा इंपैक्ट प्लेयर के रूप में आए, जबकि उपकप्तान राशिद खान ने कप्तानी की जिम्मेदारी को संभाला। जीटी को इस मैच में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मैच के बाद गिल ने बताया कि जीटी की मेडिकल टीम ने उन्हें फील्डिंग नहीं करने की सलाह दी थी। यह एक एहतियातन दम था ताकि वह अगले मैच के लिए पूरी तरह से फिट हों। गिल ने कहा, "मुझे पीठ में थोड़ी जकड़न महसूस हुई और दो दिन बाद ही हमारा फिर मैच था। इसलिए फिजियो ने मुझे जोखिम ना लेने की सलाह दी थी। कल की हार के बावजूद जीटी की टीम नौ में से छह मैच जीतकर अंक तालिका के ऊपरी हिस्से में है और आईपीएल 2025 के प्ले ऑफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार है। गिल ने कहा, "हमें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि पिछले मैच में हमें जीत मिली या हार। हम इसे एक अन्य मैच की तरह ही लेंगे और अगले मैच के लिए आगे बढ़ेंगे।

## 14 साल के वैभव सूर्यवंशी में भविष्य के लिए बड़ी संभावनाएं : दिनेश लाड

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय टेस्ट और वनडे कप्तान रोहित शर्मा के कोच दिनेश लाड ने कहा है कि 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी एक अत्यंत प्रतिभाशाली भारतीय क्रिकेटर है और उसमें भविष्य के लिए बड़ी संभावनाएं हैं। दिनेश लाड ने 'आईएएनएस' से कहा कि जब मैंने पहली बार वैभव को बल्लेबाजी करते देखा और उसका लगाया हुआ शानदार छक्का देखा, तो मैं उसकी तकनीक और आत्मविश्वास से बहुत प्रभावित हुआ। हाल ही में एक आईपीएल मैच में उसकी बल्लेबाजी देख पूरा देश हैरान रह गया। इतनी कम उम्र में इस तरह का प्रदर्शन दुर्लभ होता है। वैभव सूर्यवंशी ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाकर इतिहास रच दिया - यह किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सबसे तेज और आईपीएल में अब तक का दूसरा सबसे तेज शतक है।

# कोलकाता ने दिल्ली को दिया 205 रनों का लक्ष्य, रिंकू-रघुवंशी की शानदार बैटिंग

**एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीए) 2025 के 48वें मैच में आज दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स की टीमें आमने-सामने हैं। इस मैच में दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत धमाकेदार रही। गुरबाज और सुनील नरेन ने कमाल की शुरुआत दिलाई। लेकिन तीसरे ओवर में 48 के स्कोर पर गुरबाज का विकेट गिरा। इसके बाद रहाणे ने मोर्चा संभाला। 85 के स्कोर पर कोलकाता को दूसरा झटका लगा जब नरेन 27 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद 8वें ओवर में कप्तान रहाणे का विकेट गिरा। रहाणे ने 26 रन बनाए। इसके बाद 10वें ओवर में वेंकटेश अय्यर आउट हो गए। अय्यर एक बार फिर फ्लॉप रहे और केवल 7 रन ही बना सके। 10 ओवर के बाद केकेआर का स्कोर 117-4 था। इसके बाद रिंकू सिंह और अंगकृष रघुवंशी के बीच अच्छी साझेदारी हुई। लेकिन 61 रनों की साझेदारी 17वें ओवर में टूटी जब अंगकृष रघुवंशी 44 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद अगले ही ओवर में रिंकू सिंह भी 36 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद रसेल ने एक छोटी तूफानी पारी खेली, जिसके दम पर केकेआर ने दिल्ली को 205 रनों का लक्ष्य दिया है।



### तेज शुरुआत के बावजूद दिल्ली को मध्यक्रम का नहीं मिला साथ, फाफ और राहुल स्पिन के जाल में फंसे

दिल्ली के लिए पोरेल ने टॉप ऑर्डर में आक्रामक अंदाज़ में बल्लेबाज़ी की है, लेकिन दिग्गज फाफ डु प्लेसिस वापसी मैच में धीमी पिच के कारण जूझते नजर आए और उन्हें जल्दी तालमेल बैठाना होगा। केएल राहुल इस सीज़न में DC के टॉप स्कोरर रहे हैं, लेकिन रविवार को स्पिनर्स के खिलाफ वह तेज़ रन नहीं बना सके। हालांकि, KKR के खाते में अब तक सिर्फ 7 अंक हैं और वे अंकतालिका में सातवें स्थान पर हैं। पिछले तीन मैचों में उन्हें दो बार हार और एक बार नो-रिज़ल्ट का सामना करना पड़ा है। ऐसे में रहाणे की टीम को अपनी प्लेऑफ उम्मीदें ज़िंदा रखने के लिए हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। मिडल ऑर्डर में वेंकटेश अय्यर, आंद्रे रसेल, रिंकू सिंह और रामनदीप सिंह बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे हैं।

## एलएसजी के मालिक ने आईपीएल 2017 में आरपीएस को चीयर करते हुए 6 वर्षीय सूर्यवंशी की पुरानी तस्वीर साझा की

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



राजस्थान रॉयल्स के 14 वर्षीय प्रतिभाशाली खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल और टी20 क्रिकेट दोनों में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया, लखनऊ सुपर जायंट्स के मालिक संजीव गोयनका ने 2017 में अपनी तत्कालीन टीम राइजिंग पुणे सुपरजायंट के लिए चीयर करते हुए 6 वर्षीय वैभव की एक दिल को छू लेने वाली पुरानी तस्वीर साझा की। इस किशोर ने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाकर इतिहास रच दिया - यह किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सबसे तेज और आईपीएल में अब तक का दूसरा सबसे तेज शतक है। यह सूर्यवंशी का केवल तीसरा आईपीएल मैच था। 14 साल और 32 दिन की उम्र में, उन्होंने सिर्फ 38 गेंदों पर 101 रन की धमाकेदार पारी खेली और आईपीएल और टी20 क्रिकेट में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। उनका शतक, जिसमें सिर्फ 35 गेंदें लगीं, क्रिस गेल की 2013 की ऐतिहासिक पारी से सिर्फ पांच गेंद धीमा था। युवा खिलाड़ी के शानदार प्रदर्शन के बाद, एलएसजी के मालिक ने सोशल मीडिया पर 2017 की 6 वर्षीय वैभव की एक तस्वीर साझा की।

## राज्य सरकार वैभव सूर्यवंशी को देगी 10 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि : सम्राट

**पटना (हि।स।)** । आईपीएल के इतिहास में सबसे कम उम्र (14 साल) में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने बिहार के समस्तीपुर जिले के रहनेवाले वैभव सूर्यवंशी को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोशल मीडिया के माध्यम से बधाई दी है। मंगलवार को मुख्यमंत्री के साथ वैभव सूयवंशी के साथ एक्स पर उन्होंने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है- बिहार के लाल वैभव सूर्यवंशी जी का आईपीएल में असाधारण प्रदर्शन और प्रतिभा को सम्मान देते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 10 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि घोषित की है। उन्होंने आगे लिखा है-सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले वैभव सूर्यवंशी को फिर एक बार बधाई एवं शुभकामनाएं।

## इंग्लैंड की महिला टीम की कप्तान बनीं सिवर-ब्रंट

**लंदन (आईएएनएस)**



नताली सिवर-ब्रंट को इंग्लैंड की महिला टीम का नया कप्तान बनाया गया है। सिवर-ब्रंट इससे पहले टीम की उपकप्तान थीं लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मल्टीफॉर्मेट एशेज में 16-0 से करारी शिकस्त के बाद हीदर नाइट को कप्तानी से हाथ धोना पड़ गया था। सिवर-ब्रंट इस समय मातृत्व अवकाश पर हैं और वह वेस्टइंडीज़ और भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए टीम के साथ जुड़ जाएंगी। 2013 में डेब्यू करने वालीं सिवर-ब्रंट ने तमाम प्रारूपों में इंग्लैंड के लिए कुल 259 मैच खेले हैं। टेस्ट में उन्होंने 46।47, वनडे में 45।91 और टी20 में 28।45 की औसत से रन बनाए हैं जबकि उनके नाम 181 अंतर्राष्ट्रीय विकेट भी हैं। सिवर-ब्रंट पहले भी नाइट की अनुपस्थिति में इंग्लैंड की कप्तानी कर चुकी हैं। सिवर-ब्रंट ने अब तक इंग्लैंड के लिए कुल 12 मैचों में कप्तानी की है जिसमें इंग्लैंड को नौ मैचों में जीत हासिल हुई है। उन्होंने इंग्लैंड के लिए कुल 11 टी20 और एक वनडे मैच में कप्तानी की है।

2024-25 एशेज में सिवर-ब्रंट ने नाइट के बाद इंग्लैंड के लिए दूसरे सर्वाधिक रन बनाए थे, जबकि सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाजों की सूची में वह तीसरे स्थान पर थीं, पहले पर ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी थीं।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## ओटीटी ऐप्स पर स्पैम कॉल्स और मैसेज रोकने की पहल



**नई दिल्ली** । सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने मंगलवार को ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफार्मों से आने वाले स्पैम और स्कैम कॉल के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदम का स्वागत किया। ज्वाइंट कमेटी ऑफ रेगुलेटर्स (जेसीओआर) की हाल ही में हुई बैठक के दौरान सरकार की ओर से बताया गया था कि इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय इस विषय के संदर्भ में फैसले लेगा। इंडस्ट्री इसे एक बहुत जरूरी कदम के रूप में देख रही है, खासकर ऐसे समय में तब जब स्पैम और स्कैम की गतिविधियां तेजी से व्हाट्सएप, सिग्नल और अन्य जैसे ओटीटी कम्यूनिकेशन ऐप पर स्थानांतरित हो रही हैं। इसके अतिरिक्त, दूरसंचार विभाग (डीओटी), दूरसंचार सेवा प्रदाताओं (टीएसपी) के साथ मिलकर पारंपरिक दूरसंचार नेटवर्क पर अनचाहे कमर्शियल कम्यूनिकेशन (यूसीसी) के संबंध में नियमों को कड़ा कर रहा है।

# केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का ब्रिटेन दौरा शीर्ष व्यापारिक नेताओं के साथ की चर्चा

**लंदन (आईएएनएस)**

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने ब्रिटेन में भारतीय व्यापार प्रतिनिधियों और बड़े उद्योगपतियों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत और ब्रिटेन के काम करने और साथ में तरक्की करने के नए अवसरों पर बातचीत की। वाणिज्य मंत्री ब्रिटेन, नॉर्वे और यूरोपीय संघ के साथ भारत के व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने के लिए इस सप्ताह लंदन, ओस्लो और ब्रुसेल्स की पांच दिवसीय यात्रा पर हैं। गोयल ने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, "भारतीय व्यापार प्रतिनिधियों के साथ रात के खाने पर मुलाकात की। बातचीत में हमारे उद्योग के मजबूत विकास और आपसी समृद्धि के लिए यूके के साथ अधिक सहयोग के अवसरों पर चर्चा की गई। उन्होंने रत्न और आभूषण के क्षेत्र में दुनिया भर के नए रुझान जानने के लिए डी बीयर्स कंपनी के सीईओ अल कुक और उनकी टीम से भी मुलाकात की। मंत्री ने कहा, "हमने भारत में हीरा उद्योग में मौजूद अवसरों इसे टिकाऊ बनाने के तरीकों और आगे बढ़ने की संभावनाओं पर बात की। गोयल ने रेवोल्यूट के अध्यक्ष मार्टिन गिल्बर्ट से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने भारत के फिनटेक सेक्टर में मौजूद बड़े मौके, इनोवेशन व विकास को बढ़ावा देने के लिए अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के साथ मिलकर काम करने की अहमियत पर बात की। इससे पहले, गोयल ने ब्रिटेन के व्यापार मंत्री जे। रेनॉल्ड्स से मुलाकात की। उन्होंने भारत और ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। भारतीय मंत्री ने अपने ब्रिटिश समकक्ष के साथ बैठक को भारत-ब्रिटेन आर्थिक संबंधों को गहरा करने की प्रतिबद्धता का हिस्सा बताया। बैठक के बाद गोयल ने एक्स पर लिखा, "द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से दो दिवसीय गहन चर्चा के लिए लंदन पहुंचा हूं। अपने पहले कार्यक्रम में, मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता को आगे बढ़ाने के लिए ब्रिटेन के बिजनेस और ट्रेड मंत्री जे। रेनॉल्ड्स के साथ एक सार्थक बैठक की, जिससे भारत-ब्रिटेन आर्थिक संबंधों की हमारी प्रतिबद्धता मजबूत हुई।



- **पीयूष गोयल की लंदन यात्रा :** गोयल दो दिवसीय यात्रा पर लंदन पहुंचे हैं, जिसका उद्देश्य भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देना है।
- **ब्रिटेन के व्यापार मंत्री से मुलाकात :** गोयल ने ब्रिटेन के व्यापार और ट्रेड मंत्री जे। रेनॉल्ड्स से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच एफटीए पर बातचीत को आगे बढ़ाने और द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा हुई।
- **एफटीए वार्ता का अंतिम चरण :** भारत और ब्रिटेन के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर वार्ता अपने अंतिम दौर में है। दोनों देश चाहते हैं कि यह वार्ता जल्द से जल्द पूरी हो।
- **अमेरिकी टैरिफ का प्रभाव :** अंतरराष्ट्रीय व्यापार में अमेरिका के टैरिफ से उत्पन्न चुनौतियों के चलते भारत-यूके एफटीए को और भी अधिक महत्वपूर्ण माना जा रहा है।
- **रेवोल्यूट के अध्यक्ष से बैठक :** गोयल ने रेवोल्यूट के अध्यक्ष मार्टिन गिल्बर्ट से भी मुलाकात की। चर्चा का केंद्र बिंदु भारत के फिनटेक सेक्टर में मौजूद अवसर, इनोवेशन और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत रही।

## शेयर बाजार सपाट बंद आईटी शेयरों में हुई खरीदारी

**मुंबई (आईएएनएस)**



भारतीय शेयर बाजार ने मंगलवार के कारोबारी सत्र में सीमित दायरे में कारोबार किया और करीब सपाट बंद हुआ। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 70 अंक या 0।09 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 80,288 और निफ्टी 7 अंक की तेजी के साथ 24,335 पर था। कारोबारी सत्र में आईटी शेयरों में शानदार तेजी देखने को मिली। निफ्टी आईटी इंडेक्स 1।23 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, इटरनल (जोमैटो), इंडसइंड बैंक, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, टाइटन, टीसीएस, अदाणी पोर्ट्स, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, एचयूएल, एशियन पेंट्स और एक्सिस बैंक टॉप गेनर्स थे। अल्ट्राटेक सीमेंट, सनफार्मा, पावर ग्रिड, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा, एमएंडएम, एसबीआई, नेस्ले, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक टॉप लूजर्स थे। सेक्टोरल आधार पर आईटी के अलावा, इन्फ्रा, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और ऑयलएंडगैस सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। ऑटो, फार्मा, मेटल, मीडिया, एनर्जी और कमोडिटी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए।

## लैंड पोर्ट अथॉरिटी ने एसबीआई के साथ साइन किया एमओयू, 18 लाख से ज्यादा लोगों को होगा फायदा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

लैंड पोर्ट ऑथोरिटी ने देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किया है। इसके तहत सरकारी बैंक लैंड पोर्ट ऑथोरिटी को बैंकिंग सेवाएं प्रदान करेंगी, जिसमें फॉरेन एक्सचेंज, एक्सपोर्ट-इंपोर्ट, कार्ड पेमेंट सर्विसेज और कॉरपोरेट सैलेरी पैकेज शामिल हैं। इससे 18 लाख से ज्यादा लोगों को फायदा होगा। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के चीफ जनरल मैनेजर देबाशीष मिश्रा ने बताया कि यह सभी बैंकिंग सर्विसेज लैंड पोर्ट ऑथोरिटी के एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर प्रदान की जाएंगी। फिलहाल लैंड पोर्ट ऑथोरिटी के पास 15 एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स हैं और इनमें 11 और जुड़ने वाले हैं। आगे चलकर बैंक इसके हिसाब से ही अपनी सेवाओं का विस्तार करेगा। उन्होंने आगे कहा कि लैंड पोर्ट ऑथोरिटी के जरिए करीब 18 लाख लोग हमारे देश से बाकी देशों जैसे नेपाल, भूटान और बांग्लादेश जाते हैं।

## भारत का शीर्ष प्रदर्शन करने वाला राज्य बना 'महाराष्ट्र', दूसरे स्थान पर गुजरात : रिपोर्ट

**नई दिल्ली (आईएएनएस)** । देश में आर्थिक और सामाजिक मापदंडों पर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले राज्यों में महाराष्ट्र पहले स्थान पर है, जिसके बाद गुजरात और कर्नाटक का स्थान है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई।

केयरएज रेटिंग्स की 'स्टेट रैंकिंग 2025' रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र वित्तीय विकास में शीर्ष पर रहा और राज्य ने आर्थिक, राजकोषीय और सामाजिक स्तंभों में मजबूत प्रदर्शन किया।

## स्किल डेवलपमेंट के लिए भारत और मिस्र रणनीतिक सहयोग को करेंगे मजबूत

**नई दिल्ली (आईएएनएस)** । भारत और मिस्र ने वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी और फ्यूचर-रेडी वर्कफोर्स तैयार करने के लिए स्किल डेवलपमेंट में रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की है। मंगलवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह फैसला भारत के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) के अधिकारियों और तकनीकी शिक्षा उप मंत्री प्रोफेसर अयमान बहा अल दीन के नेतृत्व में मिस्र के प्रतिनिधिमंडल के बीच आयोजित उच्च स्तरीय

# कांग्रेस ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी रोड़।** पलामू जिला कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने मंगकलवार को पंचायत जोगा के बिरजा स्वास्थ केंद्र, करकट्टा पंचायत के करकट्टा के नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को लेकर ऊंटारी रोड़ बीडीओ श्रवण कुमार भगत को ज्ञापन सौंप निराकरण की मांग की। ज्ञापन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की अनुपस्थिति, दवाओं की कमी, एंबुलेंस सेवा की लचर व्यवस्था और स्वच्छता से संबंधित समस्याओं को सुधार की मांग की गई है। बिश्रामपुर विधान सभा पूर्व प्रत्याशी सुधीर कुमार चंद्रवंशी ने मांग की कि जल्द इन समस्याओं का समाधान किया जाए, ताकि आमजन को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। प्रखंड पदाधिकारी ने समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। मौके पर ऊंटारी रोड़ प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह, समाज सेवी विवेक शुक्ला ,राम प्रवेश सिंह, पवन देव कुमार, छोटन सिंह, कांग्रेस नेत्री रेखा सिंह मौजूद थे।

# लूट कांड में संलिप्त तीन अपराधी गिरफ्तार, भेजा जेल

**दो मोबाईल फोन व 800 रुपए बरामद**

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** थाना पुलिस ने लूट कांड की घटना में संलिप्त तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में मोहम्मद शमशाद अंसारी 25 वर्ष पिता मोहम्मद सदिक अंसारी ग्राम जोल्हाबीघा, मोहम्मद हुसैन आलम उर्फ सोनम आलम 22 वर्ष पिता अली मोहम्मद मियां ग्राम गड़गांव, मोहम्मद इमाम आलम उर्फ कारू 25 वर्ष पिता कलाम मियां ग्राम गड़गांव का नाम शामिल है।



मोहम्मद शमशाद अंसारी पर पूर्व में भी पांकी थाना व पिपराटांड़ थाना में तीन मामला दर्ज हैं। तीनों आरोपियों ने लूट कांड में अपनी संलिप्तता को स्वीकार कर लिया है। यह जानकारी थाना प्रभारी राजेश रंजन ने पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि 24 अप्रैल को विकास कुमार राम के लिखित आवेदन के आधार पर पांकी थाना में मामला दर्ज किया गया था। आवेदन में उसने उल्लेख किया था कि दो मोबाइल फोन, नगद 7000 रुपए, स्विफ्ट कार की चाबी डरा धमका कर चाकू दिखाकर लूट लिया गया। पुलिस ने अनुसंधान क्रम में त्वरित कार्रवाई करते हुए एसपी के आदेश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के निर्देश पर पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों के पास से लूटा गया दो मोबाइल फोन व 800 रुपया बरामद किया गया है। छापेमारी दल में पुलिस निरीक्षक पूनम टोप्पो, संतोष गिरी, श्याम भगत सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## न्यूज बॉक्स

### रेल यात्री सुविधाओं में वृद्धि को लेकर सांसद से एसोसिएशन ने की वार्ता



**हैदरनगर।** झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन का एक शिष्टमंडल रेल यात्री सुविधाओं में वृद्धि को लेकर पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम से उनके आवास पर वार्ता की है। उन्होंने एक मांग पत्र सौंप कर बताया कि रांची- इंदौर, रांची-देहरादून, रांची-भावनगर, चोपन-देवघर और रक्सौल-रांची के बीच नई ट्रेन का परिचालन शुरू कराने का प्रस्ताव रखा है। साथ ही रेलवे बोर्ड में प्रस्तावित गोरखपुर-रामेश्वरम एक्सप्रेस को भी डालटनगंज के रास्ते दक्षिण भारत से पलामू के यात्रियों को जोड़ने का आग्रह किया है। उन्होंने ट्रेन नंबर 09619 / 20 मदार-रांची एक्सप्रेस के नियमित कराने पर भी विचार किया है। सांसद ने एसोसिएशन के प्रवक्ता सत्यम कुमार व मीडिया प्रभारी अंकू सिंह राणा के सुझाव व प्रस्तावित मांग पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया है। सांसद ने कहा कि पलामू क्षेत्र के लोगों के लिए शीघ्र ही नयी ट्रेनों के परिचालन की सौगात मिलने वाली है। इससे पलामू क्षेत्र के रेल व यात्री विकास व सुविधाओं में गति प्रदान करेगा।

# 16 दिवसीय रुआर के तहत कार्यशाला का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** प्रखंड सभागार में बैक टू स्कूल कैंपेन कार्यक्रम 2025 का दीप जलाकर बीडीओ व मुखिया ने उद्घटन किया। बीडीओ विश्व प्रताप मालवा ने प्रखंड स्तरीय शिक्षा उन्मुखीकरण की अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम को चुनौती के रुप में लेना होगा। संचालन कर रहे शिक्षक प्रेम चौधरी, राजेश नंदन सिंह ने रुआर विषय और उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होंने कहा कि नामांकित, क्षिजीत, ड्रॉप आउट के मुख्य कारण अभिभावक बच्चों को सरकारी स्कूल में रुचि के साथ नहीं भेजना ही बड़ी समस्या है। इसे दूर करने के लिए उपस्थित लोगों से सुझाव भी लिया गया। उन्होंने कहा



कि यह कार्यक्रम 16 दिवसीय गतिविधि आधारित है। कार्यशाला 10 मई तक चलेगी। इसमें प्रत्येक पंचायत के स्कूल में एक कमेटी गठित कर जागरुकता करने का निर्णय लिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी के साथ संबंधित पंचायत के मुखिया विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, अभिभावक, शिक्षा पदाधिकारी, कर्मी मोटिवेशन के लिये जायेंगे। इससे सभी बच्चे का नामांकन सुनिश्चित हो सकेगा। साथ ही हमारा विद्यालय स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक रहे। इसके लिए ईको क्लब का गठन किया गया है। इसका लिंक सभी प्रभारी को भरना व पंजीयन करना अनिवार्य है। बीपीओ के धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक में प्रखंड साधन सेवी, सभी संकुल साधन सेवी, प्रखंड समन्वयक, सभी विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिका सह प्रभारी प्रधानाध्यापक, प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### सेवानिवृत सीआरपी को दी भावभीनी बिदाई

**हैदरनगर।** पतरिया संकुल के सीआरपी उमेश राम के सेवानिवृत होने के एक दिन पूर्व प्रखंड सभागार में एक सादे समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मान व भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर बीडीओ विश्वप्रताप मालवा ने कहा कि सरकारी सेवा में एक निश्चित समय के बाद सेवानिवृति एक सतत प्रक्रिया है। इसे एक दिन सभी कर्मचारियों और पदाधिकारियों को गुजरना है। उन्होंने सीआरपी उमेश राम के सुखद व स्वास्थ्य जीवन की कामना की। मौके पर बीपीओ अजय रवि, सीआरपी प्रमोद सिंह, बृजेंद्र कुमार पांडेय, बीआरसी चंदन कुमार, शिक्षक राजेश नंदन सिंह, चक्रवर्ती सिंह, प्रेम चौधरी, मुखिया जितेंद्र सिंह, सुदर्शन राम, नवाजिश खान के अलावा प्रखंड कर्मी व शिक्षक उपस्थित थे।

# जपला स्टेशन पर चला सघन टिकट चेकिंग अभियान

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** डीडीयू रेल मंडल के जपला स्टेशन पर मंगलवार को सीटीआई दीपक कुमार व आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में मेगा टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे टिकट जांच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक सहित सभी वाणिज्य अधिकारी व आरपीएफ कर्मी उपस्थित रहे 'इस दौरान डेहरी ऑन सोन-बरवाडीह शटल पैसेंजर, डीजीआर व बीडीएम पैसेंजर ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जांच



किया गया तथा बिना टिकट/अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों से नियमानुसार जुमार्ने की राशि वसूल की गयी 'वही आरपीएफ ने महिला व विकलांग बोगी में अनाधिकृत रूप से यात्रा कर रहे दो व्यक्ति व एक भेंडर पकड़ा जिसे अग्रिम कारवाई हेतु रेलवे न्यायालय डाल्टनगंज प्रेषित किया। साथ ही बिना टिकट व अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित किया गया।सीटीआई

### 12वीं के बाद पढ़ाई में पैसा नहीं बनेगा रोड़ा

**मेराल।** दिनकर प्रभाकर जनसेवा चैरिटेबल ट्रस्ट कई लगातार छात्रों के कॉलेज फीस की जिम्मेदारी लेकर उन्हें हायर एजुकेशन लेने में पूरी मदद कर रहा है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में दादा-दादी, नाना-नानी सम्मान समारोह का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**भवनाथपुर।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाजार में दादा-दादी,नाना-नानी सम्मान समारोह का मंगलवार को आयोजन किया गया। संरक्षक बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, बबन साह, भूमि दाता कामेश्वर साह,सचिव राम सुरेश राम,सह सचिव काशी राम, कोषाध्यक्ष बजरंगी साह, पूर्व मुखिया चपरी केदारनाथ चौबे, प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जलित कर व मां सरस्वती,भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सरस्वती वंदना के बाद प्रधानाचार्य जयंत कुमार ने कहा कि आज के परिवेश में लोग पाश्चात्य संस्कृति को अधिक बढ़ावा दे रहे हैं। संयुक्त परिवार बिखरता जा रहा है। बच्चे दादा-दादी के साथ बैठना तक पसंद नहीं कर रहे हैं। इसके कारण हमारी अपनी संस्कृति विलुप्त होती जा रही है। यहां तक कि लोग वृद्धाश्रम का भी सहारा लेना प्रारंभ कर दिए हैं। सरस्वती शिशु मंदिर ही एक मात्र विद्यालय है, जहां अपनी संस्कृति को संरक्षण मिल रहा है। 90 प्रतिशत विद्यालयों में हाय, हेलो,डैड, मम्मी आदि सिखाए जा रहे हैं,इससे हमें बचना होगा। परिधी ने दादा दादी पर अपना विचार प्रस्तुत की। बैजनाथ गुप्ता,काशीराम के अलावा कई अभिभावकों ने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन अनुज कुमार, रीता चौबे ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर आचार्य अशोक कुमार, नीतू गुप्ता, प्रीति शर्मा, अरुण कुमार, अजीत कुमार, रमेश विश्वकर्मा, इन्द्रजीत गुप्ता , रामकेवल साह, मनीष पटेल , अमन कुमार, नीता गुप्ता, अमृता पाठक, सुगन देवी, बिरेन्द्र बैठा सहित कई लोग उपस्थित थे। अंत में वंदे मातरम के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया।

### उपायुक्त ने जनता दरबार में सुनी समस्याए, दिए निर्देश

**गढ़वा।** उपायुक्त शेखर जमुआर मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया। उन्होंने जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडो से आए फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर सुनी। उसके निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन, पेंशन, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, आवास, मुआवजा, योजनाओं का लाभ, अतिक्रमण, रोजगार सृजन, बकाया मजदूरी भुगतान समेत समस्या जनता दरबार में आया था। ग्राम छतरपुर के गिरिजा प्रसाद ने बताया की उनकी जमीन एनएच 75 में चली गई है। उनके अधिग्रहण किए जमीन का अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। प्रखंड डंडा के ग्राम कोरटा के विकास कुमार महतो ने बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लोन के लिए ऑनलाइन आवेदन जनवरी में किया था, किंतु अभी तक उनका ऑनलाइन सत्यापन नहीं किया गया है।

# एसडीएम ने होटल संचालकों के साथ कॉफी पर किया संवाद




**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने अपने एक घंटे के साप्ताहिक कार्यक्रम कॉफी विद एसडीएम में अनुमंडल क्षेत्र के होटल संचालकों के साथ अपने यहां कॉफी पर अनौपचारिक संवाद किया। मंगलवार को आयोजित इस सप्ताह के 'कॉफी विद एसडीएम' में होटल मालिकों, प्रबंधकों के अलावा नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, जिला पर्यटन कार्यालय के विशेषज्ञों ने सहभागिता निभायी। होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों ने संवाद के दौरान न केवल अपनी समस्याएं रखीं बल्कि शहर की बेहतरी को लेकर कुछ सुझाव भी दिए। होटल महाराजा पैलेस के संचालक प्रकाश कुमार ने मझिआंव मोड व आसपास में टेंपो, टोटो चालकों के चलते लगने वाले जाम के बारे में शिकायत की। तिवारी रेस्ट हाउस के संचालक उमाकांत तिवारी, होटल पद्मावत के संचालक राघवेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि यह पहला मौका है जब गढ़वा के सभी होटल संचालक एक मंच पर आए और इसका श्रेय काफी विद एसडीएम कार्यक्रम को जाता है। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी सहभागियों से अपील की कि वह होटल व्यवसाय जैसे अति संवेदनशील व महत्वपूर्ण कार्य को पूरी सजकता और सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए करें। एसडीएम ने सभी होटल मालिकों से कहा कि वह अपने होटल में पर्याप्त मेमोरी स्टोरेज के साथ आवश्यक संख्या में सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था जरूर रखें। इस दौरान वे इस बात का भी ख्याल रखें कि भूलवश भी किसी की निजता का हनन न हो। कार्यक्रम में होटल रॉयल पद्मावती, एसएनसी इंटरनेशनल, होटल कृष्णा हरि, होटल जी श्री, गुपुत वाटिका, तिवारी रेस्ट हाउस, होटल वीनस इंटरनेशनल, सांझा चूल्हा, होटल ठाकुर महल, होटल विकास इन, होटल राज पैलेस, होटल ग्रैंड व्यू, आरडीएस इन आदि के संचालकों ने अपने-अपने विचार रखे। इस दौरान कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार, जिला पर्यटन विशेषज्ञ पुष्कर गुप्ता, संदीप कुमार गौरव कुमार आदि मौजूद थे।

## पेज एक के शेष

### भारतीय हवाई क्षेत्र...

विशेषज्ञ मानते हैं कि यह कदम पाकिस्तान को कड़ा संदेश देने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की स्थिति को मजबूत करेगा। भारत यह दशार्ना चाहता है कि वह अपनी संप्रभुता और सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर कोई समझौता नहीं करेगा। साथ ही, भारत दुनिया को यह भी बताना चाहता है कि आतंकवाद को समर्थन देने वाले देशों के खिलाफ कड़े कदम उठाना जरूरी है।

**क्या होगा प्रभाव** : विशेषज्ञों का कहना है कि यदि भारत अपने हवाई क्षेत्र को पाकिस्तान के लिए बंद कर देता है, तो इसका सीधा असर पाकिस्तान की एयरलाइनों पर पड़ेगा। पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) समेत अन्य एयरलाइनों को लंबी दूरी तय करनी होगी, जिससे ईंधन खर्च बढ़ेगा और उड़ानों की लागत में इजाफा होगा। इससे एयर टिकट महंगे हो सकते हैं और यात्रियों की संख्या में भी गिरावट आ सकती है। समुद्री मार्ग पर रोक लगाने का असर भी व्यापक होगा। भारत पाकिस्तान के लिए एक प्रमुख व्यापारिक मार्ग है। अगर भारतीय बंदरगाहों पर पाकिस्तानी जहाजों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया, तो पाकिस्तान को अपने निर्यात और आयात के लिए वैकल्पिक और अधिक महंगे मार्गों की तलाश करनी पड़ेगी। इससे उसके व्यापारिक संतुलन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

### राज्य में बेहतरीन...

यह अमानवीय है और अस्पतालों को मरीज के इलाज की पूर्ण जिम्मेदारी लेनी चाहिए। डॉ अंसारी ने कहा कि इस कार्यशाला में निजी अस्पताल प्रबंधन से जुड़े बहुत सारे लोग नहीं आ पाए हैं, लेकिन हम उनके लिए फिर से एक कार्यशाला का आयोजन करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं भी एक डॉक्टर हूं और मैं हर हाल में आपको मदद ही करूंगा। मैं स्वास्थ्य व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाना चाहता हूं। अगर कोई समस्या हो तो आप सीधे मुझसे बात कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ जसास द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं पर भी चर्चा की गई। अस्पतालों के अपडेट कैपेसिटी और शिकायत निवारण जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में सभी जिलों के सिविल सर्जन के साथ शहरी क्षेत्र के 50 बेड से कम के अस्पताल एवं ग्रामीण क्षेत्र के 30 बेड से कम के अस्पताल के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस मौके पर झारखंड स्टेट आरोग्य सोसाइटी के सभी अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

### राज्य में मातृ...

उन्होंने कहा कि राज्य के अस्पतालों में बेड की संख्या बढ़ानी चाहिए, क्योंकि राज्य में 1,13,000 बेड होने चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य में मातृ मृत्यु दर और बाल मृत्यु दर में कमी आई है। दोनों में हम बेहतर कर रहे हैं, इसलिए दूसरे राज्य के लोग भी हमारे राज्य में इलाज के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी सुविधाएं दे रहे हैं, ताकि कोई भी इलाज से वंचित नहीं हो। उन्होंने सभी अस्पतालों के प्रबंधन से कहा कि अगर किसी प्रकार की कोई दिक्कत होती हो, तो हमें बताएं हम पूरी मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि गाइडलाइन को बढ़िया से पढ़ें। अपने अस्पताल में बेहतरीन लोगों को नियुक्त करें, जो गाइडलाइन के अनुरूप काम कर सकें।

### मूसा था पहलगाम...

जहां उसके लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) मॉड्यूल पर पिछले साल सुरक्षा बलों पर कई हमलों की साजिश रचने का संदेह है। पाकिस्तानी पैरा-कमांडो विशेष रूप से विशेष सेवा समूह (एसएसजी) द्वारा प्रशिक्षित, अपरंपरागत युद्ध, उत्तरजीविता रणनीति और पर्वतीय युद्ध में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रसिद्ध हैं। उनके प्रशिक्षण में उच्च-धीरज संचालन, नजदीकी लड़ाई (सीक्यूबी), कठिन इलाकों में नेविगेशन और उन्नत बचाव तकनीकें शामिल हैं, जो सभी मूसा के अभियानों में परिलक्षित होती हैं। सुरक्षा ग्रिड के सूत्रों के अनुसार, जमीन पर समूह का व्यवहार उच्च स्तर की युद्ध-क्षमता और प्रशिक्षण को दशार्ता है। आतंकवादियों ने पुलिस और सेना के गश्ती दल को सफलतापूर्वक चकमा दिया है, नागरिकों के संपर्क से बचते हुए लगातार ऊबड़-खाबड़ पहाड़ी जंगलों से गुजरते रहे हैं।पहलगाम के आतंकी हमले के बाद दक्षिण कश्मीर के जंगलों में इनकी तलाश में लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

### टीएसपीसी के नाम...

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अपराधियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। छापेमारी अभियान में एसडीपीओ के साथ पुलिस इंस्पेक्टर परमानंद बिरूवा, थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, अमरवाडीह पिकेट प्रभारी अनुभव सिन्हा, पुनी रंजन कुमार पासवान, पुनी होसेन डांग, पिकेट प्रभारी मुरपा, पुनी गौतम कुमार, पुनी अमित कुमार रविदास, पंकज शुक्ला, राजेश कुमार, तकनीकी शाखा लातेहार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### संदिग्ध अवस्था में ऑटो में मिला युवक का शव

**भवनाथपुर।** श्री बंशीधर नगर मुख्य पथ पर सोमवार की रात्रि अपने ही ऑटो में एक खून से लथपथ शव पाया गया। उसकी पहचान बुका निवासी रामलाल पासवान के 30 वर्षीय पुत्र सतेंद्र पासवान उर्फ लाला राम के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही एसआई दिनेश सिंह ने घटना स्थल से ऑटो और सतेंद्र को भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया। वहां चिकित्सक डॉ रंजन दास ने युवक को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर लोग भवनाथपुर सीएचसी पहुंचे। ग्रामीणों केअनुसार मृतक की हत्या करने की आशंका जताई जा रही। पुलिस द्वारा यह एक सड़क दुर्घटना बताया गया। इस घटना में मृतक सतेंद्र के ऑटो में बाएं तरफ से किसी अज्ञात गाड़ी से धक्का लगने से खरोंच का निशान था।

# वृद्ध की गला दबाकर की गई हत्या

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेराल।** थाना क्षेत्र के बिकताम गांव में मंगलवार को 90 वर्षीय बोदी भुइयां की मारपीट के बार गला दबा कर हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक के परिवार वालों ने घटना के बारे में मेराल थाना पुलिस को जानकारी दी है। थाना प्रभारी विष्णु कांत ने दलबल के साथ घटना स्थल पहुंच कर मामले की जानकारी ली। घटना के संबंध में मृतक का बेटा लाल बिहारी ने अपने पिता के हत्या के मामले में थाना में गांव के ही युवक उपेंद्र भुइयां उर्फ अकलू भुइयां पर एफआईआर दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार उपेंद्र भुइयां मृतक बोदी भुइयां के अलावा अपने पत्नी मनीता देवी, मां कोलपतिया कुंवर, अपने छोटे भाई के पत्नी सुनीता देवी, गांव के कमलेश भुइयां को मारकर घायल कर दिया है। सुनीता देवी का घर भी जला दिया है। घटना के बाद आरोपी युवक घर से फरार हो गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि मृतक 90 वर्षीय बोदी भुइयां का बेटा लाल बिहारी भुइयां ने गांव के ही उपेंद्र भुइयां पर नामजद एफआईआर दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है।

### स्कूल रुआर के तहत जागरूकता रैली निकाली गई

**खरौंधी।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगांवा में मंगलवार को स्कूल रुआर 2025 अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुहब्बत हुसैन ने किया। रैली में बच्चों ने स्लोगन और नारों के जरिए ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया।

# निजी विद्यालय प्रबंधन शुल्क के लिए कमेटी गठित करें : बीईईओ

**चंदवा।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के निर्देस पर मंगलवार को मध्य विद्यालय सभागार में प्रखंड में संचालित निजी विद्यालयों के संचालकों के साथ बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण 2017 के आलोक में शुल्क समिति गठन को लेकर आहूत की गई थी। बैठक में बीडीओ चंदन प्रसाद,चंदवा पश्चिमी जिला परिषद सदस्य सरोज देवी,प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी राजश्री पूरी मौजूद थी। बैठक में बीडीओ व बीईओ ने झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण 2017 अधिनियम की जानकारी साझा की। बीडीओ ने बताया कि पूरे राज्य में निजी विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों के शिकायत निवारण को लेकर उक्त अधिनियम बनाया गया है, जिसका पालन सभी निजी विद्यालय को करना है। सभी निजी विद्यालय प्रबंधन एक सप्ताह के अंदर शुल्क निर्धारण कमेटी गठित कर लें। कमेटी में निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि अध्यक्ष, निजी विद्यालय के प्रधानाचार्य सचिव, निजी विद्यालय द्वारा मनोनीत 3 शिक्षक सदस्य, माता-पिता शिक्षक संघ द्वारा गठित चार माता-पिता सदस्य होंगे। कमेटी गठित होने के उपरांत संबंधित प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय लातेहार को सुपुर्द करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावा बीईईओ ने निजी विद्यालय संचालन को लेकर जारी नियमों एवं मापदंडों की जानकारी भी साझा की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि रि-एडमिशन के नाम पर किसी प्रकार का शुल्क न लें। अगर कोई प्रबंधन ऐसा करता है तो उसके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में शिक्षा विभाग के सुबोध चंदेल,प्रतीक सिन्हा,कनीय अभियंता कृष्णा पासवान,निजी विद्यालय के हिमांशु सिंह,मनोज सिंह,मनु गुप्ता,सिंकी कुमारी,कुश यादव,राहुल मिश्रा,एलेक्स कंडुलना,राजू मिश्रा,जय प्रकाश घटवार,शरद सिन्हा समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

# मारवाड़ी युवा मंच के संदीप केजरीवाल बने नए अध्यक्ष सौरभ सर्राफ को सौंपी गई सचिव की जिम्मेदारी

**27 वर्षों में पहली बार शांतिपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के माध्यम से हुआ नेतृत्व परिवर्तन**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मारवाड़ी युवा मंच, डाल्टनगंज शाखा की वार्षिक आमसभा रविवार, 27 अप्रैल को होटल राज इन में संपन्न हुई। मंच के अध्यक्ष विकास उदयपुरी की अध्यक्षता में हुई इस सभा में संगठन के इतिहास में पहली बार शांतिपूर्ण चुनाव के माध्यम से नए पदाधिकारियों का चयन किया गया। चुनाव परिणाम के अनुसार संदीप केजरीवाल मंच के नए अध्यक्ष चुने गए, जबकि सौरभ सर्राफ को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों का कार्यकाल वर्ष 2025झ26 के लिए निर्धारित किया गया है। सभा के आरंभ में निवर्तमान अध्यक्ष विकास उदयपुरी और सचिव सज्जन




संघाई ने सत्र 2024झ25 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। सदस्यों ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए मंच के बीते सत्र को सफल बताया। इस अवसर पर मंच के करीब 80 सदस्य उपस्थित रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष संदीप केजरीवाल और सचिव सौरभ सर्राफ ने सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया और मंच की भावी गतिविधियों को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। सभा के समापन पर मंच के वरिष्ठ सदस्यों व पूर्व पदाधिकारियों ने नई टीम को शुभकामनाएं दीं और संगठन की सकारात्मक ऊर्जा को आगे बढ़ाने की अपील की।

बिल्डर ने फ्लैट पूरा बनाया नहीं, ग्राहकों को कब्जा मिला नहीं, बैंक ग्राहकों से ईएमआई वसूल रहे

## सुपरटेक के प्रोजेक्ट्स की सीबीआई जांच के आदेश

**नई दिल्ली** । सर्वोच्च न्यायालय की जस्टिस सूर्यकांत व जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने बिल्डर सुपरटेक व अन्य बिल्डरों के मामले में फैसला सुनाते हुए कहा कि बिल्डरों व बैंकों के बीच गठजोड़ की जांच जरूरी है। न्यायालय ने सीबीआई को एनसीआर (नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम समेत अन्य जगहों पर) में चल रहे सुपरटेक के प्रोजेक्ट्स की जांच करने का आदेश दिया है। मालूम हो कि सुप्रीम कोर्ट के समक्ष हजारों फ्लैट खरीदने वालों की याचिकाएं आईं थीं। जिसमें आरोप लगाया कि, उन्होंने नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गुरुग्राम जैसे इलाकों में सुपरटेक व अन्य बिल्डरों के प्रोजेक्ट्स में फ्लैट बुक कराए थे। बुकिंग सबवेंशन स्कीम के तहत की गई थी, जिसमें बैंक बिल्डर को 60-70% लोन की रकम सीधे दे देते थे। लेकिन फ्लैट समय पर नहीं बने और अब बैंक उनसे ईएमआई वसूल रहे हैं, जबकि उन्हें अभी तक फ्लैट का कब्जा नहीं मिला है। इस मामले में शीर्ष न्यायालय ने इसे अशुद्ध गठजोड़ करार दिया और कहा कि यह आम लोगों को धोखा देने का मामला है। सुनवाई के दौरान जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने सीबीआई को निर्देश दिया।

## कनाडा में भारतीय छात्रा का मिला शव, 25 अप्रैल से थी लापता

**ओटावा (आईएएनएस)**। कनाडा में चार दिनों से लापता एक भारतीय छात्रा रहस्यमयी परिस्थितियों में मृत



पाई गई। यह जानकारी ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने दी। पंजाब के डेरा बस्सी निवासी आप नेता देविंदर सिंह की बेटी वंशिका उच्च शिक्षा के लिए ढाई साल पहले ओटावा गई थी। कनाडा में भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि ओटावा में भारतीय छात्रा वंशिका की मौत की खबर सुनकर गहरा दुख हुआ। मामले को स्थानीय अधिकारियों के सामने उठाया गया और पुलिस के अनुसार वह जांच कर रही है। उच्चायोग ने कहा कि वह हर संभव मदद प्रदान करने के लिए शोक संतप्त परिजनों और स्थानीय सामुदायिक संघों के साथ निकट संपर्क में हैं। ओटावा के हिंदू समुदाय की ओर से ओटावा पुलिस सर्विस को लिखे पत्र के मुताबिक वंशिका 25 अप्रैल को लापता हुई थी।

# कनाडा चुनाव : लिबरल पार्टी की चौथी बार सत्ता में वापसी

### ट्रंप के 'टैरिफ युद्ध' ने आसान बनाई मार्क कार्नी की राह




**ओटावा (आईएएनएस)**

कनाडा की लिबरल पार्टी ने चौथी बार सत्ता में वापसी की है। प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में मिली यह जीत कई मायनों में हैरान करने वाली है क्योंकि साल की शुरुआत में पार्टी की स्थिति बहुत कमजोर मानी जा रही थी। कनाडा के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आक्रामक रुख पार्टी की जीत में बड़ा फैक्टर माना जा रहा है। कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पियरे पोलीवरे ने हार कबूल कर ली और मंगलवार की सुबह कार्नी को बधाई देते हुए उनकी जीत की पुष्टि की। जीत की घोषणा करते हुए कार्नी ने कहा, "हम अपने महान देश के लिए एक स्वतंत्र भविष्य का निर्माण करेंगे।"हालांकि खबर लिखे जाने तक कनाडाई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लिबरल पार्टी 146 सीटें जीत चुकी है जबकि 22 पर वह आगे चल रही है। इस तरह से वह 168 सीट जीत सकती हैं। अभी यह साफ नहीं है कि लिबरल पार्टी बहुमत हासिल करेगी या नहीं। बहुमत का जादुई आंकड़ा 172 है। 343 सदस्यीय हाउस ऑफ कॉमन्स में लिबरल पार्टी ने पिछली बार 152 सीटें थीं। कंजर्वेटिव पार्टी ने 128 सीटें जीती हैं जबकि 16 पर वह आगे चल रही है। कनाडा की राजनीति में कभी किंगमेकर की भूमिका निभाने वाले जगमीत सिंह संसद का चुनाव हार गए हैं और उनकी पार्टी को भी करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा है। खालिस्तान समर्थक सिंह, को पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के भारत विरोधी रुख के लिए जिम्मेदार कारणों में से एक माना जाता है।

ट्रूडो अपनी अल्पमत सरकार को सत्ता में बनाए रखने के लिए उन पर निर्भर थे। अब, सिंह व्यक्तिगत रूप से पराजित हो चुके हैं, उनकी राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (एनडीपी) अप्रासंगिक हो गई है। पिछले हाउस ऑफ कॉमन्स में एनडीपी को 24 सीटें मिली थीं, जो इस बार घटकर सात रह जाने की उम्मीद है। पार्टी ने चार सीटें जीत ली है और खबर लिखे जाने तक तीन पर आगे चल रही थी। वर्ष की शुरुआत में लिबरल पार्टी अपमानजनक हार की ओर बढ़ती दिख रही थी लेकिन ट्रंप ने कनाडा के खिलाफ टैरिफ युद्ध छेड़कर और देश को अमेरिका में मिलाने की धमकी देकर सारा खेल पलट दिया। ट्रंप के खिलाफ विद्रोह और राष्ट्रवाद की भावनाओं के जागने के साथ ही पार्टी के लिए समर्थन बढ़ गया।

खालिस्तान समर्थक एनडीपी पार्टी की हार के बाद मान्यता खतरे में

## कनाडा में खालिस्तान समर्थकों की हार के बाद जगमीत सिंह ने की इस्तीफे की घोषणा

कनाडा की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जगमीत सिंह ने बर्नबी सेंट्रल में अपनी सीट हारने और संघीय चुनाव में पार्टी के पतन के बाद अपने इस्तीफे की घोषणा की है। खालिस्तान के मुखर समर्थक सिंह अपने निर्वाचन क्षेत्र में तीसरे स्थान पर रहे, जो सीमा परिवर्तन से प्रभावित था। एनडीपी ने आवश्यक 12 सीटें जीतने में विफल रहने के बाद आधिकारिक पार्टी का दर्जा भी खो दिया। एनडीपी का नेतृत्व करना मेरे जीवन का सम्मान रहा है। मुझे पता है कि यह रात निराशाजनक है लेकिन मैं अपनी पार्टी के लिए आशान्वित हूं, सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की टैरिफ धमकियों और कनाडा की संप्रभुता पर हमलों से प्रभावित अभियान के बाद प्रधान मंत्री मार्क कार्नी और लिबरल्स को सत्ता बरकरार रखने का अनुमान है।जगमीत सिंह का जन्म 2 जनवरी, 1979 को स्कारबोरो, ओंटारियो में हुआ था। कनाडा की वामपंथी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) के नेता हैं और एक प्रमुख कनाडाई संघीय राजनीतिक दल का नेतृत्व करने वाले अल्पसंख्यक वर्ग के पहले व्यक्ति हैं। उनके माता-पिता बेहतर अवसरों की तलाश में पंजाब, भारत से कनाडा आ गए। राजनीति में प्रवेश करने से पहले, उन्होंने ग्रेटर टोरंटो क्षेत्र में एक वकील के रूप में काम किया। सिंह ने 2011 में ओंटारियो के लिए प्रांतीय संसद (एमपीपी) के सदस्य के रूप में सार्वजनिक कार्यालय में प्रवेश किया, 2017 तक सेवा की और ओंटारियो की विधायिका में पगड़ी पहनने वाले पहले सिख बन गए। अक्टूबर 2017 में एनडीपी के नेता बनकर राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि हासिल की। कनाडा के मौजूदा प्रधान मंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व वाली लिबरल पार्टी सत्ता में बनी रहेगी। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी की लिबरल पार्टी ने देश के संघीय चुनाव में जीत हासिल कर ली है। कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ने मतगणना के शुरुआती रुझान आने के बाद यह दावा किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की कनाडा के अमेरिका में विलय की धमकियों और व्यापार युद्ध ने लिबरल पार्टी की इस जीत में अहम भूमिका निभाई। देश के राष्ट्रीय सार्वजनिक प्रसारक 'कैनेडियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन' ने शुरुआती रुझानों के आधार पर अनुमान जताया कि लिबरल पार्टी संसद की 343 सीट में से कंजर्वेटिव पार्टी से ज्यादा सीट जीतेगी।

## 4 साल में चीन के अखरोट के कारण कश्मीर के ऑर्गेनिक अखरोट की बिक्री 85% से घटकर 30% हो गई है



- कश्मीरी ऑर्गेनिक अखरोट 700-800 रु. प्रति किग्रा है,चीनी अखरोट महज 350-400 रु. प्रति किग्रा
- कश्मीर में प्रोसेसिंग यूनिट्स की कमी है

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली**। चीन के सस्ते ,बड़े व साफ अखरोट के आगे कश्मीर के ऑर्गेनिक अखरोट की मांग व बिक्री कम हो गई है। जिसके कारण कश्मीरी ऑर्गेनिक अखरोट की देश-विदेश में मांग बीते 4 वर्ष में 85 % से 55 % घटकर मात्र 30 % रह गई है। चीनी अखरोट की सस्ती कीमत के अलावा प्रोसेसिंग यूनिट का अभाव व मार्केटिंग की कमजोर रणनीति इस गिरावट के प्रमुख कारण माने जा रहे हैं। वर्ष 2020 में कश्मीर से देश-विदेश में 1.70 लाख मीट्रिक टन (एमटी) अखरोट की बिक्री हुई थी। वर्ष 2024 में यह घटकर सिर्फ 30,000 मीट्रिक टन रह गई। बिक्री में इस गिरावट ने बागवानों व व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है। स्थानीय बाजारों में आज कश्मीरी ऑर्गेनिक अखरोट 700-800 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव से बिक रहा है। दूसरी ओर, चीनी अखरोट महज 350-400 रुपये प्रति किलो में उपलब्ध है। मूल्य में यह बड़ा अंतर चीनी उत्पाद के रासायनिक खादों से भरपूर उत्पादन व बड़े पैमाने पर होने वाले निर्यात का कारण है। व्यापारियों का कहना है कि इस चुनौती के अलावा कश्मीर में तूड़ान (कठोर छिलका हटाने) के बाद अखरोट की गुणवत्ता सुधारने के लिए पर्याप्त प्रोसेसिंग यूनिट्स की कमी भी एक बड़ी समस्या है। वैसे तो अखरोट की पैदावार बढ़ाने पर शोध चल रहा है। पर्वतीय किस्म को लॉन्च करने की तैयारी है। कृषि समग्र विकास योजना के तहत भी अखरोट को बढ़ावा दिया जा रहा है। बागवानों के लिए प्रोसेसिंग यूनिट सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराने की बात कही जा रही है। प्रोसेसिंग यूनिट के बाद जीआई टैगिंग पर काम होगा। लेकिन सरकार के इस दावे से तो कुछ होगा नहीं। होगा तभी जब सब काम हो जाए।इसके लिए केन्द्र सरकार को बहु त तेज़ी w से निम्न काम करने होंगे-

- **प्राथमिकता पर प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना।**
- **ऑर्गेनिक प्रमाणीकरण और जीआई टैगिंग।**
- **मार्केटिंग और ब्रांडिंग पर विशेष ध्यान।**

ग्रेडिंग व्यवस्था को मजबूत करना।

एक और परेशानी यह है कि 10 % अखरोट खाली निकल जाता है, जिससे इसकी लागत बढ़ जाती है। इसके अलावा, यह छोटे आकार में आता है। लोग चीन के अखरोट को ज्यादा इसलिए भी पसंद करते हैं कि क्योंकि उसका आकार कश्मीरी अखरोट की तुलना में बड़ा है, और गरी भी ज्यादा निकलती है। कश्मीरी अखरोट सख्त होता है। इस वजह से भी बाजार में इसकी मांग और बिक्री में लगातार गिरावट देखने को मिल रही है। कश्मीर में पैदा होने वाले अखरोट से तेल अधिक निकलता है। लेकिन, बेहतर प्रोसेसिंग के अभाव में इसका रंग सफेद नहीं हो पाता, जो बाजार में इसकी मांग की राह में बड़ा रोड़ा बन गया है। इस बारे में राज्य बागवानी विपणन विभाग के आंकड़े चौंकाने वाले हैं। वर्तमान में सिर्फ 15 % अखरोट ही विभाग के माध्यम से बेचा जाता है। सहायक निदेशक अश्वनी कुमार मानते हैं कि ग्रेडिंग व्यवस्था के अभाव व ऑर्गेनिक प्रमाणन के प्रचार की कमी ने स्थिति को बिगाड़ा है। हालांकि, कश्मीर के 70,000 हेक्टेयर में होने वाली दो लाख मीट्रिक टन सालाना पैदावार को बचाने के लिए बागवानी विभाग ने नई पहल शुरू की है। देखिए कब तक इसके नतीजे आते हैं।

## मंत्री के कबूलनामे से आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान की भूमिका उजागर

**संयुक्त राष्ट्र (आईएएनएस)**



भारत ने संयुक्त राष्ट्र में कहा कि पाकिस्तान की 'वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले दुष्ट देश' के रूप में भूमिका उसके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के कबूलनामे से उजागर हो गई और दुनिया इसे नजरअंदाज नहीं कर सकती।

भारत की उप स्थायी प्रतिनिधि योजना पटेल ने सोमवार को कहा कि 'पूरी दुनिया ने उन्हें आतंकवादी संगठनों को समर्थन, ट्रेनिंग और फंडिंग देने का पाकिस्तान का इतिहास स्वीकार करते सुना।' उन्होंने स्काई न्यूज के साथ आसिफ के हालिया साक्षात्कार का जिक्र करते हुए यह बात कही।

पटेल ने कहा, "इस खुले कबूलनामे से किसी को हैरान नहीं हुई और इससे पाकिस्तान एक 'दुष्ट देश' के रूप में उजागर हुआ जो वैश्विक आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है और क्षेत्र को अस्थिर कर रहा है। दुनिया अब और आंखें मूंदकर नहीं रह सकती। पटेल आतंकवाद पीड़ित संघ नेटवर्क (वीओटीएएन) के शुभारंभ के अवसर पर एक पाकिस्तानी राजनयिक की तरफ से भारत पर किए गए परोक्ष हमले का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा, "यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक विशेष प्रतिनिधिमंडल ने दुष्प्रचार करने और भारत के खिलाफ निराधार आरोप लगाने के लिए इस मंच का दुरुपयोग किया। पिछले हफ्ते स्काई न्यूज के एक साक्षात्कारकर्ता ने आसिफ से पूछा था कि क्या पाकिस्तान का आतंकवादी संगठनों को "समर्थन, ट्रेनिंग और फंडिंग" देने का लंबा इतिहास रहा है। उन्होंने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि ऐसा ही है। लेकिन उन्होंने इसका दोष पश्चिम पर डालने की कोशिश की। आसिफ ने साक्षात्कारकर्ता से कहा, "हम करीब तीन दशक से अमेरिका और ब्रिटेन समेत पश्चिमी देशों के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं... यह एक गलती थी और हमें इसकी कीमत चुकानी पड़ी, इसीलिए आप मुझसे यह कह रही हैं। अगर हम सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में और 9/11 के बाद की जंग में शामिल नहीं होते, तो पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग होता।

पीएम मोदी ने चुनाव में जीत पर कार्नी को दी बधाई, कहा

## भारत और कनाडा के बीच संबंधों की मजबूती में लोकतांत्रिक मूल्य अहम

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कनाडा के पीएम मार्क कार्नी को आम चुनाव में सफलता पर बधाई दी। कार्नी के नेतृत्व में लिबरल पार्टी चौथी बार सत्ता में वापसी करने में सफल रही। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर मार्क कार्नी को टैग करते हुए लिखा, "भारत और कनाडा साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, कानून के शासन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता और लोगों के बीच जीवंत संबंधों से बंधे हैं। मैं हमारी साझेदारी को मजबूत करने और हमारे लोगों के लिए अधिक अवसरों के द्वार खोलने के लिए आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। कार्नी के पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो के कार्यकाल में ओटावा के साथ नई दिल्ली के संबंध बेहद तनावपूर्ण बने रहे। उन्होंने बार-बार भारत के खिलाफ 'बेतुके बयान' दिए और खालिस्तानियों के साथ सहानुभूति व्यक्त की। प्रमुख अर्थशास्त्री और बैंक ऑफ कनाडा के पूर्व गवर्नर कार्नी, ने अपने चुनाव अभियान के दौरान भारत के साथ तनावपूर्ण संबंधों के 'पुनर्निर्माण' का वादा किया है।

कार्नी ने कैलगरी में एक बातचीत के दौरान कहा था, "कनाडा समान विचारधारा वाले देशों के साथ अपने व्यापारिक संबंधों में विविधता लाना चाहता है, और भारत के साथ संबंधों को फिर से बनाने के अवसर मौजूद हैं। पिछले सप्ताह उन्होंने दोबारा संकेत दिया कि कनाडा भारत के साथ संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए उत्सुक है। उन्होंने कहा, "कनाडा-भारत संबंध, कई स्तरों पर एक अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण रिश्ता है। इस समय, जब विश्व अर्थव्यवस्था ही नहीं बल्कि वैश्विक प्रणाली भी हिल गई है, इसका स्वरूप बदल रहा है, कनाडा जैसे देश, भारत जैसे देश, विशेष रूप से एक खुली, साझा अर्थव्यवस्था, साझा विचार, साझा संबंध बनाने में एक बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।"प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के नेतृत्व में लिबरल पार्टी की जीत कई मायनों में हैरान करने वाली है। कनाडा के खिलाफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का आक्रामक रुख पार्टी की जीत में बड़ा फैक्टर माना जा रहा है। वर्ष की शुरुआत में लिबरल पार्टी अपमानजनक हार की ओर बढ़ती दिख रही थी लेकिन ट्रंप ने कनाडा के खिलाफ टैरिफ युद्ध छेड़कर और देश को अमेरिका में मिलाने की धमकी देकर सारा खेल पलट दिया। ट्रंप के खिलाफ विद्रोह और राष्ट्रवाद की भावनाओं के जगने के साथ ही पार्टी के लिए समर्थन बढ़ गया।

## मोहन भागवत ने पीएम आवास जाकर मोदी से की मुलाकात

### पहलगाम आतंकी हमला व पाकिस्तान से टकराव के हालात पर की बात

**ब्यूरो**




**नई दिल्ली**। पहली बार कोई संघ प्रमुख प्रधानमंत्री आवास पर प्रधान मंत्री से मिलने पहुँचा । संघ प्रमुख मोहन भागवत ने प्रधानमंत्री आवास जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुद्दा ही ऐसा है। मामला पहलगाम में आतंकी हमले के बाद बनी स्थिति का है। भारत - पाकिस्तान में तनाव बढ़ गया है। पाकिस्तान को चीन व तुर्की से हथियार , मिसाइल मिलने लगे हैं। इस सबके बाबत आज पीएम ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह , रक्षा सलाहकार डोभाल व तीनों सेनाओं के प्रमुखों के साथ बैठक की। उस बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आवास पर मिलने संघ प्रमुख मोहन भागवत पहुँचे। चर्चा है कि पीएम के आग्रह पर संघ प्रमुख उनसे मिलने उनके आवास पर गये। क्योंकि जो हालात हैं उसमें यदि पीएम मोदी संघ प्रमुख से मिलने दिल्ली संघ कार्यालय में जाते तो वह अलग मुद्दा बन जाता । इसके अलावा रणनीतिक विचार विमर्श की सेक्रेसी का भी मामला बनता। सो यही तय हुआ कि संघ प्रमुख ही पीएम आवास आ जाएँ तो अच्छा रहेगा। कहा जाता है कि पाकिस्तान से युद्ध करना ही अंतिम रास्ता बनता जा रहा है। इन हालात में देश के सबसे बड़े संगठन और भाजपा की जननी राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ से हर तरह से सहयोग की ज़रूरत प्रधानमंत्री व उनकी सरकार को है। इसके लिए संघ प्रमुख मोहन भागवत से राय बात करना , सहयोग की मांग करना मोदी के लिए ज़रूरी है। वैसे भी युद्ध की स्थिति में संघ तो सरकार का हर तरह से साथ देगा ही , अन्य राजनीतिक दल व तमाम संगठन भी साथ देने का वादा कर चुके हैं। लेकिन पहलगाम में जिस तरह से सुरक्षा में चूक हुई है , उसका विपक्ष बीच -बीच में संकेत करते हुए गृह मंत्री व सरकार को कटघरे में भी खड़ा कर रहा है। इधर नये भाजपा प्रमुख की नियुक्ति भी खिंचती चली जा रही है। संभव है वर्तमान हालात में इसको और टालने की भी बात हुई हो।लेकिन मुख्य मुद्दा तो पहलगाम हमला व पाकिस्तान ही है।




## 'पासपोर्ट मिल गया', सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलते ही रणवीर इलाहाबादिया ने विदेश के लिए भरी उड़ान



सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2025 में कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' पर की गई अश्लील टिप्पणियों पर नाराजगी के बाद इलाहाबादिया का पासपोर्ट जब्त कर लिया था। यूट्यूबर और पॉडकास्टर रणवीर अल्लाहबादिया ने इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद के बीच सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनका पासपोर्ट लौटाने का निर्देश दिए जाने के बाद पहली फ्लाइट पकड़ी। बीयरबाइसेप्स के नाम से मशहूर पॉडकास्टर ने विवाद के बाद अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर रवाना होते समय अपने सामान के साथ मुंबई एयरपोर्ट से एक फोटो शेयर की।

कहानी फिल्म जगत की

सुप्रीम कोर्ट ने फरवरी 2025 में कॉमेडियन समय रैना के यूट्यूब शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट' पर की गई अश्लील टिप्पणियों पर नाराजगी के बाद इलाहाबादिया का पासपोर्ट जब्त कर लिया था। सोमवार को असम और महाराष्ट्र के कानूनी वकील ने कोर्ट को बताया कि जांच पूरी हो गई है, जिसके बाद उनका पासपोर्ट लौटा दिया गया और उन्हें अंतरराष्ट्रीय यात्रा के लिए मंजूरी दे दी गई। हालांकि, बेंच ने इलाहाबादिया को निर्देश दिया कि चार्जशीट दाखिल होने तक वह अधिकारियों के साथ सहयोग करते रहें। फरवरी 2025 में, कोर्ट ने अल्लाहबादिया को अपना पासपोर्ट सरेंडर करने का आदेश दिया, जिससे उनकी अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधित हो गई। पॉडकास्टर समय रैना के इंडियाज गॉट लेटेंट शो में माता-पिता की अंतरंगता के बारे में अपनी अश्लील टिप्पणियों के कारण विवादों में घिर गए थे। सोमवार को असम और महाराष्ट्र के वकील ने न्यायालय को सूचित किया कि जांच पूरी हो गई है, जिसके बाद उन्होंने अल्लाहबादिया का पासपोर्ट लौटा दिया।